■ वर्ष-23 ■ अंक-225
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल

■ मंगलवार ■ 17 मार्च 2026

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत्-2082

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक

# समय जगत




भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in



## डॉ. यादव ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

### किसान कल्याण वर्ष की गतिविधियों से कराया अवगत, पीएम ने दिया आशीर्वाद

**समय जगत, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएम डॉ. यादव ने पीएम मोदी को प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राज्य में किसानों के हित में किए जा रहे प्रयासों और प्रदेश की प्रगति से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि किसान कल्याण वर्ष के तहत कृषि विकास, किसानों की आय वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रदेश में कई पहलें की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के बताए मार्ग के अनुसार चारों श्रेणियों, किसान-महिला-गरीब-युवा के लिए काम कर रही है। हम किसान कल्याण वर्ष को बहुत अच्छे से मना रहे हैं। करीब 16 विभागों, पशुपालन, मछली पालन, बागवानी, कृषि जैसे सभी विभागों को जोड़कर अच्छा काम कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे काम को आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया है और इसके नतीजे भी भविष्य में अच्छे होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है और मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य के समन्वय से प्रदेश में निवेश, रोजगार और किसान कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल होंगी। गौरतलब है कि नई दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संसद भवन का भ्रमण भी किया और विभिन्न सांसदों से मुलाकात कर मध्यप्रदेश के विकास, केंद्र-राज्य समन्वय और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में विकास कार्यों को और गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा किसान कल्याण वर्ष के माध्यम से कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## जल है तो कल है का नहीं है कोई विकल्प, बूंद बूंद बचाने के करेंगे हर संभव प्रयास : मुख्यमंत्री

### प्रदेश में 19 से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। इसे बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हम हर गांव, हर शहर और हर नागरिक को जल संरक्षण के कार्यों से जोड़ना चाहते हैं। समाज और सरकार जब साथ मिलकर काम करेंगे, तो मध्यप्रदेश समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, इससे मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक मॉडल स्टेट बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत् चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया।

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़ियां सिर्फ़ जल के स्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### जनभागीदारी है अभियान की सबसे बड़ी शक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में भी करने के उपाय करे। जल स्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। इस अभियान से भू-जल स्तर में सुधार, किसानों को सिंचाई के लिए और अधिक पानी, जल अभाव/अल्प वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों को राहत, पर्यावरण-संरक्षण को बल और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

हादसा

### आईसीयू में भर्ती 10 मरीजों की जलकर हुई मौत

## ओडिशा के हॉस्पिटल में लगी भयानक आग

**कटक।** ओडिशा के कटक स्थित प्रतिष्ठित एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सोमवार तड़के एक हृदयविदारक हादसा हो गया। अस्पताल के मेडिसिन विभाग की इमारत में स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में अचानक भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से अब तक कम से कम 10 मरीजों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह दर्दनाक घटना सुबह करीब 3 बजे घटित हुई, जब ट्रॉमा केयर यूनिट की पहली मंजिल पर स्थित वार्ड में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते चंद मिनटों के भीतर पूरे वार्ड में दमघोंटू काला धुआं भर गया। हादसे के वक्त वार्ड में कई गंभीर मरीज भर्ती थे, जो जीवन रक्षक प्रणालियों (लाइफ सपोर्ट सिस्टम) पर निर्भर थे। आग की सूचना मिलते ही अस्पताल के कर्मचारियों और दमकल विभाग ने तुरंत मोर्चा संभाला और बचाव कार्य शुरू किया। हालांकि, वार्ड में धुएं का गुबार इतना घना था कि नाजुक हालत वाले कई मरीज इसकी चपेट में आ गए। दमकल की तीन गाड़ियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत और बचाव कार्य के दौरान दर्जनों मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर तुरंत न्यू मेडिसिन आईसीयू में स्थानांतरित किया गया ताकि उनका उपचार बाधित न हो। इस आपदा की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री मोहन माझी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उनके साथ स्वास्थ्य सचिव, कटक जिला कलेक्टर और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भी राहत कार्यों की निगरानी के लिए मौजूद रहे। हादसे के कारणों की प्रारंभिक जांच में यह अंदेशा जताया जा रहा है कि आईसीयू के एयर कंडीशनिंग सिस्टम या किसी अन्य मेडिकल उपकरण में हुए इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़की होगी। राज्य सरकार ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के सख्त आदेश दिए हैं। जांच समिति यह पता लगाएगी कि क्या अस्पताल परिसर में फायर सेफ्टी प्रोटोकॉल का सही ढंग से पालन किया जा रहा था या इस भीषण त्रासदी के पीछे प्रबंधन की कोई बड़ी लापरवाही रही है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बताया कि हादसे के समय उस वार्ड में कुल 23 मरीज उपचाराधीन थे।




**पीड़ित परिवार को 25 लाख के मुआवजे की घोषणा**

मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और प्रत्येक पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। बचाव अभियान शुरू होने से पहले ही वार्ड के भीतर 7 मरीजों ने दम तोड़ दिया था, जबकि 3 अन्य मरीजों की मौत रेस्क्यू किए जाने के बाद गंभीर चोटों और धुएं के कारण हुई। इस तरह अब तक कुल 10 लोगों की जान जा चुकी है। इसके अलावा, पांच मरीजों और अस्पताल के दो कर्मचारियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज जारी है।

## चाबहार सैन्य ठिकाने पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने किया हमला

### भारत के लिये महत्वपूर्ण है यह इलाका

**नई दिल्ली।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के पास चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र स्थित है। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने इस बंदरगाह पर हमला किया है। अमेरिकी प्रसारक वॉयस ऑफ अमेरिका की फारसी सेवा के मुताबिक, अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास एक पहाड़ पर स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। इस क्षेत्र के पीछे के इलाके में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। अमेरिका का यह हमला ईरानी हमलों का जवाब और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की नाकाबंदी के जवाब में माना जा रहा है। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र मध्य एशिया को हिंद महासागर से जोड़ता है।

1992 में दक्षिण-पूर्वी ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा से सटे चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र की स्थापना की गई थी। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र, ओमान की खाड़ी के किनारे स्थित है, जिससे ईरान को हिंद महासागर तक आने के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते की जरूरत नहीं पड़ती। भारत ने चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए अरबों डॉलर का निवेश किया । इन उद्योगों में



एल्युमिनियम स्मेल्टर से लेकर यूरिया संयंत्र तक शामिल हैं। चाबहार का अर्थ है चार झरने । यह बंदरगाह क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे के विकास का एक प्रमुख केंद्र है। चाबहार बंदरगाह भारत को अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक आसान पहुंच प्रदान करता है।

यह बंदरगाह क्षेत्र व्यापारिक साझेदारों को 20 वर्षों तक कर में छूट, मुद्रा विनिमय की स्वतंत्रता और विदेशी निवेश के अवसर प्रदान करता है। भारत ने 2024 में ईरान के साथ 10 साल का एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया, जिसके तहत सरकारी कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड ने चाबहार में 370 मिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया। यह वादा इस बात पर जोर देता है कि इस पोर्ट को लेकर नई दिल्ली की योजनाएं लंबे समय के लिए हैं।

## कांग्रेस विधायकों को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग के लिए 5-5 करोड़ का मिला ऑफर

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम ने दी जानकारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में राज्यसभा चुनाव से पहले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया है कि ओडिशा कांग्रेस के विधायकों को क्रॉस-वोटिंग के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। शिवकुमार ने कहा है कि ओडिशा के चार लोग बेंगलुरु के पास बिदादी स्थित एक रिसॉर्ट पहुंचे थे, जहां ओडिशा कांग्रेस के विधायक ठहरे हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डी के शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और तुरंत पार्टी नेतृत्व को इसकी जानकारी दी।

उनके मुताबिक चार लोगों में से दो मौके से भाग गए, जबकि दो को पकड़ लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि आरोपियों के पास से ब्लैंक चेक भी मिले हैं, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका

शिवकुमार ने इसे बीजेपी का ऑपरेशन लोटस बताते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के विधायकों को तोड़ने की कोशिश की जा रही है। वहीं इस मामले में ओडिशा कांग्रेस विधायक दल के डिप्टी लीडर अशोक कुमार दास ने भी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि चार अज्ञात लोगों ने कुछ विधायकों से संपर्क कर उन्हें राज्यसभा चुनाव में एक उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग करने के लिए करोड़ों रुपए का ऑफर दिया। दास ने यह भी आरोप लगाया कि जब विधायकों ने ऑफर ठुकरा दिया तो उन्हें ओडिशा लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

ओडिशा के आठ कांग्रेस विधायक 12 मार्च से बेंगलुरु के एक रिसॉर्ट में ठहरे हुए थे। राज्यसभा चुनाव से पहले हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका के चलते उन्हें यहां लाया गया था। उल्लेखनीय है कि ओडिशा की 4 सीटों पर राज्यसभा चुनाव सोमवार को हुए हैं, जिसमें बीजेपी और और बीजेडी द्वारा अपने- अपने उम्मीदवारों की जीत के लिये विशेष रणनीति के तहत प्रयास किये गये। पार्टी विधायकों को व्हिप जारी करने के साथ ही पार्टियों के शीर्ष रणनीतिकार सक्रिय रहे।

## यूपी-बिहार समेत 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट किया गया जारी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कई दिनों से तेज गर्मी से लोग परेशान थे, लेकिन बीते एक-दो दिनों में मौसम का रुख बदला है। दिल्ली एनसीआर, बिहार और उत्तर प्रदेश समेत 18 राज्यों में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश की आशंका जताई है। पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तराखंड में कई जगहों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, बिहार, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में बिजली की चमक के साथ आंधी-तूफान आ सकता है। इन राज्यों के कई शहर और गांव में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी आ सकती है। बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित 18 राज्यों में आंधी-तूफान और भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि की आशंका भी है। दिल्ली में रविवार की सुबह हल्की बारिश होने से मौसम का मिजाज़ बदल गया। दिल्ली में मार्च में ही मई-जून जैसी गर्मी पड़नी शुरू हो गई थी, लेकिन बारिश के होने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है।



केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने की खातेगांव के विकास कार्यों एवं केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन ही सरकार की है सर्वोच्च प्राथमिकता : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह



**राकेश अजमेरा- समय जगत खातेगांव।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में खातेगांव में दिशा समिति की बैठक आयोजित हुई। दिशा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसदीय क्षेत्र विदिशा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खातेगांव के विकास कार्यों एवं केन्द्रीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भैरूलाल अटारिया देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती ज्योति शर्मा, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण( वीबी-जी रामजी), स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम ग्रामीण 1.0 और 2.0, एनएचआई, जल जीवन मिशन, जल संसाधन, उर्जा, नगरीय प्रशासन, पशु पालन, लोक निमार्ण विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और पूर्व में सासंद निधि से स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन करें, ताकि आमजन तक उनका लाभ पहुंचाया जा सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा संज्ञान में लाये गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा विभागीय प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सरकार का उद्देश्य हर गरीब व्यक्ति को स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। आवास योजना के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे इस बात का विशेष ध्यान रखे। जिन व्यक्तियों के नाम छूट गए हैं, उनका पुनः सत्यापन कर लिया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जाए, ताकि वे अपने स्वरोजगार को बढ़ाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि इस योजना का क्रियान्यवन बहुत ही अच्छे ढंग से किया गया है। जिसके लिए मैं बधाई देता हूं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवास जिले में नवाचार कर बनाई गई देवास बाल वाटिका की भी सराहना की।

# प्राइवेट स्कूल संचालकों का होली मिलन समारोह पिनेकल स्कूल में हुआ संपन्न



**समय जगत, हरदा।** सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन पिनेकल स्कूल हरदा में किया गया। कार्यक्रम में हरदा, खिड़किया, टिमरनी, सिराली, रहटगांव, हंडिया और चारुवा क्षेत्र के निजी विद्यालयों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्ज्वलन संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष नवीन पांडे, महासचिव नितिन नेगी तथा गिरीश सिंहल ने किया। इसके बाद उपस्थित संचालकों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए संगठन की एकता और मजबूती पर चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए संचालकों ने अपने विचार रखे। खिरकिया से जय सिंह राजपूत और बृजेश राज्यवैद्य,टिमरनी से अंकुश अग्रवाल और शैलेंद्र राजपूत, सिराली से सचिन अग्रवाल तथा हरदा से नरेंद्र सिंह तोमर,संकल्प जैन सहित अन्य साथियों ने निजी विद्यालयों की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष नवीन पांडे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत ने संगठन की आवश्यकता और उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संगठन का विस्तार जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक हुआ है और कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि फीस से संबंधित नियमों में संशोधन करवाने के लिए संगठन ने विधानसभा स्तर तक प्रयास किए,जिसके परिणामस्वरूप पच्चीस हजार तक की फीस वाले स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर फीस दर्ज कराने से छूट देने का संशोधन राजपत्र में विधानसभा के पटल पर कराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन शीघ्र ही सरकार के साथ बैठक कर आरटीई के अंतर्गत मिलने वाली फीस में वृद्धि की मांग करेगा। वर्तमान में आरटीई के तहत प्रति विद्यार्थी लगभग पांच से छह हजार रुपये मिलते हैं,जिसे अन्य राज्यों की तरह लगभग पच्चीस हजार रुपये तक किए जाने की मांग संगठन करेगा।दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि जहां एक ओर शासन द्वारा सरकारी विद्यालयों में प्रति विद्यार्थी शिक्षा पर लगभग चालीस से पचास हजार रुपये तक खर्च किया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जैव विविधता संरक्षण और संवर्धन के लिए गढ़ौत में हुआ बीज महोत्सव



**उचेहरा।** जनपद के परसमनियां पठार के गढ़ौत में देशी बीजों के संरक्षण के लिए बीज महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें पठारी अंचल सहित मैहर जिले के भी जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित हुए।जहां 25 प्रकार के देशी परंपरागत गेहूं के ताजे बालियां,55 प्रकार के धान के बीज , सब्जी, अरहर,चना,मटर सहित सैकड़ों प्रजातियों के बीजों को प्रदर्शित किया गया एवं जैव विविधता संरक्षण पर चर्चा की गई।जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, प्रबंधक राम निहोर मौजूद रहे।संचालन प्रसून सिंह ने किया, मानव अधिकार रक्षक सुरेन्द्र दहिया ने कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए आगामी प्लान पर चर्चा की, आयोजन में उपस्थित सभी साथियों ने अपनी अपनी बात रखीं।कार्यक्रम में आभार अशोक सिंह ने व्यक्त किया।

### अनुज ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफोर्निया बर्केले से मास्टर ऑफ़ फाइनेंशियल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त कर प्रदेश को किया गौरवान्वित



**समय जगत,हरदा।** नगर के प्रतिष्ठित परिवार एवं समाजसेवी राजकुमार बाफना के भांजे अनुज ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ कैलिफोर्निया बर्केले से मास्टर ऑफ़ फाइनेंशियल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त कर परिवार को गौरवान्वित किया है।हालांकि अनुज विगत पांच बरसों से लगातार अंतराष्ट्रीय स्तर पर फर्स्ट रैंक प्राप्त कर अपने माता- पिता गुरु, और देश का नमा रोशन कर रहे हैं। आयोजित समारोह में अनुज स्नातक वक्ता रहे और अद्भुत भाषण दिया।अनुज को यूनिवर्सिटी द्वारा पुरस्कार भी दिया गया।यह सम्मान सबसे जिज्ञासु छात्र जिसने बिज़नेस विभाग की प्रतिष्ठा को विश्व में बढ़ाया हो उसे दिया जाता है।अनुज को प्रधानमंत्री अवार्ड से भी नवाजा गया है।समाजसेवी राजकुमार बाफना के भांजे अनुज की इस उपलब्धि पर बाफना परिवार एवं इष्ट मित्रों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

### महिला आर्मी वूमेन वेलफेयर ग्रुप की बैठक की गई आयोजित

**समय जगत,हरदा।** आर्मी वूमेन वेलफेयर ग्रुप की महिलाओं द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें ग्रुप की सभी महिलाएं एकत्रित हुईं और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान नेहा शर्मा एवं कमला सोनी ने महिलाओं से संबंधित प्रेरणादायक कविताएं प्रस्तुत कीं और महिलाओं की भूमिका,सम्मान और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार साझा किए।इस अवसर पर सभी महिलाओं ने मिलकर महिला दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।बैठक में नेहा शर्मा,कमला सोनी, फरजाना शेख,मनीषा कौशिक, स्मिता गुर्जर,सरोज,संगीता सोलंकी,रजनी मनकर एवं पूर्णिमा दोगने उपस्थित रहीं।

मंडला फोर्ट से रेल विकास को लेकर सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से प्रतिनिधिमंडल की चर्चा, रखीं कई महत्वपूर्ण मांगें

# नागपुर के लिए रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर, पंचवेली एक्सप्रेस को मंडला से चलाने और यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग



**समय जगत, मंडला।** राष्ट्रीय रेल संघर्ष समिति मंडला के प्रतिनिधिमंडल ने मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से उनके संसद कार्यालय में सौजन्य भेंट कर मंडला क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से ट्रेनों के संचालन, यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा क्षेत्र के समग्र रेल विकास से संबंधित कई मांगें सांसद महोदय के समक्ष रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले मंडला फोर्ट से नागपुर के लिए रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की मांग की। समिति का कहना था कि मंडला, नैनपुर, सिवनी और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री नागपुर आते-जाते हैं। ऐसे में यदि मंडला फोर्ट से नागपुर के लिए रात्रिकालीन फास्ट पैसेंजर ट्रेन शुरू होती है तो यात्रियों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों को काफी सुविधा मिलेगी। इसके अलावा समिति ने प्रस्ताव रखा कि वर्तमान में संचालित पंचवेली एक्सप्रेस को मंडला फोर्ट से प्रारंभ किया जाए। इससे मंडला क्षेत्र को सीधे नागपुर तथा मध्य भारत के अन्य प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिल सकेगा। बैठक में यह मांग भी उठाई गई कि प्रशासनिक दृष्टि से मंडला क्षेत्र को जबलपुर स्थित पश्चिम मध्य रेलवे में शामिल किया जाए। समिति का मानना है कि इससे क्षेत्र में रेल विकास कार्यो को गति मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता भी बताई। उन्होंने प्लेटफॉर्म सुविधाएं, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग रखी। समिति ने यह भी बताया कि मंडला जिला पर्यटन, आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक संपदा के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए यहां से जबलपुर, नागपुर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू किए जाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मंडला क्षेत्र के रेल विकास के लिए वे रेलवे मंत्रालय से चर्चा कर शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडला क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# थिंक गैस ने राजगढ़ में सीएनजी और पीएनजी की निरंतर उपलब्धता का दिया आश्वासन




**समय जगत, राजगढ़।** भारत की अग्रणी सिटी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों में से एक थिंक गैस ने अपने ग्राहकों को आश्वस्त किया है कि क्षेत्र में संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। कंपनी ने बताया कि फिलहाल कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और उसके वितरण नेटवर्क में सामान्य संचालन जारी है। वैश्विश्वक ऊर्जा बाजार में हालिया अस्थिरता को लेकर उठी चिंताओं के संदर्भ में कंपनी ने स्पष्ट किया कि उसके परिचालन क्षेत्रों में गैस आपूर्ति में किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं है। घरेलू ग्राहकों, आवश्यक सेवाओं और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और पीएनजी सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं।

विकसित हो रही वैश्विक ऊर्जा स्थिति पर टिप्पणी करते हुए, थिंक गैस के मुख्य विपणन एवं वाणिज्यिक अधिकारी, विनुकुमार बालकृष्णन ने कहा, भारत सरकार द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों को लागू करना और प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश, 2026 जारी करना मध्य पूर्व में युद्ध जैसी स्थिति के कारण कुछ आपूर्तिकर्ताओं द्वारा फोर्स मेज्योर घोषित किए जाने तथा होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से एलएनजी शिपमेंट में आई बाधाओं के बीच प्राकृतिक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक सक्रिय कदम है। थिंक गैस में हमारी तत्काल प्राथमिकता सरकार के प्राथमिकता आवंटन ढाँचे के अनुरूप घरेलू खाना पकाने की आवश्यकताओं (पीएनजी) और परिवहन क्षेत्र (सीएनजी) के लिए आवश्यक सेवाओं के उपभोक्ताओं को हमारे सभी भौगोलिक क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

# कमर्शियल गैस गायब, चाय दुकानों पर फिर दिखे लकड़ी के चूल्हे




**मंडला।** जिले में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी के कारण चाय-नाश्ते के छोटे दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ठेले और छोटी दुकानों पर गैस उपलब्ध न होने के कारण अब फिर से पारंपरिक चूल्हे और सिगड़ी का सहारा लिया जा रहा है। जिला पंचायत मंडला के सामने स्थित एक चाय दुकान पर ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जो करीब दो दशक पहले आम हुआ करता था। दुकान पर लकड़ी के चूल्हे और सिगड़ी पर चाय और दूध उबाला जा रहा था। दुकान संचालक ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि उनकी दुकान करीब 35 वर्षों से संचालित हो रही है। शुरुआत में मिट्टी तेल के स्टोव से काम चलता था, बाद में गैस सिलेंडर मिलने लगे तो काम आसान हो गया, लेकिन वर्तमान स्थिति में फिर से लकड़ी के चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर के लिए आवेदन देने पर गैस विक्रेता द्वारा कहा गया कि जब तक युद्ध की स्थिति बनी रहेगी तब तक कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए जा सकेंगे। ऐसे में छोटे दुकानदारों के सामने रोज़गार चलाना मुश्किल हो गया है। चाय और नाश्ते के ठेले संचालकों का कहना है कि सरकार फुटपाथ वेंडरों और छोटे व्यापारियों के लिए बेहतर सुविधाओं की बात करती है, लेकिन मौजूदा हालात में उन्हें एक कमर्शियल सिलेंडर तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

# नकली इनकम टैक्स का छापा मारकर लूटे 1.35 करोड़ , 48 घंटे में किया गया गिरोह का पर्दाफाश




**समय जगत, धार।** थाना बाग क्षेत्र में नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर की गई लूट का धार पुलिस ने महज 48 घंटे में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 6 आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। विगत दिनों बाग निवासी राजकुमार मालवीय के घर बदमाश नकली इनकम टैक्स अधिकारी बनकर पहुंचे और परिवार को बंधक बनाकर घर से सोने के आभूषण और नगदी लूटकर फरार हो गए थे। मामले की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर ग्रामीण अनुराग और पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज, साइबर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच में सामने आया कि देवास निवासी नरसिंह बघेल और उसके साथियों ने स्थानीय लोगों की मदद से व्यवसायियों की जानकारी जुटाकर नकली इनकम टैक्स और सीबीआई टीम बनाकर इस लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में आबिद, अय्यूब शाह, दिनेश, दिलीप अहिरवार, शहजाद, रमेश मोरी, राजा उर्फ अब्दुल गफ्फार और नरसिंह बघेल को गिरफ्तार किया है। वहीं इकबाल, तन्मय उर्फ साहिल, मुरलीधर उर्फ आकाश, रंजीत, संजीव उर्फ पंडित और अब्दुल निसार अभी फरार हैं। आरोपियों से करीब 95 लाख रुपये के सोने के आभूषण, 57 हजार रुपये नगद और वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो व अर्टिगा वाहन बरामद किए गए हैं।

# माहेश्वरी समाज महिला मंडल ने की गौरा- पार्वती की पूजा





**समय जगत, सारंगपुर।** माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा गणगौर के पूर्व गौरा पार्वती की पूजा कर दूल्हा -दुल्हन को सजा कर ढोल ढमाकों के साथ नाचते गाते हुए शोभा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें ए. बी. रोड पर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव के श्रृंगार के साथ पूजा अर्चना कर जल चढ़ाया गया। परम्परा अनुसार राठी जिनिंग में गौरा पार्वती को जल पिलाकर गीत गाये। पतियों की लम्बी उम्र की कामना की व दोहे बोले गये। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज की वरिष्ठ महिलाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें लीला देवी सादानी कृष्णा छापरवल, रूपल सादानी अध्यक्ष माहेश्वरी महिला मण्डल, संतोष चौखड़ा, मनोरमा राठी, कुमुद बियानी, मुक्ता राठी मंजू चोखड़ा, प्रेमा चोखड़ा सुनीता माहेश्वरी , नेहा सादानी , बिंदिया गगरानी, रेखा चांडक, ज्योती काकानी, सीमा बियानी, ज्योति चोखड़ा, अनुकृति राठी, राधिका राठी, भावना छापरवाल , ममता छापरवाल ,मोनिका चोखड़ा पूर्वी महेश्वरी, रानू काकानी,अवनी काकानी,चारु गगरानी दिव्या गगरानी आदि सदस्य उपस्थित थीं।

### जनपद प्रतिनिधि रमेश पटेल , वरिष्ठ समाज सेवी डोंगर सिंह को किया सम्मानित



**समय जगत,मनावर ।** प्रेस क्लब बाकानेर,परख साहित्य मंच,कौमी एकता कमेटी,अखिल निमाड़ लोक परिषद,प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के संयुक्त आयोजन में मनावर तहसील के जनपद पंचायत उमरबन के ग्राम कुवाड़ जनपद प्रतिनिधि रमेश पटेल,सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ समाज सेवी डोंगर सिंह पटेल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रमजान पर्व, होली पर्व , गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में प्रतीक चिन्ह, शाल-श्री फल पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी । विश्वजीत सेन,सैयद रिजवान अली, प्रेम सिंह पटेल,फूल सिंह पटेल सीताराम पटेल काजी जुल्फिकार अली ,अर्जुन सिंह पटेल मौजूद रहे।

# स्मृतिशेषः वसुधा के तीनों जन नायकों ने स्थापित की मिसाल



**सतना।** ग्राम वसुधा केवल एक ग्राम पंचायत नहीं रही, बल्कि यह वह धरती रही है जहां जनसेवा की भावना को लेकर कई जमीनी नेताओं ने अपनी राजनीति की पहली पारी की शुरुआत की और आगे चलकर तहसील, जिला और प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बनाई है। ग्राम के आशीष बागरी के अनुसार इस पंचायत में तीन ऐसे नायाब जननेता रहे, जिन्होंने गांव की मिट्टी से उठकर प्रदेश स्तर तक जनसेवा का मार्ग चुन अपने नगर का गौरव बढ़ाया। इनमें स्व. जुगल किशोर बागरी (पूर्व मंत्री एवं विधायक), गया प्रसाद बागरी (पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं मंडी अध्यक्ष नागौद) और अभी हाल ही जिनकी अंतिम यात्रा हुई, ऐसे जननायक यादवेंद्र सिंह ( वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व विधायक नागौद) हैं। इन तीनों शख्शियतों की एक विशेषता यह रही कि इन्होंने राजनीति को केवल पद या प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं माना, बल्कि इसे समाज और आमजन की सेवा का माध्यम बनाया। ग्राम पंचायत से शुरू हुई उनकी जनसेवा की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रही और उन्होंने अपने कार्य, व्यवहार और संघर्ष से जनता के बीच विश्वास अर्जित किया। गांव-गांव में लोगों की समस्याओं को सुनना, जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना यह उनकी पहचान रही। इसी कारण उन्हें केवल नेता नहीं, बल्कि जन नेता और क्षेत्र के एक मार्गदर्शक और संरक्षक के रूप में देखा जाता रहा। आज जब ये तीनों हमारे बीच नहीं रहे,यह हमारे गांव वसुधा और आसपास क्षेत्र के लिए ऐसा है जैसे किसी परिवार ने अपना मुखिया खो दिया हो। उनका अनुभव, मार्गदर्शन और स्नेह आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवित है और आने वाली पीढ़ियों को जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। इन तीनों महान जनसेवकों का जीवन यह संदेश देता है कि सच्ची राजनीति वही है, जो अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के विकास में अपना योगदान दें।

# स्कूलों के आसपास नशे की बिक्री पर रोक, कई स्थानों से हटाए गए ठेला–गुमटी

## अतिक्रमण के खिलाफ निगम का सख्त अभियान

**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण को समाप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार 16 मार्च को नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए लोगों को सख्त चेतावनी भी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर चालानी कार्रवाई के साथ-साथ सामग्री जब्त की जाएगी। नगर निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करना और स्कूल-कॉलेजों के आसपास साफ-सुथरा व सुरक्षित वातावरण बनाए रखना है। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां भी सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा किया गया है या सड़क किनारे अतिक्रमण से यातायात बाधित हो रहा है, वहां तुरंत कार्रवाई की जाए। नगर निगम की टीम ने सबसे पहले मार्तण्ड स्कूल क्रमांक 1 के आसपास कार्रवाई की। यहां स्कूल के बगल में अवैध रूप से गुमटी रखकर पान और गुटखा बेचा जा रहा था। निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर उक्त गुमटी को हटाने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने गुमटी संचालक को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्कूल परिसर के आसपास किसी भी प्रकार की नशे की सामग्री की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे स्थानों पर पान, गुटखा, तंबाकू अथवा अन्य नशीली वस्तुओं की बिक्री से छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में स्कूल के आसपास नशे की सामग्री बेचते हुए कोई भी व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ न केवल चालानी कार्रवाई की जाएगी बल्कि गुमटी या सामग्री भी जब्त कर ली जाएगी। नगर निगम की इस कार्रवाई से आसपास के लोगों में जागरूकता भी देखी गई और स्थानीय नागरिकों ने स्कूल क्षेत्र को नशामुक्त रखने की पहल का स्वागत किया। इसके बाद नगर निगम की अतिक्रमण टीम ने वार्ड क्रमांक 4 के खैरी क्षेत्र में पहुंचकर कार्रवाई की।




यहां सड़क निर्माण कार्य के दौरान कुछ स्थायी अतिक्रमण बाधा बन रहे थे। निगम अमले ने मौके पर पहुंचकर इन अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की, जिससे सड़क निर्माण का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्यों में बाधा बनने वाले किसी भी अतिक्रमण को हटाने में नगर निगम पीछे नहीं हटेगा। शहर के मानस भवन के पास लगने वाले सोमवारी बाजार में भी निगम की टीम ने निरीक्षण किया। यहां सड़क किनारे ठेला और गुमटी लगाकर कई लोगों द्वारा अव्यवस्थित तरीके से अतिक्रमण किया गया था, जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। निगम टीम ने ठेला और गुमटी संचालकों को व्यवस्थित करते हुए सड़क पटरी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। साथ ही उन्हें समझाइश दी गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही अपने ठेले लगाएं ताकि बाजार की व्यवस्था बनी रहे और यातायात प्रभावित न हो।

अतिक्रमण हटाने का यह अभियान शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में भी चलाया गया। कृषि महाविद्यालय तिराहा, जय स्तंभ से अस्पताल चौराहा और धोबिया टंकी तक नगर निगम की टीम ने विशेष अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाए। इस क्षेत्र में सड़क किनारे कई ठेले और गुमटियां लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर इन ठेलों और गुमटियों को हटाया और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान निगम अधिकारियों ने सभी ठेला और गुमटी संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि वे दोबारा सड़क किनारे अतिक्रमण न करें। यदि दोबारा अतिक्रमण करते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी और सामग्री जब्त कर ली जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि नगर निगम द्वारा शहर में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम के अनुसार शहर में बढ़ते अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि आम नागरिकों को भी कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को भी रास्ता नहीं मिल पाता। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए।

## सार-समाचार

### घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग पकड़ाया, तीन होटलों से 14 सिलेंडर किये गये जब्त



**रीवा।** रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने रविवार 15 मार्च 2026 को बीड़ा–सेमरिया रोड स्थित कई प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण किया। जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान जायका जंक्शन रेस्टोरेंट से 3, सिंह रॉयल रेस्टोरेंट से 6 और रवींद्र होटल से 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 14 घरेलू गैस सिलेंडर जब्ती की कार्रवाई में बरामद हुए। खाद्य विभाग ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्य में उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों के विरुद्ध है। इस मामले में संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 (ईसी एक्ट) के तहत कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया गया है। खाद्य विभाग ने चेतावनी दी है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### लोही गोली कांड का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**रीवा।** रीवा बिछिया थाना क्षेत्र के लोही पुल के नीचे हुई गोली चलने की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल भी बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2026 को एसजीएमएच रीवा से सूचना मिली थी कि कृष्णा नगर निवासी एक युवक गोली लगने से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बिछिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की तलाश शुरू की जांच के दौरान पता चला कि 13 मार्च की रात करीब 10:15 बजे कृष्णा नगर निवासी प्रतीक पटेल उर्फ बादशाह अपने साथी के साथ घर पर बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान पिस्टल चेक करते समय अचानक गोली चल गई, जिससे उसका साथी मुकेश के पेट में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए एसजीएमएच में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में धारा 110 बीएनएस तथा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी पिस्टल भी बरामद की गई है। आरोपी का नाम प्रतीक पटेल उर्फ बादशाह (20 वर्ष), निवासी कृष्णा नगर, चिरहुला, थाना बिछिया, जिला रीवा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बिछिया सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घटना का शीघ्र खुलासा होने पर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।

### 24 घंटे अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के समापन पर हुआ भव्य कार्यक्रम






**रीवा।** मां भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में सोमवार 16 मार्च को संगठन के केंद्रीय महासचिव सिद्धाश्रमरत्न सौरभ द्विवेदी (अनूप भैया) का बैकुण्ठपुर आगमन हुआ, जहां नगरवासियों और संगठन पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। धर्म सम्राट योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज की प्रेरणा से वर्षों से सिद्धाश्रम मऊ ब्यौहारी में अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ जारी है। इसी क्रम में देशभर में 24 घंटे एवं 5 घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ लगातार आयोजित किया जा रहा है। बैकुण्ठपुर के मां शक्ति इंटरप्राइजेज एंड फर्नीचर पुराना थाना के पास पर 15 मार्च से चल रहा 24 घंटे अखंड दुर्गा चालीसा सोमवार को विधिवत पूर्ण हुआ। नगर भ्रमण के दौरान सौरभ द्विवेदी का भव्य स्वागत किया गया और वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम स्थल पर पूजा–अर्चना के बाद सौरभ द्विवेदी ने धर्म, एकता, सामाजिक जागरूकता और मानव कल्याण पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि समाज को जाति–वर्ग से ऊपर उठकर नशा मुक्ति का संकल्प लेना होगा, और युवा पीढ़ी को भक्ति तथा सद्मार्ग की ओर प्रेरित करना समय की मांग है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म से ही एकता और एकता से ही सामाजिक सद्भाव की स्थापना होती है। मानव कल्याण हेतु संगठित प्रयासों की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने सभी को सेवा, जागरूकता एवं सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने का आग्रह किया। आयोजन को सफल बनाने में हृदयलाल गुप्ता और टीम प्रमुख उमेश गुप्ता का विशेष योगदान रहा। इस पावन अवसर पर जिले भर से संगठन के कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक: राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के कलेक्टर के निर्देश

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक में विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गत 6 माह से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदारों को इन्हें प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का जवाब गुणवत्तापूर्ण और समय पर भेजा जाए। साथ ही न्यायालीन प्रकरणों में विभाग का पक्ष मजबूती से रखने के लिए जवाब दावा समय पर प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई।

बैठक में कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दो से पांच वर्षों से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े प्रकरणों का समय पर निराकरण होने से आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी। कलेक्टर ने बटवारा, नामांकन एवं सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण किया जाए। बैठक में भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विभिन्न सरकारी विभागों और कार्यालयों के लिए लंबित भूमि आवंटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। बैठक में लंबित सीएम मॉनिटरिंग के प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली की प्रगति तथा स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा स्वामित्व योजना के कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे। बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन तथा गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने केंद्र निर्धारण और किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया को त्रुटिहीन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही। फार्मर रजिस्ट्री और सभी प्रकार की ई-केवाईसी के कार्य को तत्परता से पूरा करने के निर्देश दिये ताकि कोई भी पात्र किसान योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## कहां अटक गई वृद्ध, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन की कृपा



**रीवा।** वृद्ध, दिव्यांग एवं विधवा ये तीनों ऐसे वर्ग के लोग हैं जिनको प्रकृति ने एक बड़ा संघर्ष दिया है। कष्टों की बाढ़ में दिव्यांग और विधवा तो किसी तरह से तैरकर नैया पार कर लेते हैं पर वृद्ध ऐसा भी नहीं कर पाते हैं। दिव्यांग और विधवा के पास उम्र भी हो सकती है जिससे अवसर छूटते नहीं हैं पर वृद्धों के लिए कुछ समय भी नहीं बचता है। तीनों में कम से कम वृद्धों की पेंशन तो बढ़ाई ही जा सकती थी पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसा क्यों नहीं किया गया यह एक सोची समझी नीति है। वरिष्ठ जन ना तो सत्ता में हैं और ना विपक्ष में बल्कि वे सड़कों पर हैं। समस्याएं तो बहुत उठाई जाती हैं पर उनका अर्थ कम रहता है। प्रायः यह देखा गया है कि जहां कारण सरकार नहीं रहती है, वहां उनका विरोध किया जाता है और जहां कारण सरकार रहती वहां कोई विरोध नहीं किया जाता है। कहा जा रहा है कि वृद्ध पार्टी प्रचार के लिए चल फिर नहीं पाते हैं, इसलिए वृद्धा पेंशन जहां की तहां है। कई ऐसे मामले आए हैं जिनमे बच्चे कहते हैं कि मम्मी लाडली योजना हमे भी चाहिए तो मम्मी कहती हैं कि अभी तुम वोटर नहीं हो, ऐसा कुछ न सोचो। जिससे समझा जा सकता है कि स्वार्थों की राजनीति चल रही है।

**क्यों नहीं बढ़ा रही सरकार:** बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग पेंशनर्स को बड़ा झटका लगा है। सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत दी जाने वाली पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। नीति आयोग ने सहायता राशि बढ़ाने की सिफारिश की थी, लेकिन केंद्र सरकार ने साफ इनकार कर दिया है। इस फैसले से जिले के हजारों निर्धन परिवारों में निराशा छा गई है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन जैसी योजनाएं सिसक रही हैं।

**अभी मिल रहे 600 रुपये:** वर्तमान में बुजुर्ग और दिव्यांगों को मात्र 600 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती है। विधवाओं को भी यही राशि दी जाती है। महंगाई के इस दौर में 600 रुपये नाममात्र की सहायताएं हैं। इससे अधिक तो भिखारी कमा लेते हैं। कई लाभार्थी दवाइयां, भोजन और अन्य आवश्यकताएं पूरी नहीं कर पाते हैं। नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा था कि पेंशन राशि बढ़ाकर कम से कम 1000-1200 रुपये करने से गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन आसान होगा। विशेष बात यह है कि उन भिखारियों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए जो सत्तर वर्ष के नीचे के हैं। पर शासन सभी प्रकार के भिखारियों पर प्रतिबंध लगा रही है। जिससे आशा की दूसरी किरण भी लुप्त हो रही है।

**एक तो कम दूसरे विलंब:** बड़ी बात यह है कि एक तो वृद्धा पेंशन कम है उस पर भी विलंब से मिल रही है। कुछ वृद्धों ने बताया कि उनको सात माह से यह पेंशन नहीं मिल रही है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी मिनिमम आयु सत्तर वर्ष माना गया है। जबकि यह आयु साठ वर्ष की होनी चाहिए थी। सत्ता पक्ष कह रहा है कि समस्या का शीघ्र हल करवाएंगे तो विपक्ष कह रहा है कि हमारी सरकार आएगी तो हम दिखवाएंगे। सारा का सारा मामला भविष्यकाल पर टिका हुआ है।

## अनंतपुर के श्री हनुमान मंदिर में होली मिलन के अवसर पर भव्य फाग महोत्सव सम्पन्न

**रीवा।** जिले के अनंतपुर स्थित श्री हनुमान जी मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह के अवसर पर भव्य फाग महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पंडित शिव बालक स्मृति समिति तथा मारुति सेवा सत्संग मंडल के तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न फाग मंडलियों ने अपनी मधुर और पारंपरिक प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमंत लाल जी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर परिसर में गूंजते भक्ति गीतों और चौपाइयों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड का पाठ कर भगवान हनुमान से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत फाग गीतों का क्रम प्रारंभ हुआ। सबसे पहले अनंतपुर महिला फाग मंडली ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। महिला मंडली ने पारंपरिक होली गीतों का मधुर गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों में ब्रज की होली, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं तथा रंगों के उत्सव का सुंदर वर्णन सुनने को मिला।



इस मंडली में मुख्य रूप से शकुंतला मिश्रा, अनीता गर्ग, विद्या सिंह, पूनम मिश्रा, बबीता सिंह, सोनू सिंह, गीता मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, निर्मला तिवारी, उमा मिश्रा, उषा मिश्रा, निशा मिश्रा, सावित्री विश्वकर्मा, सरोज मिश्रा, सरोज सिंह, स्वाति तिवारी, माधवी मिश्रा, अम्मा जी और वीणा शुक्ला सहित सभी बहनों ने सामूहिक रूप से बहुत ही सुंदर और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उनके गायन और तालमेल ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इसके बाद ग्राम राहत की नारदी फाग मंडली ने मंच संभाला। ददन तिवारी जी के नेतृत्व में मंडली के कलाकारों ने पारंपरिक नारदी फाग का गायन प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में लोक परंपरा और संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। मंडली के कलाकारों ने ढोलक और मंजीरे की ताल पर फाग गीत गाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुति मारुति नंदन फाग मंडली द्वारा दी गई।

## नरवाई न जलाने के संबंध में किसानों को किया जा रहा जागरूक

**मऊगंज।** कृषि विभाग मऊगंज द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के परिपालन में कृषकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है विकासखण्ड मऊगंज के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत हटवा सोरेहान में नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उमेश चंद्र द्वारा बताया गया कि फसलों की कटाई के बाद उनके जो अवशेष खेत में रह जाते हैं, उसे नरवाई या पराली कहते हैं।

मशीनों से फसल की कटाई होने पर बड़ी मात्रा में नरवाई खेत में रहती है, इसको हटाने के लिए किसान प्रायः इसे जला देते हैं. इससे खेत की मिट्टी की उपरी परत में रहने वाले फसलों के लिए उपयोगी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, मिट्टी में कड़कपन आ जाता है जिसके कारण जलधारण क्षमता बहुत कम हो जाती है। किसान नरवाई प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि उपकरणों जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर आदि का उपयोग करें जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है एवं पर्यावरण प्रदूषण भी नहीं होता है, साथ ही शासन द्वारा इन यंत्रों पर अनुदान भी दिया जा रहा हैं , जिसे लॉटरी सिस्टम से प्राप्त कर सकते है। किसान धान, गेहूं और अन्य फसलों की नरवाई खेत से हटाने के लिए सुपर सीडर और हैप्पी सीडर का उपयोग करें। ये उपकरण किसी भी ट्रैक्टर, जो 55 एचपी के हों, उस में आसानी से फिट हो जाते हैं। इन के उपयोग से एक ही बार में नरवाई नष्ट होने के साथ साथ खेत की जुताई और बोआई हो जाती है, इससे जुताई का खर्च और समय दोनों की बचत होती है। इस दौरान विभागीय आमला जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

अतः किसान भाईयों से अपील है कि नरवाई नहीं जलाएं, भूमि एवं पर्यावरण के संरक्षण में सहयोग करें। जिला कलेक्टर मऊगंज द्वारा नरवाई जलाने पर भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 2026-27 में प्रति घटना क्षतिपूर्ति अर्थदंड निर्धारित किया हैं। ऐसे कृषक जिनके पास 2 एकड़ से कम खेत में नरवाई जलाने पर 2500/- प्रति घटना क्षतिपूर्ति अर्थदंड देय होगा। जिनके पास 2-5 एकड़ खेत में नरवाई जलाने पर 5000/- प्रति घटना क्षतिपूर्ति अर्थदंड देय होगा।

### संकल्प से समाधान अभियान के आवेदनों का करें निराकरण : प्रतिभा पाल

## लंबित आवेदन पत्रों का निराकरण करके सुधारें विभाग की रैंकिंग: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी फरवरी माह में दर्ज शिकायतों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में विभागों की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है।

लंबित आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करके विभाग की रैंकिंग सुधारें। विभाग की रैंकिंग ए श्रेणी में सुनिश्चित करें। राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नगरीय निकाय तथा श्रम विभाग आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। जिला आपूर्ति अधिकारी एलपीजी से संबंधित सभी शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में 16 से 26 मार्च तक तीसरा चरण चलेगा। इसमें जिला स्तर पर आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाएगा। लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निराकरण करके प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रम विभाग में मजदूरों के पंजीयन से संबंधित सभी आवेदन पत्रों का निराकरण कराएं। जिस ग्राम पंचायत सचिव के पास 10 से अधिक आवेदन लंबित हैं उस पर पाँच हजार रुपए का जुर्माना लगाएं। कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान चलाकर खराब हैण्डपंपों में सुधार कराएं। हैण्डपंप सुधार के लिए अतिरिक्त राइजर पाइप तथा अन्य सामग्री की तत्काल व्यवस्था करें। जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से शुरू हो रहा है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ समारोहपूर्वक अभियान का शुभारंभ कराएं। अभियान के दौरान गत वर्ष के जल संरक्षण के अधूरे कार्यों को पूरा कराएं।



कलेक्टर ने कहा कि किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व्यापक अभियान चलाकर टीके लगवाने के लिए 14 और 15 वर्ष की किशोरियों तथा उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करें। अब परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं। यह टीका किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से पूरी सुरक्षा देगा। हर माता-पिता अपनी बेटी को कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। सोशल मीडिया में भी टीकाकरण से संबंधित पोस्ट नियमित रूप से करें। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा समाजसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लें। कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी नया शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जिला स्तर पर पुस्तक मेले का आयोजन करें। पुस्तक मेला शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित करें। इसमें सभी प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। पुस्तक मेले का व्यवस्थित आयोजन कराएं जिससे अभिभावक पुस्तकें एवं अन्य सामग्री खरीद सकें। बैठक में कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था, सड़कों में सुधार, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन की तैयारियों तथा बिजली आपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री त्योंथर, जवा और सिरमौर में बैठक लेकर विद्युत की नियमित आपूर्ति के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

# अब इंसान नहीं, रोबोट लड़ेंगे युद्ध!

देश- दुनिया में तकनीक का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक् कंपनी फाउंडेशन ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक फैंटम एमके-1 तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल,रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है।इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं।भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है।इजरायल ऐसे सैनिक बना चुका है।हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है।यह एक नए शीत युद्ध और नई तकनीक की होड़ की शुरआत है,जो दुनिया को ऐसे स्व-नियंत्रित रोबोट सैनिकों को सौंपने जा रही है, जो कृत्रिम बुद्धि से विस्फोटक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इजरायल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो न केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजरायल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक अब तक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम अब धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्क्रिय नहीं होएंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछ्ले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। सॉफ्ट बैंक के सीईओ मासायोषी सॉन ने कहा है कि कालांतर में हमारे जूते भी हमारे दिमाग से कहीं ज्यादा होशियार होंगे। माना जा रहा है कि देश- दुनिया का सामरिक क्षेत्र भी तकनीक एवं आधुनिकता से परिपूर्ण होगा।

# ईरान की अडिग रहने की रणनीति

**शिवकांत शर्मा**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यदि यह सोचते थे कि शीर्ष नेतृत्व के खत्म हो जाने और पंद्रह दिनों की भीषण बमबारी झेलने के बाद ईरान हाथ खड़े कर देगा तो वह शायद उनकी भूल थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मिसाइल हमले में मारे जाने के बाद उनकी गद्दी पर बैठे उनके बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले ही संदेश में खून का बदला खून से लेने का एलान करते हुए पड़ोस के खाड़ी देशों को चेतावनी दी कि वे अपने यहां बने अमेरिकी अड्डों को बंद करें। हालांकि उनके संदेश की जिस बात ने पूरी दुनिया के बाजारों और कारोबारों में हड़कंप मचाया वह दुश्मनों को मात देने के लिए होर्मुज जलमार्ग का हथियार की तरह इस्तेमाल करने के बारे में था। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस इसी मार्ग से होकर जाता है, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और हिंदचीन के देशों को जाता है। हड़कंप को शांत करने के लिए ट्रंप ने लड़ाई के लगभग पूरा हो जाने की बातें कीं। ईरान को धमकी दी कि होर्मुज बंद किया तो बीस गुना भीषण हमले झेलने होंगे। कभी होर्मुज से जाने वाले जहाजों का बीमा करने की बात उछाली। कभी जहाजों के अमेरिकी नौसेना की सुरक्षा देने की बातें कीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपने आपात रिजर्व से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने की घोषणा की। साथ में ट्रंप ने रूस के जहाजों पर लदे करीब 35-40 करोड़ बैरल तेल की बिक्री से एक महीने के लिए प्रतिबंध हटा लिए, लेकिन जहाजों पर ईरान के छिटपुट हमलों और उसकी धमकी से फैले आतंक के सामने किसी घोषणा की एक न चली। होर्मुज से जहाजों का यातायात लगभग ठप रहा और कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल पार कर गए। अमेरिका और इजरायल का दावा है कि उन्होंने ईरान की हवाई, नौसैनिक और मिसाइल निर्माण एवं मारक क्षमता खत्म कर दी है। शीर्ष नेतृत्व मारा जा चुका है, इसलिए देश में कोई व्यवस्था नहीं बची है, मगर उनके ये दावे जमीनी हकीकत पर खरे नहीं उतरते। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या घटी जरूर है, पर हमले जारी हैं और इजरायल, अमेरिका एवं खाड़ी के देशों के सुरक्षा कवचों को भेद भी रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अराघची के बयानों और हावभाव में किसी तरह की घबराहट या चिंता दिखाई नहीं दे रहीं। मोजतबा खामेनेई के चुनाव को लेकर अवश्य 88 मुजाहिदों की मजलिस-ए-रहबरी के बीच कुछ विवाद होने की खबरें हैं, क्योंकि इस्लामी क्रांति का मकसद वंशवादी राजशाही को हटाकर ऐसी मुल्लाशाही स्थापना करना था जिसके नेता का चुनाव योग्यता के आधार हो। मोजतबा खामेनेई का चुना जाना वंशवाद का ही प्रतीक है। इसलिए चर्चा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लरिजानी मोजतबा के चुनाव से खुश नहीं हैं। मोजतबा आइआरजीसी या रेवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं और गरमपंथी माने जाते हैं। इसलिए लगता है कि एक तो आइआरजीसी ने उनके चुनाव का समर्थन किया और दूसरे 28 फरवरी के हमले में घायल होने के कारण उन्हें रमजान युद्ध के योद्धा के रूप में भी पेश किया गया। ईरानी मुल्लाशाही ने व्यवस्था का गठन इस तरह किया है कि सत्ता इस्लाम और फलस्तीनी संघर्ष में निष्ठा रखने वाले लोगों के हाथों में ही रहे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का सफाया हो जाने पर भी दुश्मन का प्रतिरोध और व्यवस्था चलती रहे। मोजाइक प्रतिरक्षा या रक्षा-जाल नाम की व्यवस्था का गठन आइआरजीसी के कमांडर मोहम्मद अली जफारी ने किया था। सेना की कमान को देश के तीस प्रांतों की स्वायत्त टुकड़ियों में बांट दिया गया है जो संकट की स्थिति में पहले से तय कमान के आधार पर स्वायत्त होकर अपनी-अपनी कार्रवाई करती रहती हैं। यह व्यवस्था अमेरिका और इजरायल के हमलों में केंद्रीय कमान के खत्म हो जाने पर लड़ाई और देश की व्यवस्था जारी रखने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस रणनीति को ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने हमला शुरू होने के बाद के एक इंटरव्यू में उजागर किया था। ईरान की रणनीति लड़ाई को जितना हो सके उतना फैलाना है। साथ ही, होर्मुज जलमार्ग को हमलों के आतंक से बंद करके अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का गला दबाना है, ताकि अमेरिका और उसके मित्रों को अधिक से अधिक आर्थिक चोट पहुंचे और वे उस पर इस तरह की भूल दोबारा न करने का दबाव डालें। इसके लिए उसने सस्ते और मारक ड्रोनों और मिसाइलों का जखीरा तैयार कर रखा है। उसमें से अधिकांश को नष्ट कर देने पर भी उसके पास इतनी क्षमता है कि वह कई महीनों तक छिटपुट हमले जारी रखकर आतंक बनाए रख सकता है। होर्मुज के अलावा उसके पास हूतियों की मदद से लाल सागर जलमार्ग को बंद करने का विकल्प बाकी है, जिसके जरिये वह इस युद्ध की आर्थिक चोट को और बढ़ा सकता है। इसके विपरीत ट्रंप की रणनीति हवाई और नौसैनिक हमलों से आनन-फानन में ईरानी सेना की हवाई और नौसैनिक शक्ति, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों और शीर्ष नेतृत्व को खत्म करके सत्ता परिवर्तन करने या ईरान को पश्चिम एशिया के लिए निरापद बनाकर लौट जाने की थी। उनके निरंतर बदलते वक्तव्यों को सुनकर लगता है कि यह लड़ाई उनके अनुमान से कहीं लंबी खिंच चुकी है, जिसे लेकर वे तिलमिलाए हुए हैं।

# कोयंबटूर से पर्यटन नगरी ऊटी की यादगार यात्रा

## नजरिया

**दक्षिण भारत की धरती अपने भीतर प्रकृति की ऐसी अनुपम छवियाँ समेटे हुए है,जिन्हें देखकर मन अनायास ही विस्मय और श्रद्धा से भर उठता है। यहाँ के पर्वत, हरियाली, झरने और शांत वातावरण प्रकृति के उस दिव्य रूप का परिचय देते हैं,जो मनुष्य को जीवन की भागदौड़ से कुछ क्षणों के लिए दूर ले जाकर आत्मिक शांति का अनुभव कराते हैं। तमिलनाडु का औद्योगिक नगर कोयंबटूर और उससे लगभग 85 किलोमीटर दूर स्थित पर्वतीय पर्यटन नगरी ऊटी की यात्रा इसी प्राकृतिक वैभव का अद्भुत अनुभव कराती है।यह यात्रा केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचने का साधारण मार्ग नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आत्मीय संवाद का ऐसा अवसर है,जो स्मृतियों में लंबे समय तक जीवित रहता है।**

**विनोद कुमार सिंह**

विगत दिनों हमें दिल्ली की भागदौड़ भरी जीवन-शैली से कुछ समय के लिए अलग दक्षिण भारत की यात्रा का अवसर मिला।मीडिया मित्रों के साथ यह यात्रा किसी सामान्य पर्यटन कार्यक्रम से कहीं अधिक थी। यह मानो प्रकृति की गोद में बिताए गए उन अनमोल क्षणों का अनुभव था,जो जीवन की व्यस्तता के बीच मन को नई ऊर्जा और शांति प्रदान करते हैं।कोयंबटूर से ऊटी की ओर बढ़ते ही धरती का स्वरूप धीरे-धीरे बदलने लगता है।मैदानी इलाकों की गर्म हवा शीतल पर्वतीय बयार में परिवर्तित हो जाती है।सीधी और सपाट सड़कों की जगह घुमावदार घाटियाँ दिखाई देने लगती हैं और शहरी कोलाहल की जगह चारों ओर फैली हरियाली यात्रियों का स्वागत करती प्रतीत होती है। यह मार्ग नीलगिरि पर्वतमाला की गोद से होकर गुजरता है। 'नीलगिरि' का अर्थ ही है-नीले पर्वत।दूर से देखने पर इन पहाड़ों की हरियाली और नीले आकाश का अद्भुत संगम इन्हें एक विशिष्ट सौंदर्य प्रदान करता है।जैसे-जैसे हमारी कारों का काफिला ऊँचाई की ओर बढ़ रहा था,सड़कें सर्प की भाँति घुमावदार होती जा रही थीं।कुछ दूरी पर तीखे मोड़ आते हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'हेयरपिन बेंड' कहा जाता है।इन मोड़ों से नीचे झांकती घाटियाँ और दूर तक फैले पर्वत यात्रियों के मन में रोमांच भर देते हैं। कभी बादलों की हल्की परतें घाटियों में तैरती दिखाई देती हैं तो कभी सूर्य की किरणें पर्वतों की ढलानों को सुनहरी आभा से भर देती हैं।

रास्ते भर फैले चाय के बागान इस यात्रा को और भी मनोहारी बना देते हैं। पर्वतों की ढलानों पर कतारों में सजे चाय के पौधे मानो किसी कलाकार की सजीव चित्रकला प्रतीत होते हैं।दूर-दूर तक फैली हरियाली और उसके बीच काम करती महिला मजदूरों की छवियाँ इस दृश्य को और भी जीवंत बना देती हैं। सिर पर टोकरी, हाथों में चाय की कोमल पत्तियाँ और चेहरे पर श्रम की सहज मुस्कान-यह सब मिलकर प्रकृति और श्रम के सुंदर समन्वय का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है।यह क्षेत्र भारत के प्रमुख चाय उत्पादन क्षेत्रों में गिना जाता है और नीलगिरि की चाय विश्व भर में अपनी सुगंध और स्वाद के लिए प्रसिद्ध है।हमारी इस यात्रा का सबसे स्मरणीय और रोमांचक अनुभव तब मिला जब मीडिया मित्रों के साथ प्रसिद्ध नीलगिरि माउंटेन रेलवे की टॉय ट्रेन में बैठने का अवसर प्राप्त हुआ।यह छोटी- सी



पर्वतीय रेलगाड़ी मानो प्रकृति की गोद में धीरे-धीरे सरकती हुई आगे बढ़ती है। पटरियों के दोनों ओर फैली हरियाली, छोटी-छोटी सुरंगें,गहरी घाटियाँ और दूर तक फैले चाय के बागान—इन सबके बीच यह रेल यात्रा किसी चलचित्र की तरह आँखों के सामने खुलती चली जाती है।जब ट्रेन किसी मोड़ से गुजरती है तो पूरी रेलगाड़ी का दृश्य सामने दिखाई देने लगता है।ऐसा लगता है मानो पहाड़ों की गोद में कोई रंगीन रेखा धीरे-धीरे आगे बढ़ रही हो। कभी ट्रेन सुरंग में प्रवेश करती है तो कुछ क्षणों के लिए अंधकार छा जाता है।जैसे ही बाहर निकलती है,सामने हरियाली से भरा दृश्य यात्रियों का स्वागत करता है। टॉय ट्रेन की इस यात्रा को और भी रोचक बना दिया हमारे मीडिया साथियों ने। किसी ने गीत की पंक्ति छेड़ी तो किसी ने उसे आगे बढ़ाया और देखते ही देखते पूरे डिब्बे में अंताक्षरी का दौर शुरू हो गया। पहाड़ों के बीच गीतों की मधुर धुन गूंजने लगी। प्रकृति की शांति और मित्रों की हँसी-ठिठोली के बीच यह यात्रा सचमुच अविस्मरणीय बन गई।इस यात्रा में वरिष्ठ पत्रकार सुजीत ठाकुर के साथ मीडिया जगत की सक्रिय सहयोगीलाइगा आशिफ,(समुह संपादिका) शिवानी शर्मा, भावना गुप्ता,सपना,आकाश त्रिवेदी,अभिषेक,समीर,सुरेन्द्र पंडित और रिपुंज तिवारी सहित अनेक मीडिया मित्र उपस्थित थे।रास्ते भर संवाद, हास्य परिहास और गीतों का यह वातावरण यात्रा को और भी जीवंत बना रहा था।विशेष वरिष्ट मीडिया मित्र सुजीत ठाकुर व रिपुंज तिवारी ने ऐसा समा बंधा कि हम सुर- संगीत की महफिल में पहुंचे हो।इस अवसर पर आयोजन से जुड़े कुछ सरकारी अधिकारी तथा अन्य आमंत्रित अधिकारी जो अतिथि भी हमारे साथ थे,जिनकी उपस्थिति ने इस यात्रा को एक सामूहिक अनुभव का रूप दे दिया।रास्ते में पहाड़ों से उतरते छोटे-छोटे झरने यात्रियों का स्वागत करते दिखाई देते हैं।कहीं चट्टानों के बीच से पतली जलधारा गिरती है तो कहीं हरियाली के बीच से फूटते झरने मधुर संगीत की तरह सुनाई देते हैं।प्रकृति का यह स्वाभाविक संगीत मन को एक अनूठी शांति प्रदान करता है।बरसात के मौसम में इन झरनों की संख्या और भी बढ़ जाती है और पूरा क्षेत्र जलधारा और हरियाली का उत्सव बन जाता है।संध्या होते-होते हम ऊटी पहुँचे और वहीं रात्रि विश्राम का अवसर मिला। पहाड़ों की ठंडी हवा,चारों ओर फैली शांति और दूर-दूर तक पसरी हरियाली ने वातावरण को अत्यंत सुकूनभरा बना दिया।शहर की भागदौड़ से दूर यह शांत रात्रि मानो प्रकृति की गोद में विश्राम करने जैसा अनुभव दे रही थी। अगली सुबह का दृश्य तो और भी अद्भुत था।प्रातःकाल जब भुवन- भास्कर सूर्यदेव की पहली किरणें पर्वतों की चोटियों पर पड़ीं, तो वह दृश्य सचमुच दिव्य और अलौकिक प्रतीत हुआ।पहाड़ों के पीछे से धीरे-धीरे उगता सूर्य, धुंध की हल्की परतों के बीच फैलती सुनहरी रोशनी और उस प्रकाश में चमकती हरियाली - यह दृश्य मन को एक आध्यात्मिक शांति से भर देता है।ऐसा लगता है मानो स्वयं प्रकृति ने अपने आंचल से दिन का स्वागत किया हो।ऊटी का प्राकृतिक सौंदर्य वास्तव में अद्वितीय है।यहाँ की झीलें,उद्यान और पर्वतीय दृश्य पर्यटकों को बार-बार अपनी ओर आकर्षित करते हैं।ऊटी झील के शांत जल में तैरती नौकाएँ और उसके चारों ओर फैली हरियाली मन को एक अनोखी शांति का अनुभव कराती है। वहीं प्रसिद्ध सरकारी बोटैनिकल गार्डन दुर्लभ पौधों और रंग-बिरंगे फूलों की अद्भुत दुनिया प्रस्तुत करता है। नीलगिरि पर्वतमाला जैव विविधता की दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध क्षेत्र है। यहाँ के घने जंगलों में अनेक प्रकार के वन्यजीव और पक्षी पाए जाते हैं।कभी-कभी रास्ते में बंदरों के समूह यात्रियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं,जबकि जंगलों की गहराइयों में हाथी, हिरण और अन्य वन्यजीव भी निवास करते हैं।कोयंबटूर से ऊटी तक की यह यात्रा प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता का भी परिचय कराती है।रास्ते में स्थानीय जनजातीय समुदायों की झलक भी देखने को मिलती है,जिनकी जीवन शैली प्रकृति के साथ गहराई से जुड़ी हुई है।उनके पारंपरिक घर, पहनावा और जीवन-दृष्टि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को समृद्ध बनाते हैं।दरअसल,कोयंबटूर से ऊटी तक की यह यात्रा हमें प्रकृति के उस सौंदर्य से रूबरू कराती है,जिसे शब्दों में पूरी तरह बाँध पाना संभव नहीं।घुमावदार सड़कों से गुजरते हुए जब पहाड़ों की ठंडी हवा चेहरे को छूती है,जब चाय के बागानों की हरियाली आँखों को सुकून देती है और जब झरनों की कल-कल ध्वनि कानों में मधुर संगीत की तरह गूंजती है,तब लगता है कि मानव और प्रकृति के बीच का यह संबंध कितना गहरा और आत्मीय है।

अंततः कहा जा सकता है कि कोयंबटूर से ऊटी तक की यह यात्रा केवल पर्यटन नहीं,बल्कि प्रकृति के साथ एक आत्मिक अनुभव है। नीलगिरि की हरियाली,पहाड़ों की घुमावदार राहें,हरे चाय बगानों की सुगंध,झरनों का मधुर संगीत,टॉय ट्रेन की धीमी यात्रा और मीडिया मित्रों के साथ बीते हुए जमाने के मधुर गीतों की अंताक्षरी-ये सब मिलकर इस यात्रा को अविस्मरणीय बना दी।मै स्पष्ट कर दूं कि जो भी यात्री एक बार इस मार्ग से होकर ऊटी पहुँचता है,उनके मन मस्तिक में यात्रा की स्मृतियाँ लंबे समय तक जीवित रहती हैं।ऐसा लगता है,मानो प्रकृति ने स्वयं अपनी गोद में बैठाकर उसे कुछ स्वर्णिम और अनमोल क्षण उपहार में दे दिए हों।

# आर्थिक आपदा बनता युद्ध, विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा

**संजय गुप्त**

अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अनदेखी करते हुए ईरान पर जो हमला किया, वह अमेरिकी कानूनों के हिसाब से भी अवैधानिक है। इस युद्ध के कारण विश्व में गैस और तेल का जो संकट पैदा गया है, उसके समाधान का कोई उपाय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के पास नहीं दिखता। लगता है उन्होंने इस पर कोई विचार ही नहीं किया कि ईरान पर हमले और उसकी जवाबी कार्रवाई से पश्चिम एशिया से ऊर्जा आपूर्ति में जो बाधाएं खड़ी होंगी, उनसे कैसे निपटा जाएगा। ईरान इजरायल के साथ खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैनिक अड्डों पर भी हमले कर रहा है और उसने होर्मुज समुद्री मार्ग को भी बाधित कर रखा है, जहां से 20-30 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। ईरान ने होर्मुज मार्ग बंद करने और इस चेतावनी के बाद कि दुनिया 200 डालर प्रति बैरल तक तेल खरीदने के लिए तैयार रहे, यह कहा कि यहां से निकलने वाले जहाजों को हमारी नौसेना को सूचित करना होगा, लेकिन जब तक इस मार्ग से गैस और तेल की आपूर्ति निर्बाध ढंग से नहीं होने लगती, तब तक ऊर्जा संकट के समाधान को लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता। चूंकि खाड़ी देश तेल-गैस की आपूर्ति होर्मुज से करते हैं, इसलिए वे ईरान के रवैये पर निर्भर हैं। स्वाभाविक रूप से भारत और चीन जैसे देशों को होर्मुज मार्ग बाधित होने से खासी परेशानी हो रही है, क्योंकि वे अपने ऊर्जा स्रोतों के लिए एक बड़ी हद तक खाड़ी के देशों पर आश्रित हैं। यह राहत की बात है कि भारतीय प्रधानमंत्री की ईरान के राष्ट्रपति और दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के बाद ईरान ने संकेत दिए कि वह भारत के जहाजों को होर्मुज से आने देगा। नई दिल्ली में ईरान के राजदूत ने भी भारत को मित्र देश बताते हुए ऐसे ही सकारात्मक संकेत दिए और दो भारतीय जहाजों को इस जल मार्ग से आने की इजाजत मिल भी गई, लेकिन यह अभी साफ नहीं कि भविष्य में सभी भारतीय जहाज होर्मुज से बिना किसी परेशानी के गुजरते रह सकते हैं या नहीं? खाड़ी के देशों में तेल और गैस का उत्पादन प्रभावित होने और वहां से उनकी आपूर्ति बाधित होते ही उनके दाम बढ़ने लगे हैं और पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था के समक्ष खतरा पैदा हो गया है। यह एक नई आर्थिक आपदा बन रहा है। तेल, गैस, उर्वरकों पर निर्भर तमाम भारतीय उद्योगों के समक्ष भी संकट गहराने लगा है। कुछ तो बंद होने की कगार पर हैं या फिर अपना उत्पादन कम करने को विवश हैं। खाड़ी देशों



से तेल और गैस की सप्लाई रुक जाने से भारत समेत विश्व भर में महंगाई बढ़ने के साथ ही बेरोजगारी पैदा होने का भी खतरा है। इस खतरे के लिए सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ही उत्तरदायी हैं, जिन्होंने अपनी जिद और अहंकार में नतीजों की परवाह किए बिना इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। खाड़ी के देशों से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होने से देश में फिलहाल पेट्रोल और डीजल का संकट तो नहीं दिखाई दे रहा है, लेकिन रसोई गैस की किल्लत नजर आने लगी है। रेहड़ी वालों से लेकर रेस्त्रां और होटल तथा आम उपभोक्ता उसकी किल्लत बढ़ती देख रहे हैं। हालांकि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी दावा कर रहे हैं कि तेल एवं गैस की कमी नहीं है, लेकिन जमाखोरों, कालाबाजारियों के कारण गैस का संकट खड़ा होता दिख रहा है। मुनाफाखोर इस संकट को अपने लिए एक अवसर के रूप में देख रहे हैं।

चूंकि गैस संकट पैदा होने का खतरा पैदा हो गया है, इसलिए आम लोग भी चिंतित हैं। इसका ही नतीजा है कि कई स्थानों पर रसोई गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी लाइनें दिख रही हैं। इससे लोग और अधिक आशंकित हो रहे हैं। विपक्षी दल इस आशंका को और हवा दे रहे हैं। हालांकि सरकार ने गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और हालात पर निगरानी के लिए एक समिति गठित कर दी है, पर अभी इन कदमों का सकारात्मक असर नहीं दिख रहा है। यह तब तक नहीं दिखेगा, जब तक राज्य सरकारें गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ सख्ती नहीं बरततीं। यह अच्छा हुआ कि सरकार ने राज्यों को पीडीएस के तहत अतिरिक्त केरोसिन जारी करने का फैसला किया। ईरान पर और हमले की धमकियों के बीच अमेरिका ने भारत समेत अन्य देशों को रूस से तेल खरीदने पर अपनी आपत्ति हटा ली है। यह उसकी मजबूरी को ही दर्शाता है। भारत सरकार रूस से तेल खरीद बढ़ाने के साथ कुछ अन्य देशों से तेल-गैस खरीद के जतन कर रही है, पर जब तक ये सौदे हो नहीं जाते और तेल-गैस आपूर्ति का रास्ता साफ नहीं होता, तब तक राहत की सांस नहीं ली जा सकती। भारत उस वेनेजुएला से भी तेल खरीद रहा है, जहां बीते दिनों अमेरिका ने हमला कर वहां के राष्ट्रपति का अपहरण कर लिया था। निःसंदेह वेनेजुएला में तेल के सबसे अधिक भंडार हैं, पर उनसे तेल का दोहन कठिन है। इस तेल का शोधन भी आसान नहीं। अब इसमें संदेह नहीं कि अमेरिका ने जैसे वेनेजुएला पर बिना सोचे-समझे मनमाने तरीके से हमला किया, वैसे ही ईरान पर। तेल संकट दूर करने के लिए इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने अपने इमरजेंसी स्टाक से 40 करोड़ बैरल तेल बाजार में जारी किया है, लेकिन इसके बाद भी तेल के दाम सौ डालर पार कर गए हैं। चूंकि ईरान जवाबी हमले करने में अभी भी समर्थ बना हुआ है, इसलिए कहना कठिन है कि युद्ध कब खत्म होगा। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है और उसके चलते खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित बनी रहती है तो विश्व में ऊर्जा संकट और गहराएगा। इस ऊर्जा संकट के लिए सबसे बड़ा दोषी अमेरिका ही होगा। वह इस युद्ध को जल्द खत्म करने में सक्षम नहीं दिख रहा है। उसके अरबों डालर खर्च हो चुके हैं, पर युद्ध जल्द समाप्त होने के कोई संकेत नहीं। अमेरिका ने सोचा था कि अली खामेनेई को मार देने से ईरान में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ होता नहीं दिखता। मुश्किल यह भी है कि ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई युद्ध खत्म करने के लिए ऐसी शर्तें रख रहे हैं, जिन्हें न तो अमेरिका स्वीकार कर सकता है और न ही खाड़ी के देश।

# खाड़ी संकट, तेल आपूर्ति और रेमिटेंसः भारत के सामने उभरता बहुआयामी खतरा

**भूपेन्द्र गुप्ता**

पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) में बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चिंतित कर दिया है। विशेष रूप से जलडमरूमध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। ये दोनों मार्ग वैश्विक ऊर्जा और व्यापार की जीवनरेखा माने जाते हैं। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर है और जिसके लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं, इस संकट से सीधे और परोक्ष—दोनों तरह से प्रभावित हो सकता है।सबसे पहला और सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति से जुड़ा है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र जैसे सऊदी अरब,ईराक,यूएई, और कुवैत से आता है। इन देशों से आने वाला अधिकांश तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है या जहाजों की आवाजाही सीमित होती है, तो वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने का सीधा असर भारत में पेट्रोल-डीजल, परिवहन लागत, बिजली उत्पादन और अंततः खाद्य वस्तुओं तक पर पड़ता है। परिणामस्वरूप महँगाई बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति धीमी हो सकती है। दूसरा बड़ा प्रभाव समुद्री व्यापार और शिपिंग लागत पर पड़ता है। युद्ध या हमले की आशंका बढ़ने पर जहाज कंपनियां अतिरिक्त वॉर-रिस्क इंश्योरेंस लेती हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ जाती है। कई बार जहाज जोखिम वाले मार्गों से बचकर लंबा रास्ता अपनाते हैं, जैसे लाल सागर से होकर आने के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप आफ गुड होप से घूमकर आना। इससे यात्रा समय 10-15 दिन तक बढ़ सकता है और माल ढुलाई महँगी हो जाती है। इसका असर आयातित वस्तुओं—जैसे उर्वरक, खाद्य तेल, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स—की कीमतों पर पड़ता है, जो घरेलू बाजार में महंगाई को और बढ़ा सकता है। तीसरा महत्वपूर्ण पहलू गैस आपूर्ति का है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, विशेष रूप से कतर से तरलीकृत प्राकृतिक गैस एलएनजी। यदि समुद्री मार्ग असुरक्षित हो जाते हैं, तो गैस की आपूर्ति बाधित हो सकती है या महंगी हो सकती है। इससे बिजली उत्पादन, उर्वरक उद्योग और शहरी गैस वितरण पर प्रभाव पड़ेगा, जिसका व्यापक असर उद्योग और कृषि दोनों पर पड़ सकता है। चौथा और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा) का है। खाड़ी देशों में लगभग 80 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, विशेषकर यूएई, सऊदी अरब,कतर,और कुवैत में। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, जो देश के विदेशी मुद्रा भंडार और लाखों परिवारों की आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि क्षेत्र में युद्ध या आर्थिक मंदी आती है, तो निर्माण, तेल और सेवा क्षेत्रों में रोजगार घट सकता है, वेतन कम हो सकता है या भारतीयों की बड़े पैमाने पर वापसी हो सकती है। इससे रेमिटेंस घटेगा और उन राज्यों की अर्थव्यवस्था पर विशेष असर पड़ेगा जहाँ प्रवासी आय का बड़ा हिस्सा आता है। हालांकि भारत पूरी तरह असहाय नहीं है। देश ने जो रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए हैं वे सीमित हैं,और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश रूस,ब्राजील और यूएस जैसे देशों से आयात बढ़ाकर की जानी चाहिए।इसके अलावा भारतीय नेवी समुद्री क्षेत्र में सक्रिय निगरानी और भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए तैनात रहती है। भारत की विदेश नीति भी सभी प्रमुख देशों से संबंध बनाए रखने की कोशिश करती है ताकि संकट की स्थिति में आपूर्ति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

फिर भी, सबसे खराब स्थिति—यदि होर्मुज पूरी तरह बंद हो जाए या व्यापक युद्ध छिड़ जाए—तो भारत को दोहरी मार झेलनी पड़ सकती है-एक ओर तेल और गैस की कीमतों में उछाल, दूसरी ओर रेमिटेंस में गिरावट। इससे महँगाई, चालू खाता घाटा, रुपये पर दबाव और आर्थिक विकास दर—सभी प्रभावित हो सकते हैं। खाड़ी क्षेत्र का संकट भारत के लिए केवल एक दूरस्थ भू-राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि एक प्रत्यक्ष आर्थिक और सामाजिक चुनौती है।

# नगर की बेटी भव्या जैन को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**समय जगत, सिलवानी।** रायसेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का जिला स्तर पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में नगर की प्रतिभाशाली छात्रा भव्या जैन, पिता सचिन जैन, को कक्षा 10वीं में जिला स्तर पर टॉप करने की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलेक्टर विश्वकर्मा ने उन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। भव्या जैन की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

# जुमा मस्जिद पहुंचे अजय सिंह राहुल भैया, रोजेदारों के साथ किया इफ्तार



**मोहसिन अहमद /टीकमगढ़।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया जुमा मस्जिद पहुंचे, जहां उन्होंने रोजेदारों के साथ इफ्तार कर रोजा खुलवाया। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से मुलाकात कर उन्हें रमज़ान की मुबारकबाद भी दी। कार्यक्रम में टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक अंजुमन सदर अब्दुल रज्जाक कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू सूर्य प्रकाश मिश्रा अनीस अहमद अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष खलील खान सहित मुस्लिम समाज के अनेक गणमान्य लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर अजय सिंह राहुल भैया ने कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश देता है। समाज में शांति और एकता बनाए रखने के लिए ऐसे अवसर हम सभी को साथ लाते हैं। इफ्तार के दौरान मस्जिद परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा और रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रमज़ान की शुभकामनाएं दीं और देश में अमन-चैन की दुआ।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**इटारसी।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार द्वारा मिश्रा भवन मालवीयगंज में होली मिलन समारोह बड़ी धूम धाम से मनाया गया। सर्व प्रथम समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध शुक्ला अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन दिया गया। उसके बाद शिवाकांत गुड्डन पांडेय संयोजक, श्री कांत तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुलभूषण मिश्रा सचिव द्वारा समाज के सभी सदस्यों का अभिनंदन प्रेषित किया। महिला संयोजिका श्री मति इंदिरा तिवारी द्वारा समाज की एकता एवं सहयोग के बारे में जानकारी दी। संयोजक महोदया द्वारा समाज की नई अध्यक्ष की सर्व सम्मति से अनिता तिवारी के नाम पर घोषणा की गई। सभी ने अनिता तिवारी के अध्यक्ष पद के नाम पर ताली बजाकर स्वागत किया। इसके बाद अनन्या शुक्ला, यति तिवारी, दो बच्चों की प्रस्तुति की गई। जिन्हें शिवा कांत गुड्डन पांडेय द्वारा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया कुलभूषण मिश्रा, एवं उमा शुक्ला द्वारा गीत की प्रस्तुति हुई। एवं समाज की ब्रह्मलीन आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। समाज के वरिष्ठ संरक्षक अजय मिश्रा (टप्पू भाई) का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर करीब 150 लोग उपस्थित रहे। परिवार के श्री अनिरुद्ध शुक्ला, मुरली मनोहर दिक्षित, विष्णु पांडे, शिवाकांत ( गुड्डन) पांडेय, श्रीकांत तिवारी, कुलभूषण मिश्रा, संजय शुक्ला, मधुसूदन शुक्ला, शैलेन्द्र पाठक, अजय मिश्रा, अर्पित दीक्षित, नवनीत, गगन मिश्रा, मनोहर तिवारी, मनीष बाजपेई, दर्शन तिवारी, ओमी बाजपेई, अखिल दुबे, आनंद दुबे, लल्लन दुबे, ज्ञानेश्वर मिश्रा, कमल शुक्ला, महिला वर्ग में श्री मति इंदिरा तिवारी, अनीता तिवारी, सीमा पांडे, निशा पांडेय सुनीता पांडे, श्वेता पांडे,माधुरी शुक्ला, सीमा तिवारी, रेखा मिश्रा,आभा तिवारी, , सुधा बाजपेई, भावना मिश्रा, ज्योति मिश्रा, मधुलिका तिवारी, शारदा पांडे, रागनी शुक्ला, उमा शुक्ला, अंजुला शुक्ला, शशि पांडे,शिखा पांडे, साधना मिश्रा, मोना, निधि शर्मा,दुबे,कीर्ति दुबे, सिद्धि शुक्ला, अर्चना तिवारी, अन्य सभी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक दूसरे को फूल देकर बधाई दी। एवं जय परशुराम के नाम का उद्घोष किया।

# टीकमगढ़ में महिला क्रिकेट का महाकुंभ



**समय जगत, टीकमगढ़।** अमर शहीद टूर्नामेंट सयोजक विनय प्रताप सिंह ने बताया की खेल और महिला सशक्तिकरण के अनूठे संगम के साथ, नगर के ऐतिहासिक नजर बाग प्रांगण में अमर शहीद युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित 11वें अमर शहीद महिला लेदर बॉल टी-20 टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों ने ही दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। पहले मैच का रोमांच- मानसी गौड़ के ऑलराउंड प्रदर्शन से पूर्वांचल विजयी टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में पूर्वांचल और मध्य प्रदेश की टीमें आमने-सामने थीं। उत्तरप्रदेश आर्जव हौंडा का स्कोर- टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश ने निर्धारित 16 ओवरों में 6 विकेट खोकर 126 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। समृद्धि एंटरप्राइजेज पूर्वांचल का पलटवार- लक्ष्य का पीछा करने उतरी पूर्वांचल की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और मात्र 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 127 रन बनाकर जीत हासिल की। पूर्वांचल की मानसी को उनके शानदार ऑलराउंड खेल (30 रन और 2 विकेट) के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला क्रिकेट अकेडमी टीकमगढ़ (घुवारा ज्वेलर्स) और उत्तर प्रदेश (आर्जब होंडा) के बीच खेला गया, जिसमें स्थानीय टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरा मैच की पारी- उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 149 रनों का लक्ष्य दिया। टीकमगढ़ की आंधी- टीकमगढ़ की टीम ने इस बड़े लक्ष्य को महज 13 ओवरों में ही हासिल कर लिया। नवेली सिंह राठौर ने 45 गेंदों पर 72 रनों की नाबाद पारी खेली और 2 विकेट भी चटकाए। उन्ह मैन ऑफ द मैच (विमेन ऑफ द मैच) से सम्मानित किया गया। अमर शहीद टूर्नामेंट संरक्षक अनिल भदौरा ने सभी महिला खिलाड़ियों दिग्गज खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन समिति की प्रशंसा की बाहर से आई टीमों को शुभकामनायें के साथ शुभकामनायें दी आशीर्वाद के साथ सभी कोचो का आभार किया दूसरे मैच उत्तरप्रदेश आर्जव हौंडा ऑनर के साथ RC अकेडमी टीकमगढ़ घुवरा ज्वेलर्स मैच के दौरान बुंदेलखंड का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी क्रांति गौड़ ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मंचों से ही बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि सुधीर बजाज ने बेटियों का कौशल देखकर महिला क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है। यह मंच जमीनी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाएगा। सुमित उपाध्याय , मुख्य अतिथि ने कहा कि बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है। टीकमगढ़ में अमर शहीद टूर्नामेंट में खेली लड़की एक दिन देश का नाम रोशन करेगी। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि टूर्नामेंट संरक्षक अनिल भदौरा ने बताया कि पिछले 11 वर्षों से लगातार हो रहा यह आयोजन बुंदेलखंड का एकमात्र ऐसा टूर्नामेंट है जहाँ देशभर की प्रतिभाएं जुटती हैं। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों सहित पड़ोसी देश नेपाल की टीम भी हिस्सा ले रही है।

# प्रदेश में 2028 में बनेगी कांग्रेस की सरकार : अजय सिंह राहुल भैया



**समय जगत, टीकमगढ़।** चंबल से अपनी यात्रा करने वाले अजय सिंह उर्फ राहुल भैया टीकमगढ़ पहुंचे और प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जहां उन्होंने एलपीजी की किल्लत को लेकर सरकार को घेरा, वहीं कहा कि 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इसके साथ उन्होंने कहा कि वह उन पुराने कांग्रेसियों को एक्टिव करने आए हैं जो पिताजी के समय से कांग्रेस से जुड़े हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह ने टीकमगढ़ पहुंचकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और एलपीजी को लेकर उन्होंने सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण ही आज हर शहर में उपभोक्ता गैस के लिए परेशान हो रहा है। इसी तरह उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी इसके लिए वह लगातार मध्य प्रदेश में भ्रमण कर रहे हैं सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि सिंधिया पहले अपने चंबल संभाग में तय कर लें कि बड़ा नेता कौन है उन्होंने कहा कि उन्होंने संकल्प लिया है कि जब तक सरकार नहीं बनेगी तब तक वह माला नहीं पहनेंगे।

# श्रीमती अन्नपूर्णा तिवारी का निधन



**समय जगत,मनावर ।** शिक्षक जितेंद्र तिवारी की माताजी और राधे तिवारी की दादी श्रीमती अन्नपुर्णा तिवारी पत्नी स्व. प्रकाश नारायण तिवारी बाकानेर के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण सूर्यवंशी विकासखंड शिक्षा समन्वयक राजेश रावल ,रालामंडल प्राचार्य सी एल राय लुनहेरा बुजुर्ग प्राचार्य राधेश्याम वास्केल, उपड़ी प्राचार्य हेमंत चौहान,बाकानेर प्राचार्य श्रीमती किरण संजय वास्केल , ब्लॉक अकादमिक समन्वयक देवेंद्र सोलंकी , जनशिक्षक तेजालाल पंवार, पवन सिंह पंजाबी,नवीन बेनल,नितिन सिसोदिया,विकास बोर्डिया,वरिष्ठ पत्रकार विश्वजीत सेन अनुपम तिवारी सैयद रिजवान अली ,सैयद अखलाक अली, सैयद अस्पाक बबलू सहित नगर वासियों ने श्रद्धांजलि दी है।

## कार्यालय नगर परिषद सुल्तानपुर जिला रायसेन (म.प्र.)

क्रमांक /लो.नि./365/2026 — सुल्तानपुर दिनांक 16.3.2026

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद सुल्तानपुर के तालिका अनुसार कार्य को कराया जाना है। जिस हेतु निविदा दिनॉक 01/04/2026 तक आंमत्रित की जाती है। जो कि उसी दिन निविदाकारों या उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा पत्र | कार्य की समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड कं. 09 में स्थित निकाय की रिक्त भूमि पर पेवर ब्लॉक कार्य। | 7,10,497/- | 7,105/- | 2000/- | 0[illegible] माह |
| 2. | वार्ड कं. 14 में शमशान घाट रोड के समीप की रिक्त भूमि पर बाऊण्ड्री निर्माण कार्य। | 5,16,088/- | 5,161/- | 2000/- | 0[illegible] माह |

**नियम एवं शर्ते–**

1. जी.एस.टी. का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। यह संक्षिप्त सूचना है। विस्तृत जानकारी कार्यालीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
2. दर स्वीकृति/अस्वीकृति का अधिकार निकाय के पास होगा।
3. टेण्डर फार्म स्टोर शाखा से निर्धारित समय सीमा में शुल्क जमा कर क्रय किये जा सकते है।
4. निर्माण कार्य म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास के आई.एस.एस.आर. दिनॉक 02/08/2021 से प्रभावशील कर कराया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद सुल्तानपुर**

# दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास पर आज होगा मंथन

**भोपाल।** केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए-कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास और दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 17 मार्च मंगलवार को भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। यह कार्यशाला सीएआरए के दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2025-26 की थीम 卐विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) के गैर-संस्थागत पुनर्वास को बढ़ावा देना卐 के अनुरूप की जा रही है।

# पत्रकार को खदान में बंधक बनाने पर मैनेजर सहित कर्मचारियों पर दर्ज की गई एफआईआर

**मण्डला।** जिले के बम्हनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ककैया डोलोमाइट खदान में समाचार कवरेज के दौरान एक पत्रकार के साथ अभद्रता, मोबाइल छीनने और बंधक बनाने के मामले में खदान के मैनेजर सहित कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 130, 127(2), 324(4) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार एक न्यूज चैनल के जिला रिपोर्टर रामकुमार उर्फ रोहित बघेल 18 फरवरी को ग्राम पंचायत बीजेगांव क्षेत्र में खबर कवरेज के लिए पहुंचे थे। इस दौरान वे ककैया डोलोमाइट खदान में हो रही गतिविधियों का वीडियो और फोटो बना रहे थे। आरोप है कि खदान के मैनेजर योगेशराज पटेल और अन्य कर्मचारियों ने पत्रकार को घेर लिया, मोबाइल और कैमरा छीन लिया तथा उसमें मौजूद फोटो-वीडियो जबरन डिलीट कर दिए। कर्मचारियों द्वारा मोबाइल तोड़ने और प्रेस आईडी भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। इस दौरान पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की कर उसे कुछ समय तक खदान परिसर में रोककर रखा गया। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा को दी गई, जिसके बाद पुलिस के हस्तक्षेप से पत्रकार को खदान से बाहर निकलने दिया गया। मामले को लेकर जिले के पत्रकारों ने भी नाराजगी जताई और पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM) पिता राजू राव पठनिनम (RAJU RAO PTHANINAM), निवासी वार्ड नं. 14, राजीव गाँधी वॉर्ड, सौसर छिन्दवाडा, मध्य प्रदेश आयु 18 वर्ष, मध्यप्रदेश में निवासरत हूँ, मेरा नाम हाई स्कूल की अंक सूची एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेजों नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM) है तथा आधार कार्ड में नेहाल पधानिनम (NEHAL PADHANINAM) अंकित है इसलिए आधार कार्ड एवं अन्य सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM) दर्ज किया जाने एवं भविष्य मे नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM) के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

**गलत नाम-नेहाल पधानिनम (NEHAL PADHANINAM)**
**सही नाम-नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM)**

**आवेदक-नेहाल राव पठनिनम (NEHAL RAO PTHANINAM)**

## जाहिर सूचना

I,hitherto known as POOJA D/o BALKRISHAN GOUR, R/o Ward no 19, Rahatgaon, District Harda, MP 461228, have changed my name and shall hereafter be known as POOJA GOUR.

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम LALIT KUMAR CHOUDHARY था। जो कि मेरी अंकसूची में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर LALIT CHOUDHARY हो गया है। अत: अब मुझे मेरे इसी सही नाम LALIT CHOUDHARY S/O GHANSHYAM SINGH से ही जाना/ पहचाना जाए। Present ADDRESS : Mn - 14, Ward 8, Gram Mudiya Khedaa, Dhansari, Dist Hoshangabad MADHYA PRADESH 461775

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RIDHAM KOUR था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर RIDHAM KAUR हो गया है। जो कि मेरे सभी दस्तावेज में है। अत: अब मुझे मेरे इसी सही नाम RIDHAM KAUR से ही जाना पहचाना जाए। ADDRESS : DARJI MOHALLA CANTT GUNA PiN 473001 MADHYA PRADESH INDIA

# सभी के लिये राष्ट्रहित होना चाहिए सर्वोपरि : विधायक श्री सबनानी

**समय जगत, भोपाल।** दक्षिण पश्चिम भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है? विषय पर विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यापीठ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। विधायक श्री सबनानी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव श्री राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के सजग प्रहरी बनने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक विमर्श में प्रदेश के 17 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 33 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने सारगर्भित तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ. अखिलेश शर्मा और सेवानिवृत्त अपर सचिव पुनीत श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे सम्मिलित रहे। विद्यापीठ के उप संचालक एम.के. राजोरिया ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुदिप्त पवार पुत्र श्री बुद्धलाल पवार, मेरी माता श्रीमती विमला पवार (Smt Vimla Pawar) का नाम मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में व अन्य दस्तावेजों में त्रुटिवश श्रीमती सरला पवार दर्ज हो गया है, जो कि प्रकाशन उपरान्त मेरी माता को श्रीमती विमला पवार के नाम से समस्त शासकीय, अशासकीय तथा अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में जाना पहचाना, पढ़ा लिखा जावे।

## नाम परिवर्तन सूचना

अनुराग एस पटेल (ANURAG S PATEL) आत्मज श्री सुमेर सिंह पटेल, निवासी फ्लैट नं. 5, ब्लॉक अमलतास, ग्रीन हाइट्स कृष्ण विहार हुजूर त्रिलंगा, भोपाल के निवासी हैं। इनका पूर्व में नाम अनुराग पटेल (ANURAG PATEL) था, जो इनके पुराने पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। इन्होंने अपना नाम बदलकर अब अनुराग एस पटेल (ANURAG S PATEL) कर लिया है, जो सत्य एवं सही है। अत: इन्हे अब भविष्य में अनुराग एस पटेल (ANURAG S PATEL) के ही नाम से जाना एवं पहचाना जाये। अनुराग एस पटेल (ANURAG S PATEL) ने इस बावत् शपथ पत्र भी दाखिल किया है।

## जाहिर-सूचना

**एक प्लाट नं. 39, जिसका क्षेत्रफल 2790 वर्गफिट है जो कि शिक्षक कांग्रेस गृह निर्माण सहकारी समीति मर्यादित भोपाल ग्राम बागमुगालिया, वार्ड नं. 53, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंधकर्ता/संपत्ति स्वामी श्री विनय कुमार हिरेमय पुत्र श्री गुरू सिद्धया के स्तत्व/स्तामित्व/आधिपत्य का एक प्लाट नं. 39, जिसका क्षेत्रफल 2790 वर्गफिट है जो कि "शिक्षक कांग्रेस गृह निर्माण सहकारी समीति मर्यादित भोपाल" ग्राम बागमुगालिया, वार्ड नं. 53, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है। जिसकी चतुर्थ सीमाएं, पूर्व-30 फिट चौड़ा रोड़, पश्चिम-प्लाट नं. 40 एवं 40ए, उत्तर -अन्य की भूमि, दक्षिण-प्लाट नं. 38,। उक्त संपत्ति का अनुबंधकर्ता ने मेरे पक्षकार से सौदा तय कर बयाना राशि प्राप्त की है उपरोक्त संपत्ति के संबंध मे किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक/फर्म सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय अनुबंध इत्यादि किया हो तो वह व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजो के उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि उपरांत किसी भी प्रकार का कोई दावा/स्तत्व/आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति की संपूर्ण राशि को संपत्ति स्वामी को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष मे करावाने के लिये स्वतंत्र होगे।

**भवदीय रोहित यादव (एडवोकेट)**
**कार्या.:-56,सी.आई. एन्क्लेव चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल**
**मो. 9993020804**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 9460/अ-6/25-26
ग्राम-घाटखेडी प.ह.न. 29
दिनांक 06/03/2026

**:: ईश्तहार ::**

सर्वसाधरण आवेदक श्री जितेन्द्र प्रजापति आ. श्यामलाल प्रजापति निवासी म0नं-25/3 भीम नगर सतपुडा वललभ भवन भोपाल मप्र ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक एमपी 059712021ए 1618028 दिनांक 26.07.2021 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 184/2/1 में से अंश भाग रकबा 600 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम घाटखेडी प.ह.न. 29 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है।

उक्त संबध मे किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 18/03/2026 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/03/2026 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण कमांक 9750/अ-6/25-26
ग्राम-इमलिया प.ह.न. 29
दिनांक 06/03/2026

**:: ईश्तहार ::**

सर्वसाधरण आवेदक श्रीमती लीलावती पवार पत्नि हरीराम पवार निवासी म.नं-70 गली नम्बर 03 पुरुषोत्तम नगर सेमरा कलां भोपाल मप्र ने म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज कमांक एमपी 0597120219 ए1373772 दिनांक 03.06.2019 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 150/1/4, 151/2/4/1 कुल रकबा 0.943 हे. में से अंश भाग रकबा 1650 वर्गफिट भूमि स्थित ग्राम इमलिया प.ह.न. 29 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है।

उक्त संबध मे किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 18/03/2026 नियत है।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/03/2026 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

अमरावती बागसेवनिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक सीनियर एम.आई.जी. डीलक्स - बी 188 मण्डल द्वारा श्रीमती हीरा बाई धाकड़ पत्नी स्व. श्री रामनारायण धाकड़ एवं श्रीमती कीर्ति धाकड़ पत्नी स्व. श्री जालम सिंह धाकड़ के संयुक्त नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/12/2004 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है । श्रीमती हीरा बाई धाकड़ द्वारा संपत्ति का रजिस्टर्ड वसीयतनामा श्रीमती कीर्ति धाकड़ पत्नी स्व. श्री जालम सिंह धाकड़ के नाम पर दिनांक 19/03/2012 को पंजीकृत कराया गया है । श्रीमती हीरा बाई धाकड़ (सासू मॉ) की दिनांक 28/05/2014 को मृत्यु होने के उपरांत श्रीमती कीर्ति धाकड़ पत्नी स्व. श्री जालम सिंह धाकड़ के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 1079 दिनांक 14/10/2025 को नामान्तरित किया गया है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती निमिषा गुप्ता पत्नी श्री नमन गुप्ता एवं श्रीमती साधना गुप्ता पत्नी श्री संतोष गुप्ता के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/11/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती निमिषा गुप्ता पत्नी श्री नमन गुप्ता एवं श्रीमती साधना गुप्ता पत्नी श्री संतोष गुप्ता के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

**आम सूचना**

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में स्थित भूखंड कं. - 187, सी - सेक्टर मण्डल द्वारा श्री सुशील कुमार पाली आत्मज श्री रमाशंकर पाली के नाम पर हस्तांतरण आदेश कं 1662-1667 दिनांक 07/03/2022 के द्वारा हस्तांतरित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15/10/2020 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। जिसका लीजनवीनीकरण दिनांक 27/10/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत किया गया है। श्री सुशील कुमार पाली के द्वारा उक्त भवन विक्रय पत्र दिनांक 17/02/2026 के द्वारा श्री शिशिर धोते आत्मज श्री दुर्गादास धोते को विक्रय कर दिया गया है। अत: उक्त संपत्ति क्रेता / विक्रेता द्वारा श्री शिशिर धोते आत्मज श्री दुर्गादास धोते के नाम से हस्तान्तरण करने हेतु दिनांक 06/03 / 2026 को ऑनलाईन आवेदन पत्र, क्रेता/विक्रेता परिचय पत्र सत्यापनप्रमाण पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, घोषणा पत्र, आधारकार्ड, एवं विकय पत्र दिनांक 17/02/2026 की छायाप्रति प्रस्तुत किये गये है। भवन के हस्तांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति श्री शिशिर धोते आत्मज श्री दुर्गादास धोते के नाम से हस्तान्तरण करने हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

# एकात्म मानववाद, भाजपा की विचारधारा, संगठन कार्य पद्धति, राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्राप्त हुई प्रेरणा : अध्यक्ष नीरज तिवारी

**समय जगत, सिवनी मालवा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सिवनी मालवा में 2 दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाभियान सोमवार को सम्पन्न हुआ। 15 -16 मार्च को लगाए गए वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, सरकार की उपलब्धियों तथा कार्य विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दस्तावेज में प्रकाशित समय-सारणी के अनुसार प्रशिक्षण का आयोजन 2 दिनों तक 7 सत्रों में चरणबद्ध चला।

प्रथम दिवस 15 मार्च को दीप प्रज्ज्वलन उपरांत नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने प्रस्तावना रखते हुए प्रशिक्षण वर्ग के उद्देश्य, महत्ता और संगठनात्मक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर संदेश पुरोहित ने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता संतोष पारीक ने की। द्वितीय सत्र वैचारिक अधिष्ठान विषय वक्ता जयकिशोर चौधरी ने प्रकाश डाला। जिसकी अध्यक्षता दिलीप अग्रवाल ने की। तृतीय सत्र कार्य पद्धति (कार्यकर्ता संभाल) विषय पर दिनेश तिवारी ने कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता योगेंद्र सिंह मण्डलोई ने की। चतुर्थ सत्र सोशल मीडिया, एआई नमो एप और सरल एप विषय पर वक्ता प्रांशु राने ने विस्तार से जानकारी दी। अध्यक्षता विजय कुचबंदिया ने की। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक दक्षता, तकनीकी उपयोग और आधुनिक राजनीतिक संवाद के आयामों को गंभीरता से समझा।




द्वितीय दिवस 16 मार्च को योग, प्रार्थना उपरांत पंचम सत्र बूथ प्रबंधन और मन की बात विषय पर विवेक गौर ने समझाइश दी। अध्यक्षता कृष्णा व्यास दीदी ने की। षष्ठम सत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां विषय पर वक्ता संपत मूंदड़ा ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता मालती गौर ने की। सप्तम सत्र केंद्र सरकार की योजनाएं विषय पर पंकज चौरे ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

अध्यक्षता राजेन्द्र साध ने की। दोपहर 1 से 2 बजे तक आयोजित समापन सत्र कार्य विस्तार विषय पर अखिलेश खंडेलवाल ने विचार व्यक्त किए। इसी के साथ राजेन्द्र पालीवाल की अध्यक्षता में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। समापन सत्र के बाद सरल एप के माध्यम से मोबाइल पर 15 मिनट की परीक्षा आयोजित की गई।

प्रशिक्षण वर्ग के संचालन में विधानसभा संयोजक राजेश गौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वर्ग प्रमुख के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने दायित्व निभाया। वर्ग व्यवस्था प्रमुख शैलेन्द्र गौर के साथ रघुवीर सिंह राजपूत, वीरेन्द्र मिश्रा, अनिल वर्मा, अजीत राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाया। प्रशिक्षण वर्ग के जिला संयोजक मुकेश चंद्र मैना, संचालन तुषार लौवंशी अतुल बकोरिया ने किया।

इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में नगर मंडल सदस्य, कार्य समिति सदस्य, पार्षद, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत, भाजपा की विचारधारा, संगठन की कार्यपद्धति तथा राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हुई। प्रशिक्षण वर्ग ने कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कुमैदान मस्जिद में ख़त्म-ए कुरान का आयोजन, हाफिज का फूल मालाओं से स्वागत

**टीकमगढ़।** पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर शेखों के मोहल्ले स्थित कुमैदान मस्जिद में कुरान शरीफ के 30 पारे पूरे होने पर ख़त्म-ए-कुरान का कार्यक्रम बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ मनाया गया। इस मौके पर आयोजित जलसाए कुरान में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान हाफिज सोहेब और मुअज्जिन का फूलमालाओं से स्वागत कर उनका इस्तकबाल किया गया। मस्जिद के सदर हाजी शेख जफर और मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज और मुअज्जिन को कई तोहफे भी भेंट किए गए।
इस अवसर पर वार्ड नंबर 15 के पार्षद अनीस अहमद कमरुद्दीन काजी, पत्रकार मोहसिन अहमद, पत्रकार नसीम अली सहित शहर की आवाम और शेखों के मोहल्ले के कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर रमज़ान की बरकतों और अमन-चैन की दुआ मांगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अकहा में टीकाकरण पर दिया गया जोर



**उचेहरा।** राष्ट्रव्यापी बालिका सुरक्षा अभियान सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ HPV टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 14 साल की लड़कियों को HPV टीकाकरण कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत ग्राम पंचायत अकहा के सचिव तरुण मिश्रा ने बैठक आयोजित कर सामूहिक प्रयास से शत प्रतिशत टीकाकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर रोजगार सहायक राजकुमार तंतुवाय, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर प्रभा सिंह, ए एन एम आभा देवी गुप्ता, नीलम सिंह, नीता सेन, दीपांजलि प्रजापति, निर्मला लोधी, सुमन चौधरी, साधना सिंह यशोदा कोरी, आशा लोधी उपस्थित रहीं।

### पुलिस कैम्पस में बनेंगे कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण



**पांढुरना (देवेन्द्र खुरसंगे)।** नवगठित पांढुरना जिले में बहुप्रतीक्षित जिला कलेक्टर कार्यालय भवन के लिए स्थान चयन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंचती नजर आ रही है। सोमवार को जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला पुलिस कैम्पस पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। प्रशासनिक हलचल और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी से यह संकेत मिल रहा है कि कलेक्टर कार्यालय के लिए पुलिस परिसर की जमीन लगभग तय हो चुकी है।

**अधिकारियों ने किया स्थल का निरीक्षण :** सोमवार दोपहर करीब 1 बजे कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी तथा म.प्र. शासन के एबीपीडी विभाग के अधिकारी सिवनी से पांढुरना पहुंचे। अधिकारियों ने पुलिस हेडक्वार्टर के पीछे स्थित खाली भूमि का निरीक्षण कर कलेक्टर कार्यालय भवन के निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया। इस दौरान एस.डी.एम. अलका एक्का, तहसीलदार विनय ठाकुर, एस.डी.ओ.पी. ब्रजेश भार्गव, आर.आई. अलका सिवडे, थाना प्रभारी अमित कुमार दानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**एस.पी. कार्यालय के साथ बनेगा कलेक्टर कार्यालय :** प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार पुलिस थाना परिसर में प्रस्तावित जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के समीप ही कलेक्टर कार्यालय भवन बनाए जाने की संभावना प्रबल है। यदि यह योजना साकार होती है तो कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, थाना तथा पुलिस कंट्रोल रूम जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय एक ही परिसर में संचालित हो सकेंगे। इससे प्रशासन और पुलिस के बीच समन्वय बेहतर होगा और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करना आसान हो जाएगा। हालांकि इस संबंध में शासन स्तर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**दो वर्षों से चल रही थी जगह चयन की प्रक्रिया :** पांढुरना जिला बनने के बाद से ही कलेक्टर कार्यालय भवन के लिए उपयुक्त स्थान को लेकर लगभग दो वर्षों से प्रयास चल रहे थे। पूर्व में इस कार्यालय को शहर से दूर अमरावती मार्ग पर बनाए जाने की चर्चा सामने आई थी, जिसका शहर के जागरूक नागरिकों और कांग्रेस द्वारा विरोध भी किया गया था। इस मुद्दे को लेकर काफी समय तक चर्चा और आंदोलन भी हुए थे।

## सीएमओ ने सारंगपुर ईदगाह मस्जिद मैदान का किया निरीक्षण



**सारंगपुर।** दिनांक 16 मार्च को आगामी ईद-उल-फितर के पर्व को देखते हुए नगर की संडावता रोड स्थित ईदगाह मस्जिद मैदान का अलीम बाबा कुरैशी सदर अन्जुमन-ए-इस्लाम कमेटी सारंगपुर एवं अन्जुमन कमेटी के अन्य पदाधिकारी गणों के साथ मिलकर निरीक्षण किया गया। ईदगाह कमेटी के द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग पर सीएमओ रानवे द्वारा निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद सारंगपुर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईदगाह और उसके आसपास के रास्तों पर कूड़े के ढेर न हों उन्होंने त्योहार से पूर्व नगर में विशेष सफाई कराने, चूना छिड़काव करने शहर की खराब स्ट्रीट लाइटों को सुधारने और नमाजियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। श्री रानवे द्वारा आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण ढंग से ईद का त्यौहार मनाने हेतु सदर अन्जुमन कमेटी सारंगपुर से चर्चा की। ईद 20 या 21 मार्च को चंद्रदर्शन के अनुसार मनाई जाएगी। मुख्य नमाज ईदगाह में सुबह 8.45 बजे नगर की ईदगाह मस्जिद मैदान पर अदा की जाएगी। अलीम बाबा कुरैशी ने जनहित में इन व्यवस्थाओं को समय से पूरा कराने का अनुरोध किया है ताकि नमाजियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## दिव्यांगजनों के अभिभावकों को मिली लीगल गार्जियनशिप



**समय जगत, पांढुरना।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की जिला लोकल लेवल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिले के दो बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को लीगल गार्जियनशिप (कानूनी अभिभावकत्व) प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रभारी उपसंचालक श्रीमती राजनंदनी सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक श्री विजय धवले, समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री अनिल कड़वे, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के प्रशासनिक अधिकारी पंचलाल चंद्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव ठाकरे, दिव्यांग प्रतिनिधि सुश्री हर्षा हिवसे तथा क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. नम्रता सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

## अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर में निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु मुख्यमंत्री से किया आग्रह

**समय जगत, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति के बीच क्षेत्रीय विकास और जन-आकांक्षाओं की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने मुख्यमंत्री के समक्ष बुरहानपुर जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावी रूप से रखा तथा क्षेत्र की निरंतर प्रगति और समृद्धि के लिए उनका स्नेहपूर्ण आशीर्वाद और सहयोग चाहा।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर जिले के लिए यह अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है कि विगत एक माह के भीतर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दो बार आत्मीय सानिध्य और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले माह 14 फरवरी को बुरहानपुर आगमन उसके बाद पुनः आज 15 मार्च को जिले में नेपानगर में मुख्यमंत्री का आगमन क्षेत्र के विकास संकल्पों को नई ऊर्जा देने वाला है। उन्होंने कहा कि नेपानगर क्षेत्र मुख्य रूप से वनवासी और जनजातीय समाज की बहुलता वाला क्षेत्र है, जहाँ के लोगों की वर्षों पुरानी पीड़ा और समस्याओं को समझते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पट्टों का वितरण कर उन्हें उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाना ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह केवल भूमि का दस्तावेज नहीं, बल्कि जनजातीय परिवारों के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम है। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के कुशल आर्थिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति निरंतर मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पिछले दो वर्षों में 1 लाख 28 हजार रुपए से बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपए तक पहुंच गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि मध्यप्रदेश आर्थिक प्रगति और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। श्रीमती चिटनिस ने 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल संरक्षण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अभियान प्रदेश की जीवनदायिनी नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री के उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए नई शिक्षा नीति को सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने के निर्णय का भी उल्लेख किया और कहा कि इस क्रांतिकारी कदम के परिणाम आज प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के रूप में दिखाई दे रहे हैं।





## जीनियस प्लानेट स्कूल द्वारा कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार किया गया आयोजित




**इटारसी।** एल के जी कॉलोनी में करियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित हुआ। जिसमें कॉलोनी और शहर के तकरीबन 300 विद्यार्थियों ने पार्टिसिपेट किया। इस मौके पर इंदौर से उपस्थित डॉक्टर चेतन रायकवार एवं चंचल जैन ने अभिभावक और विद्यार्थियों को जिंदगी संवारने के लिए, आगे की पढ़ाई के लिए और पॉजिटिव सोच के लिए बहुत सारे टिप्स दिए, जो कि अभिभावक और विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी रहे। जीनियस प्लानेट स्कूल के द्वारा आयोजित इस सेमिनार में एलकेजी कॉलोनी के डायरेक्टर निपुण गोठी, शिक्षाविद दीपक हरिनारायण अग्रवाल, जीनियस प्लानेट स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद जाफ़र सिद्दीकी, श्रीमती मनीता सिद्दीकी एवं स्कूल प्राचार्य श्रीमती ममता छिकारा मौजूद रही। कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती निशा चतुर्वेदी ने बताया कि इस सेमिनार की रचना विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए की गई है। इस सेमिनार को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से उपस्थित साथी सतीश चौधरी, सौरभ दुबे ,रंजीत परदेसी, अभिषेक जैन ,अरुण पटेल, हिमांशु चतुर्वेदी, राधिका पटेल ,पल्लवी अवस्थी, सुमित चंदेरिया, हेमंत महोबिया, संजय बर्डे, बबली ठाकुर, अजय दवे, मयंक जैन की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन राकेश दुबे ने किया।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**समय जगत, सिलवानी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम पटना विकास प्रस्फुटन समिति, सेक्टर चन्दनपीपलिया द्वारा ग्राम पटना में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक वीरेन्द्र यादव तथा परामर्शदाता दशरथ कुशवाहा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों को जन अभियान परिषद के गठन के उद्देश्य, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही समग्र ग्राम विकास की अवधारणा, प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। परामर्शदाता दशरथ कुशवाहा ने समितियों को आदर्श ग्राम के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों एवं नवांकुर सखी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन नवांकुर समिति के सचिव प्रेमनारायण कुशवाहा द्वारा किया गया।

# सिंदूर कप सीजन 1 का भव्य समापन, पुलिस इंफोर्सेस टीम बनी चैंपियन

**समय जगत, नरसिंहपुर।** जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव व जिला महिला क्रिकेट टीम नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विवाहित महिलाओं की रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सिंदूर कप सीजन 1 का भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में पुलिस इंफोर्सेस टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एजुकेशन स्ट्राइकर्स को पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया, जबकि एजुकेशन स्ट्राइकर्स टीम को उपविजेता कप से संतोष करना पड़ा तो प्रतियोगिता में एसकेएमजी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट के द्वितीय दिवस पर मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन की उपाध्यक्ष एवं सिंदूर कप की संरक्षक श्रीमती सुमनलता पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी को उज्ज्वल भविष्य और निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन जालम सिंह पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनंत दुबे, सरपंच कठौतिया इन्द्रेश साहू, सरपंच शासबाहु देवेंद्र पचौरी, जिला अध्यक्ष कायस्थ समाज अजय श्रीवास्तव, सुनील कोठारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष कंछेदी पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष करकबेल भगवत पटेल, सोमेश नारायण श्रीवास्तव, नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा तथा सिंगपुर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर की विशिष्ट मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति भी देखने को मिली, जिनमें श्रीमती सुशीला ममार (जनपद पंचायत अध्यक्ष करेली), श्रीमती संध्या कठोरी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष), सुश्री प्रतिज्ञा परिहार (जनपद पंचायत अध्यक्ष कठोरी), सुश्री भारती पटेल (जनपद सदस्य), श्रीमती ज्योति चौहान, श्रीमती शोभा तिवारी, श्रीमती शगुन नामदेव, श्रीमती बैजन्ती झरिया, श्रीमती दीपिका आनंद (करेली), श्रीमती सुषमा तिवारी (शास्त्री वार्ड), श्रीमती सुनीता शर्मा, श्रीमती अर्चना सुरेंद्र सोनी,



श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती अंजु साहू, श्रीमती रमा पटेल, श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, एडवोकेट जया शर्मा, श्रीमती गीता वेदी, श्रीमती स्वाति जायसवाल, श्रीमती शालिनी दुबे, श्रीमती उषा प्रजापति एवं श्रीमती शालिनी प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सिंदूर कप सीजन-1 का फाइनल मैच पुलिस इंफोर्सेस और स्कूल एजुकेशन के बीच हुआ, जिसमें पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 ओवर में 52 बनाये। स्कूल एजुकेशन 4 विकेट खोकर केवल 42 रन बना सकी और 10 रन से फाइनल हारकर उप-विजेता बनी तो सिंदूर कप की ट्रॉफी पर पोलिस विभाग की टीम ने कब्जा जमकर विजेता का तमगा हासिल किया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करते हुए विभिन्न विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। अनुशासित टीम अवार्ड कायस्थ महासभा नरसिंहपुर द्वारा पीजी कॉलेज की टीम को प्रदान किया गया तथा फेयरप्ले प्ले अवार्ड चावरा टीम के सभी खिलाड़ियों को जाट युवा मोर्चा की तरफ से दिया गया। संतराम पैराडाइस की तरफ से सोशल स्पार्क टीम को इमर्जिंग टीम का अवार्ड प्रायोजित किया गया तो सनातन महासभा ने एसकेएमजी टीम में समस्त खिलाड़ियों को स्पोर्ट एक्सीलेंस का अवार्ड प्रदान किया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में इंस्पिरेशन अवॉर्ड श्रद्धा जाट (चावरा चैलेंजर्स), मोस्ट एनर्जेटिक प्लेयर रजनी लोधी (चावरा चैलेंजर्स), फैन फेवरेट प्लेयर रिचा कनौजिया (चावरा चैलेंजर्स) और बेस्ट फील्डर शुभा दुबे (चावरा चैलेंजर्स) को प्रदान किया गया। इसी प्रकार सिक्सर क्वीन गीता लालवानी (एसकेएमजी), बेस्ट गेम चेंजर अर्चना ठाकुर (एसकेएमजी) तथा बेस्ट थ्रो अवॉर्ड रेनू सग्गू (एसकेएमजी) को मिला। फीयरलेस अवॉर्ड शक्ति बागडे (सोशल स्पार्क), मोस्ट एंटरटेनिंग प्लेयर रक्षा पालीवाल (सोशल स्पार्क) तथा बेस्ट क्लच प्लेयर मंजू लता लोधी (सोशल स्पार्क) को सम्मानित किया गया। वहीं कैप्टन कूल अवॉर्ड प्रीति कौरव (पीजी पॉइंटर) को मिला। बेस्ट बॉलर मंजरी उपाध्याय (स्कूल एजुकेशन स्ट्राइकर) और बेस्ट बल्लेबाज सरोज सिंह (स्कूल एजुकेशन स्ट्राइकर) को घोषित किया गया। टूर्नामेंट का सर्वोच्च सम्मान प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट प्रियंका भोसले (पुलिस 11) को दिया गया, जिन्होंने फाइनल मैच में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया, जबकि बेस्ट कैप्टन का अवॉर्ड रश्मि स्थापक को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नवोदित उभरती एंकर प्रमांशी कौरव और समृद्धि ढिमोले ने किया, जबकि मिस जूही सिंह, यशिता कौशिक और प्रज्ञा मेहरा ने चीयर लीडर्स के रूप में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला महिला क्रिकेट टीम द्वारा किया गया तथा इसके प्रमुख प्रायोजक मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन रहे।

## पब्लिक डिमांड वाले कार्य ठंडे बस्ते में

# बेनी सागर तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों की राशि निपटाने हेतु कार्य प्रारंभ



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना वर्तमान समय में पन्ना नगर पालिका द्वारा निर्माण एवं विकास कार्यों के नाम पर घोटाले किए जा रहे हैं लेकिन नगर की आम जनता एवं विपक्षी दल मूक नजर आ रहे हैं। नगर में लगभग 4 वर्ष में वर्तमान नगर पालिका परिषद द्वारा 200 करोड़ से अधिक की राशि निर्माण एवं विकास कार्यों के नाम पर खर्च की गई लेकिन इसके बावजूद पन्ना नगर की स्थिति पहले से भी बदतर है। पीने के लिए लोगों को शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़कें टूटी हुई हैं, नालियां टूटी हुई हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं नालियां बजबजा रही हैं, मच्छर पल रहे हैं इसके बावजूद विकास एवं निर्माण कार्यों के नाम पर लगातार राशि खर्च की जा रही है। करोड़ों की राशि सिर्फ कार्यक्रमों के आयोजनों में खर्च हो गई है। प्राचीन तालाबों से नगर के लोगों को पेयजल अभी भी उपलब्ध हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्षों के कार्यकाल में कोई नये पेयजल स्रोत का निर्माण नहीं हुआ है । अब नगर पालिका द्वारा उक्त तालाब के पानी को शुद्ध करने तथा उसके सौंदर्यीकरण के नाम पर एक करोड़ तीस लाख रुपए की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की गई, जिसका विगत माह क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा भूमि पूजन भी किया गया था । अब उक्त कार्य प्रारंभ हो गया है, इसी तरह रानी बाग रोड सीसी सड़क निर्माण कार्य के हाल भी यही हैं। नगर पालिका द्वारा लगातार घटिया तथा गुणवत्ता हीन कार्य किए जा रहे हैं । अधिकांश कार्य नगर पालिका के पार्षद एवं कुछ चिन्हित स्थानीय ठेकेदारों के माध्यम से चल रहे हैं। सरकार द्वारा महिला आरक्षण देने का उद्देश्य सत्ता में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था लेकिन वर्तमान समय में नगरीय प्रशासन में अधिकांश संस्थानों में महिलाओं के स्थान पर उनके पति कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के सामने बैठकों में भी हिस्सा लेते हैं, स्थानीय लोगों द्वारा बेनी सागर तालाब का कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराए जाने स्थानीय विधायक तथा जिला कलेक्टर से मांग की है।

### इनका कहना है

संबंधित निर्माण कार्य विधायक निधि से स्वीकृत हुआ है। हमारा उद्देश्य है कि गुणवत्तापूर्ण कार्य हो। क्योंकि नगर पालिका में लगातार हम लोगों के विरोध के बावजूद घटिया निर्माण कार्य हो रहे हैं तथा नगर पालिका में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार चल रहा है।

**वैभव थापक**
**पार्षद वार्ड क्रमांक 14**

# माता कर्मा जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, हुआ हवन व भंडारा



**समय जगत, सिरोंज।** भक्त माता कर्मा जयंती पर साहू समाज युवा मंडल दिल्ली दरवाजा द्वारा माता कर्मा जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनायी गयी। जिसमें राधाकृष्ण मंदिर से पूरे मोहल्ले में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का राधाकृष्ण मंदिर होकर बुलाखी गली होते हुए माता चौक होकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंचकर समापन हुआ। इस दौरान अध्यक्ष गगन साहू, विनोद साहू, संजय साहू, सुन्नू साहू, सुनील साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, नरेंद्र साहू, पूरन साहू, बब्लू साहू, आदि मौजूद रहे। शोभायात्रा में आगे साउंड, उसके बाद छोटी छोटी बालिकाएं हाथों में कलश थामे हुए चल रही थीं। उसके साथ ढोल पर समाज के युवाजन नाचते हुऐ चल रहे थे और पालकी में विराजित भक्त माता कर्मा व भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमाएं विराजित रहीं। पालकी को समाजजन अपने कंधे पर रखकर चल रहे थे। शोभायात्रा का द्वार द्वार समाजजनों द्वारा फूल-गुलाल बरसाकर भव्य स्वागत किया गया। पालकी में विराजमान माता कर्मा व भगवान राधा कृष्ण की पूचा अर्चना कर जगह- जगह आरती उतारी गयी। शोभायात्रा का विश्व हिंदू परिषद द्वारा फूल बरसाकर जल पिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रोहित यादव, अनिल राठौर सहित बडी़ संख्या में विहिप के कार्यकर्ता गण शामिल रहे। भव्य शोभायात्रा के समापन के बाद राधाकृष्ण मंदिर में पंडित महेश प्रसाद शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार व विधि विधान पूर्वक भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद हवन पूर्णाहूति कराई गयी। इसके बाद प्रसादी वितरण कर शाम को मंदिर में विशाल भण्डारा व सहभोज आयोजित किया गया। जिसमें समाजजनों ने शामिल होकर सहभोज का आनंद लिया। श्री बांके बिहारी मंदिर में हुआ भव्य आयोजन - साथ कठाली बाजार स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में विधि विधान पूर्वक माता कर्मा की पूजा अर्चना व दोपहर को हवन हुआ और प्रसादी वितरित हुई। साथ ही शाम को भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान वनवारीलाल साहू, पंकज साहू, मुन्नालाल साहू, सहित बडी़ संख्या में समाजजन शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम रोजगार सहायक संगठन की बैठक हुई संपन्न, संदीप शर्मा बने ब्लॉक अध्यक्ष



**समय जगत, सिरोंज।** गत दिवस बटैया सरकार हनुमान मंदिर पर ग्राम रोजगार सहायक संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ग्राम रोजगार सहायक संगठन तहसील इकाई के नवीन अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें संदीप शर्मा बड़ौदा ताल को सर्वसम्मति से निर्विरोध सिरोंज ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया तथा इसके साथ ही सिरोंज इकाई कार्यकारणी की घोषणा भी की गई। जिसमें उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक एवं कैलाश यादव, प्रवक्ता संदीप शर्मा सेमल खेड़ी एवं विजय धाकड़, मीडिया प्रभारी मुकेश विश्वकर्मा, संगठन सचिव सगीर खान देहरी जागीर, सह सचिव शाहिद खान, कोषाध्यक्ष रणवीर राठौर, सलाहकार सदस्य रविन्द्र राठौर, एवं कार्यकारणी सक्रिय सदस्य के रूप में रामदीन शर्मा, जीवन धाकड़, दिनेश राठौर, सुनील कुशवाह को नियुक्त किया गया।

### दहेज हत्या के मामले में सजा काट रहे कैदी की हुई मौत

**कटनी।** दहेज हत्या के मामले में जिला जेल में 10 वर्ष की सजा काट रहे एक कैदी की अचानक तबियत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कैदी को अचानक सीने में दर्द और घबराहट होने की शिकायत के बाद तत्काल अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। प्रथम दृष्टया मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। कैदी के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जेल प्रशासन ने शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। जेल प्रशासन का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कैदी की मौत के वास्तविक कारणों की पूरी तरह पुष्टि हो सकेगी। जिला जेल में बंद कैदी की अचानक मौत होने से एक बार फिर कैदियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बहोरीबंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बचैया निवासी 51 वर्षीय रमेश पटेल जिला जेल की बैरक नंबर 7 में बंद था।

### रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म-4 की तरफ रेलवे संस्थान कार्यालय के पास लगी आग

**समय जगत, विदिशा।** गत दिवस रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4 के पास झाड़ियों में अचानक आग लग गई और आग धीरे-धीरे बढ़ते हुए रेलवे संस्थान कार्यालय के पास पहुंच गई और वहां पड़ा हुआ सामान आग की चपेट में आ गया। आग की सूचना तुरंत दी गई और मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब 1 घंटा फायर ब्रिगेड को आग को बुझाने में लग गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है और आग से अब तक कितना नुकसान हुआ है, रेलवे द्वारा अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है। रेलवे के अधिकारियों द्वारा आगजनी की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है और जांच पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की रेलवे का कितना सामान जला है और कितने का नुकसान हुआ है। रेलवे के अधिकारी जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं। अब तक रेलवे द्वारा नुकसान का कोई भी बयान जारी नहीं किया गया है।

## न्यायालय में लंबित 438 प्रकरणों का हुआ निराकरण

# नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौते से आपसी विवादों का हुआ निपटारा



**समय जगत, दमोह।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से विगत दिनों नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में सुभाष सोलंकी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी द्वारा एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मनीष नगाइच सहित समस्त डिफेंस काउंसिल, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय एसएन ओझा, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ विश्वनाथ बिल्थरे सहित न्यायालयीन व विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष की इस प्रथम लोक अदालत के सफल होने हेतु मोटर दुर्घटना व चैक बाउंस के प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की गयी हैं। प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है। आषा है कि यह लोक अदालत सभी के सहयोग से सफल होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह से मिली सूचना से ज्ञात हुआ है कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 13 प्रकरणों में राषि 11685000 रूपये के अवार्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 84, वैवाहिक के 18, चैक अनादरण के 40 एवं दांडिक के 43 प्रकरणों सहित कुल 438 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया।

# धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा देवी की जयंती, विविध कार्यक्रम किये गये आयोजित

**समय जगत, विदिशा।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी जयंती के पावन अवसर पर साहू समाज धर्मशाला श्रीराम नगर चौराहा बरईपुरा से भव्य शोभायात्रा निकाली निकल गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। साहू समाज अध्यक्ष कपिल रमेश साहू ने बताया कि बरईपुरा स्थित साहू समाज धर्मशाला से शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए शोभायात्रा वापस साहू धर्मशाला पहुंची और पूजा अर्चना के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ। तत्पश्चात सायं 5 बजे साहू समाज धर्मशाला बरईपुरा में आमसभा एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद थे। साहू धर्मशाला बंटी नगर में कर्मा देवी जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तो वहीं कोर कमेटी के सदस्यों को सम्मानित किया गया और नटेरन ब्लॉक की समिति का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम पश्चात विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, मनोज कपूर, मोहित रघुवंशी, मनोज कटारे, अर्पित उपाध्याय, जिलाध्यक्ष मोहनलाल साहू, नगर अध्यक्ष परसोत्तम साहू, पूव अध्यक्ष चारण लाल साहू, रमेश साहू, मुकेश साहू, मनोज साहू, मूलचंद साहू, सुनील साहू, तुलसीराम साहू, राकेश साहू, रवि साहू, लक्ष्मी साहू, सोनू साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, राजेंद्र साहू, अखलेश राजपूत, जसरुप दांगी, गोविन्द भार्गव, आरसी साहू, बद्री साहू आदि मौजूद थे। मां कर्मा देवी युवा संगठन के तत्वावधान में रविवार को शहर के काछी मोहल्ला से खाटू श्याम मंदिर के लिए भव्य निशान शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हाथों में निशान लेकर खाटू श्याम के जयकारे लगाए।

## बिना भवन- शौचालय के चल रहे अनेक निजी विद्यालय

# मानकों की अनदेखी कर विद्यालयों को मान्यता देने का आरोप, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया जाये ध्यान







**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान के पद पर पदस्थ डीपीसी अजय गुप्ता द्वारा पैसा लेकर शासन के नियम कानून को ताक में रखकर कुछ भी किया जा रहा है , आरोप स्थानीय लोगों द्वारा लगाए जा रहे हैं उसके बावजूद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। प्रभारी मंत्री तक शिकायत की गई थी, जिस पर उन्होंने जांच के आदेश दिए थे । उन्हें भी गुमराह किया गया है। उनके द्वारा बनाई गई जांच टीम की रिपोर्ट अभी तक उजागर नहीं हुई है लेकिन यह स्वप्रमाणित हो गया है कि जिले में सैकड़ों निजी विद्यालय बिना शासन के मापदंड पूरे किए चल रहे हैं जहां अनेक निजी विद्यालय दो-दो कमरों में किराए के भवनों में चल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर संबंधित निजी विद्यालय के भवनों में शौचालय तथा अन्य सुविधाएं भी नहीं है उक्त मामले को लेकर पूरे प्रदेश में निजी विद्यालयों को मान्यता देने के पूर्व विगत सत्र में जांच कराई गई थी, जिनकी जांच संबंधित विकास विकासखंड स्त्रोत समन्वयको द्वारा की गई थी। विकास खंड स्त्रोत समन्वयकों द्वारा भौतिक सत्यापन करते हुए डीपीसी को रिपोर्ट सौंप दी थी तथा लगभग एक सैकड़ा से अधिक विद्यालयों की मान्यता समाप्त की गई थी। सबसे अधिक 40 निजी विद्यालयों को मान्यता अजयगढ़ विकासखंड में दी गई थी तथा बीआरसी द्वारा प्रतिवेदित किया गया था कि कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार संबंधित निजी विद्यालय किसी प्रकार की अर्हता पूरी नहीं कर रहे हैं। इसके बाद डीपीसी द्वारा कार्यालय में बैठे-बैठे मनमाने ढंग से जांच रिपोर्ट तैयार कर मोटी रकम लेकर संबंधित अपात्र निजी विद्यालयों को मान्यता दे दी गई जिससे यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर किस आधार पर डीपीसी अजय गुप्ता ने संबंधित विद्यालयों को मान्यता प्रदान की।

# रेलवे स्टेशन में बिजली उपकरणों से बनेगा खाना

## आईआरसीटीसी ने स्टेशन कैटरिंग के लिए जारी की नई एडवाइजरी



**समय जगत, कटनी।** भारतीय रेलवे और पर्यटन निगम ने कटनी और जबलपुर समेत प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर स्थित कैटरिंग स्टालों और बेस किचन के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाधा के कारण कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी देखी जा रही है। इस संकट से निपटने के लिए आईआरसीटीसी ने सभी स्टेटिक कैटरिंग संचालकों को खाना पकाने के लिए गैस के बजाय इंडक्शन, माइक्रोवेव और अन्य बिजली उपकरणों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण भारत में कमर्शियल एलपीजी की उपलब्धता पर असर पड़ा है। इस महीने में कई शहरों में सिलेंडरों की वेटिंग लिस्ट बढ़ गई है। रेलवे जैसे सार्वजनिक परिवहन केंद्रों पर भोजन की निरंतरता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।

**वैकल्पिक ऊर्जा पर ज्यादा जोर:** आईआरसीटीसी का लक्ष्य है कि गैस की कमी के कारण स्टेशनों पर यात्रियों के लिए भोजन की उपलब्धता प्रभावित न हो। संचालकों को चाय, कॉफी और नाश्ता तैयार करने के लिए इंडक्शन कुकटॉप और माइक्रोवेव ओवन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना होगा। इसके लिए स्टेशनों पर बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है ताकि लोड बढ़ने पर तकनीकी समस्या न आए। आपात स्थिति से निपटने के लिए संचालकों को डिब्बाबंद और रेडी टू ईट भोजन का पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा गया है। बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु रेलवे के बिजली विभागों से समन्वय करने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा और पर्यावरण के लिहाज से भी यह बदलाव बेहतर है क्योंकि इंडक्शन और अन्य बिजली उपकरणों का उपयोग गैस की तुलना में अधिक सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त होता है। इससे स्टेशनों पर आग लगने जैसी दुर्घटनाओं का खतरा कम हो जाएगा और यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ मिलते रहेंगे।

# खड़ेरी में स्वामित्व योजना चढ़ी अतिक्रमण की भेंट

## भूमिधारियों की सूची के प्रकाशन के बिना ही हो गया सर्वे



**समय जगत, दमोह।** प्रदेश सरकार की स्वामित्व योजना ग्राम पंचायत खड़ेरी में अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है। क्षेत्रीय पटवारी को स्वामित्व योजना के अंतर्गत सर्वे कर शासकीय आवासी भूमिधारियों की सूची का प्रकाशन करना था लेकिन तत्कालीन पटवारी द्वारा भूमिधारियों के नाम की सूची के प्रकाशन किए बिना ही लेनदेन कर मन माने तरीके से नाम जोड़कर हॉट बाजार से लेकर सड़क किनारे तक अतिक्रमण करा दिए गए। यहां तक की वार्ड नंबर एक और दो में गांव की जो आवासीय भूमि है जहां लोग निवास करते हैं, उसको सर्वे में शामिल न कर खसरा नंबर 45 में से 46/1/2 गांव के बाहर जो खाली पड़ी जमीन है। आवासीय भूमि दर्शाकर शासन की योजना पर पलीता लगाया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बात की जानकारी जब गांव के लोगों को मिली तब इस तरह हो रहे अतिक्रमण को हटाने ग्राम सभा में प्रस्ताव भी पारित किया गया। यहां तक की इस संबंध में उच्च अधिकारियों से लिखित शिकायत भी की गई लेकिन आज भी कोई कार्रवाई न होना प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। जनपद पंचायत बटियागढ़ की ग्राम पंचायत खड़ेरी में हॉट बाजार हो गांव की सड़क किनारे से लगी भूमि सब जगह अतिक्रमण कर पक्की दुकान एवं मकान बनाकर लोग बेखौफ निवास कर रहे हैं। यहां तक कि पूर्व सरपंच के परिवार के लोग आज भी शासकीय शौचालय पर पर टीन शेड लगाकर निवास कर रहे हैं। शासकीय स्कूल में नौकरी करने वाले लोग भी शासकीय भूमि पर मकान का निर्माण करने में लगे है। अतिक्रमण के बाद कब्जा बेचे जाने की जानकारियां भी सामने आती है। ग्राम पंचायत के लोगों का मानना है कि पुनः सर्वे हो और भूमिधारी की सूची का प्रकाशन हो जिससे लोग दावे-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें और पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

# महिला की हत्या और लूट का आरोपी गिरफ्तार



**समय जगत, विदिशा।** 2 दिन पहले करारिया थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे के निर्माणाधीन पुलिया के पास एक अज्ञात महिला का शव पुलिस को मिला था। पुलिस द्वारा टीम बनाकर जांच पड़ताल की गई तो पाया कि महिला का गला दबाकर हत्या की गई थी और उसके पास रखे हुए सोने-चांदी के जेवर हत्यारा लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर इस अंधे कत्ल का खुलासा किया है। गत दिवस पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि थाना करारिया चौराहा क्षेत्रांतर्गत नव निर्मित गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे महिला का शव मिलने के गंभीर एवं सनसनीखेज प्रकरण में विदिशा पुलिस द्वारा त्वरित एवं सघन जांच करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना करारिया चौराहा पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच की गई। दिनांक 12 मार्च को सूचना प्राप्त हुई कि गुरारिया हाईवे ब्रिज के नीचे एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना करारिया चौराहा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

# विद्युत तारों की चिंगारी से जली 40 एकड़ फसल, किसानों में आक्रोश – विधायक सचिन बिरला ने लिया जायजा

**समय जगत, बड़वाह।** विद्युत मंडल की लापरवाही के चलते सनावद और बेड़िया क्षेत्र के कई गांवों में खेतों में भीषण आग लगने से किसानों की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। झूलते विद्युत तारों और क्षतिग्रस्त पोलों से हुए लाइन फॉल्ट के कारण लगी आग में करीब 40 एकड़ भूमि में खड़ी गेहूं की फसल नष्ट हो गई। इस घटना से प्रभावित किसानों में विद्युत मंडल के अधिकारियों के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बताया गया है कि रुपखेड़ा, गवल, कालबरड़, रावेरखेड़ी, भोगांवां सिपानी और बड़गांव टाकली गांवों के खेतों में यह आग फैली, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ। किसानों का आरोप है कि लंबे समय से खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों के तार खतरनाक ढंग से झूल रहे हैं और कई पोल भी क्षतिग्रस्त हैं। इसकी शिकायत कई बार विद्युत विभाग को दी गई, लेकिन समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया। सोमवार को बड़वाह विधायक सचिन बिरला ने एसडीएम सत्यनारायण दर्रो, तहसीलदार केसिया सोलंकी, नायब तहसीलदार प्रवीण सिंह, कृषि विस्तार अधिकारी बी.एस. सेंगर और विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री अलिंद देशपांडे के साथ प्रभावित खेतों का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने उन्हें झूलते तार और टूटे पोल दिखाते हुए अपनी परेशानी बताई। किसानों ने आरोप लगाया कि बिजली बिल समय पर चुकाने के बावजूद विभाग उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं देता। तेज हवा के दौरान झूलते तार आपस में टकराते हैं, जिससे निकलने



वाली चिंगारियों से खेतों में आग लग जाती है। किसानों ने मांग की कि शासन से उन्हें पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। साथ ही बडूद और कानापुर विद्युत ग्रिड के सुपरवाइजर कुंदन भंवर और रवि शुक्ला पर लापरवाही, अवैध वसूली और दुर्व्यवहार के आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग भी की। विधायक सचिन बिरला ने किसानों से चर्चा कर उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार प्रभावित किसानों के साथ है और उन्हें अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि नुकसान का सर्वे कर जल्द से जल्द मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाए। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर से भी दूरभाष पर चर्चा की।

विधायक ने विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्युत ग्रिडों के इंजीनियरों, सुपरवाइजरों और कर्मचारियों की बैठक बुलाकर झूलते तारों और क्षतिग्रस्त पोलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराया जाए, खासकर उन विद्युत लाइनों पर जो खेतों के बीच से गुजरती हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में लगी आग में ग्राम रुपखेड़ा में 5 एकड़, कालबरड़ में 10 एकड़, भोगांवां सिपानी में 15 एकड़ गेहूं की फसल और 11 एकड़ में बिछी सिंचाई पाइप लाइन, रावेरखेड़ी में 7 एकड़ फसल व पाइप लाइन, बड़गांव टाकली में 3 एकड़ तथा गवल में करीब डेढ़ एकड़ फसल जलकर नष्ट हो गई। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता राम मुकाती सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान मौजूद रहे, जिनमें महेश तारे, लोकेश पटेल, मोहनलाल दुबल्या, नंदराम दुबल्या, गुलाबचंद दुबल्या, जगन्नाथ भायड़िया, तिलोकचंद पटेल, जितेंद्र वर्मा, प्रेमसिंह सोलंकी, नारायण प्रजापत, आशाराम प्रजापत, राजकुमार प्रजापत, धनसिंह चौहान, भीम सिंह, रीतेश चौहान आदि शामिल थे।

# इच्छापुरा गांव से नाबालिग का अपहरण हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

## कोतवाली थाना क्षेत्र का है मामला



**समय जगत, श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के इच्छापूरा गांव से रविवार तड़के एक नाबालिग बालिका का अपहरण कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने बताया है कि लड़की का पता चल गया है और उसे दस्तयाब करने के लिए एक टीम दिल्ली भेजी गई है। यह घटना सुबह करीब 4 बजे हुई, जब तीन-चार बाइकों पर सवार युवक गांव पहुंचे और घर के पास से बालिका को अपने साथ ले गए। ग्रामीणों ने अपहरणकर्ताओं के मुस्लिम समुदाय से होने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों सहित ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। सोमवार दोपहर प्रजापति समाज के नागरिकों के साथ विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने बालिका की शीघ्र बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लगभग आधे घंटे तक प्रदर्शन किया और थाने का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान, लोगों ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। स्थिति को देखते हुए, कोतवाली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच के लिए एक टीम दिल्ली भेजी गई थी एसडीओपी राजीव गुप्ता ने बताया कि लड़की का पता चल गया है और वह दिल्ली में है, जिसे दस्तयाब करने के लिए पुलिस टीम भेजी जा रही है। वहीं, ग्रामीणों और संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि बालिका को जल्द सुरक्षित बरामद नहीं किया गया, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## राधा-कृष्ण मंदिर से चांदी सोने के आभूषण हुए चोरी

**समय जगत, श्योपुर।** शहर के सलापुरा क्षेत्र स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में गत रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर से भगवान के चांदी और सोने के आभूषण चोरी होने के बाद क्षेत्र के भक्तों में नाराजगी देखी जा रही है। पुलिस ने सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रात के समय अज्ञात चोर मंदिर का गेट खोलकर अंदर घुस गए और भगवान के आभूषण चुरा ले गए। सुबह जब मंदिर के पुजारी ब्रजलाल शर्मा पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर का बाहरी गेट खुला हुआ है। संदेह होने पर उन्होंने अंदर जाकर देखा, जहां भगवान के आभूषण गायब मिले। पुजारी ने बताया कि मंदिर से लगभग 250 ग्राम चांदी के दो मुकुट, करीब 200 ग्राम चांदी के चार कड़े और आधा तोला सोने की नथ सहित अन्य आभूषण चोरी हो गए हैं। आभूषण गायब देखकर उन्होंने तुरंत मोहल्ले के लोगों को जानकारी दी, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घटन की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

# आरक्षक और युवक में हुआ विवाद

**श्योपुर।** जिले के विजयपुर में एक आरक्षक ने युवक से मारपीट की। जिसका वीडियो सोमवार को सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। वीडियो में आरक्षक रामकेश रावत एक युवक को बीच सड़क पर पीटते और गाली-गलौज करते दिख रहे हैं। इस दौरान डायल 112 के चालक गणेश सेन भी मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। आरक्षक और चालक युवक को जबरन पुलिस वाहन में डालने की कोशिश करते भी दिखाई दे रहे हैं। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। विजयपुर थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली थी कि एक युवक किसी व्यक्ति से मारपीट कर रहा है।

**टीआई बोले-नशे में युवक ने पुलिस से की बदतमीजी गाली-गलौज की**

सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, मौके पर मौजूद युवक शराब के नशे में था और उसने पुलिसकर्मियों से भी बदतमीजी की। आरक्षक ने जानकारी दी कि उन्हें फरियादी मुकेश कुशवाहा का फोन आया था, जिसमें सुनवई निवासी उदयराज की ओर से मारपीट की सूचना दी गई थी। आरक्षक डायल 112 टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब युवक को पकड़ने का प्रयास किया गया, तो वह नशे में था और पुलिस से उलझने लगा। आरक्षक का आरोप है कि युवक ने उनके साथ हाथापाई की, उनकी उंगली काट ली और लगातार गाली-गलौज करता रहा। हालांकि गाड़ी में युवक को बैठाते समय आरक्षक को लात मारता युवक भी नजर आया है।

# जीएमसी दतिया में दो दिवसीय राष्ट्रीय सीएमई कार्यशाला का हुआ समापन



**समय जगत, दतिया।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जीएमसी दतिया के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा 12 एवं 13 मार्च 2026 को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम बायोटेक गाइडलाइंस और रिसर्च मेथ्योडोलांजी विषय पर संपन्न हुई। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया जिसमें देशभर के 320 चिकित्सा विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं तथा स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। इस सीएमई को 4 एमपीएमसी क्रेडिट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भोपाल से आए चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अरुणा कुमार, जीएमसी दतिया डीन एवं सीईओ डॉ. दीपक सिंह मरावी, डॉ. सुरेंद्र कुमार बौद्ध, डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. बीपी काले, डॉ. एसपी धनेरिया, डॉ. हरमीत सिंह रेहान, डॉ. सुरेश पोथानी, डॉ. विकाश मेधी, डॉ. अनंत पाटिल, डॉ. भावना भीमते, डॉ. जीवनलाल जैन, डॉ. हेमलता वर्मा, डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल, डॉ. अर्जुन सिंह तथा डॉ. राजेश गुप्ता आदि ने व्याख्यानों और संवादात्मक चर्चाओं ने प्रतिभागियों को आधुनिक नैदानिक अनुसंधान, फार्माकोएथिक्स तथा अनुसंधान पद्धति के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। दो दिवसीय कार्यक्रम में जैव-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अनुसंधान दिशा निर्देश, अनुसंधान पद्धति के मूल सिद्धांत तथा अनुसंधान में पशु नैतिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त पोस्टर और ई-पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा शोधकर्ताओं को अपने वैज्ञानिक कार्य प्रस्तुत करने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम की सफलता में समन्वयक टीम डॉ. श्रीराम कौरव, डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. वैभव बिलगैया, डॉ. आदित्य कुलथे, डॉ. शिवा साई सिरापुरापु, डॉ. अमन डांगी, डॉ. सोहम मसचरक, डॉ. रामेश्वरी बी. तथा डॉ. श्रेयांश सेंगर का महत्वपूर्ण योगदान रहा जबकि रविंद्र सलाम ने रसद एवं व्यवस्थाओं का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया। इस राष्ट्रीय सीएमई ने नैतिक अनुसंधान संस्कृति को प्रोत्साहित करने, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा को मजबूत बनाने तथा युवा शोधकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सार-समाचार

### संकल्प से समाधान अभियान का हुआ समापन




**समय जगत बड़वाह।** शासन की विविध जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए दिनांक 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान का प्रारंभ किया गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुलदीप किंशुक ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित किए गए थे जिसमें शासन की योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु वार्ड वासियों से आवेदन प्राप्त किए गए थे।

प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाकर नगर की आमजन को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया इसी तारतम्य में दिनांक 16 मार्च को संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत ऋण प्रकरण, नामांतरण एवं अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं समस्त वार्डों के सम्माननीय पार्षदगणों के द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलवाया गया आज इस समापन शिविर में पार्षद श्रीमती रजनी भंडारी पार्षद प्रतिनिधि विजय महाजन उपस्थित रहे एवं हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये।

### पुलिस ने लापता बालक को खोज निकाला

**समय जगत, दतिया।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लापता हुए एक बालक को खोज कर उसे परिजनों को सौंपा। जानकारी के अनुसार 14 मार्च को दोपहर 12 बजे बालक घर से पीतांबरा मंदिर जाने की कह कर निकला था लेकिन दोपहर 3 बजे तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने मंदिर परिसर, भंडारों और बाजार में उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने थाना सिविल लाइन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला–फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत तलाश शुरू कर दी। 15 मार्च को पुलिस ने बालक का पता लगाकर को थाने लाए और पूछताछ में बालक ने अपने साथ किसी प्रकार की घटना होने से इनकार किया।

### दतिया पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हेमंत ने पीताम्बरा पीठ पर किए दर्शन



**दतिया।** सोमवार को असम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा विषेश विमान से दतिया पहुंचे। दतिया एयरपोर्ट पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा की भाजपा पदाधिकारियों ने अगवानी कर पुष्पमाला और पट्टिका पहनाकर स्वागत किया। हेमंत एयरपोर्ट से सीधे पीतांबरा पीठ मंदिर पहुंचे, जहां पीतांबरा माई के दर्शन कर महाभारत कालीन प्राचीन शिवजी की पूजा अर्चना कर अपने राज्य व देश में अमन शांति की प्रार्थना की। पीठ पर मंदिर प्रतिनिधि अन्नू अंगल ने अगवानी करते हुए उनका स्वागत किया। दतिया आगमन पर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े और एसपी सूरज कुमार वर्मा ने अगवानी कर स्वागत किया। असम के मुख्यमंत्री हेमंत ने पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी की सरकार बनने की बात कही।

# आंखों पर पट्टी बांधकर एनएसयूआई का प्रदर्शन कॉलेज प्रशासन पर भेदभाव के लगाये आरोप



**समय जगत, श्योपुर।** आदर्श गर्ल्स कॉलेज श्योपुर में सोमवार को एनएसयूआई के छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आंखों पर पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर संगठन के साथ भेदभाव करने और कई महत्वपूर्ण मांगों की अनदेखी करने के आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान कॉलेज प्रशासन और छात्रों के बीच बहस भी हो गई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का कहना है कि कॉलेज प्रशासन सत्ता के दबाव में आकर लगातार संगठन के साथ भेदभाव करता है। उनका आरोप है कि कॉलेज में होने वाले कार्यक्रमों में उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाता और कई बार उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया जाता है। छात्रों ने बताया कि तीन दिन पहले एनएसयूआई श्योपुर द्वारा उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के आदेशों की जानकारी छात्रों तक पहुंचाने के लिए प्रिंट कॉपी कॉलेज परिसर और दीवारों पर लगाई गई थी। कॉलेज प्रशासन के कर्मचारियों ने इन प्रिंट को फाड़कर कूड़े में फेंक दिया। संगठन ने इस मामले में संबंधित स्टाफ पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई ने कॉलेज की मुख्य पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी उठाई। छात्रों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से वे इस मांग को उठाते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसके साथ ही छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती करने तथा पीएम एक्सीलेंस ऑफ कॉलेज श्योपुर की मुख्य पार्किंग में पीने के पानी की टंकी लगाने की मांग भी की गई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन और जिला प्रशासन की होगी।

## स्टोन क्रेशर में बारूद फटने से दो मजदूर झुलसे

**दतिया।** उनाव थाना अंतर्गत ग्राम गोविंदगढ़ स्थित एक स्टोन क्रेशर में रखे बारूद में अचानक विस्फोट हो गया जिससे दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार घायलों में बाबूराम निवासी जयपुर और गब्बर कुशवाहा निवासी ललितपुर उ. प्र. शामिल हैं।

# डॉ.दोगने को जन्मदिवस पर समर्थकों ने दी बधाइयां



**समय जगत, हरदा।** क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ.रामकिशोर दोगने का जन्मदिवस उनके निज निवास पर सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कांग्रेसजनों,क्षेत्रवासियों,समर्थकों एवं शुभचिंतकों का उनके निवास पर बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। सर्वप्रथम विधायक डॉ.दोगने ने सहपरिवार ग्राम हंडिया पहुंचकर मां नर्मदा एवं रिद्धेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्जन कर आर्शिवाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।इसके पश्चात विधायक डॉ.दोगने अपने निज निवास पर पहुंचे जहां पूर्व से उपस्थित कांग्रेसजनों, क्षेत्रवासियों,समर्थकों एवं शुभचिंतकों द्वारा विधायक डॉ. दोगने को पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर एवं शाल-श्रीफल भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं,सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भी उपस्थित होकर उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। जन्मदिवस के अवसर पर पूरे दिन विधायक निवास पर जिले भर से शुभेच्छुओं का आना-जाना लगा रहा। वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों, समर्थकों, शुभचिंतकों जिला बार एसोसिएसन के सदस्यों ने विधायक डॉ.दोगने को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही दूरभाष के माध्यम से मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पत्र के माध्यम से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर,प्रदेश के समस्त बड़े कांग्रेस नेताओं एवं श्री भुआणा प्रांतीय गुर्जर महासभा हरदा के अध्यक्ष द्वारा जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। विधायक डॉ.दोगने ने समस्त क्षेत्रवासियों, कांग्रेसजनों, समर्थकों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी के द्वारा जो स्नेह,आशीर्वाद और शुभकामनाएं मुझे प्राप्त हुई हैं, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभारी हूं। आपके प्रेम और विश्वास ने मुझे सदैव जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हरदा क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। आप सभी का स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र के विकास, जनता की समस्याओं के समाधान और जनहित के कार्यो के लिए मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करता रहूंगा। इस अवसर पर टिमरनी विधायक अभिजीत शाह,जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, खंण्डवा ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम सिंह पाल,महेश पटेल, गोविन्द व्यास, संजय भायरे, युसूफ बाबा, भूपेश पटेल, अनिल दुबे,आमिर पटेल,संजू दुबे,डॉ. रामकृष्ण दुगाया, दिनेश यादव, राहुल जायसवाल, सुप्रिया पटेल, लाजवंती लखोरे, अमर रोचलानी, संजय जैन,हयात खान, राहुल पटेल, धर्मेन्द्र चौहान,गगन अग्रवाल, निलेश सेन,आदित्य गार्गव, हरिमोहन शर्मा, विनय मालवीय, लक्ष्मीकांत दुबे, शैलेन्द्र जोशी सहित जिले भर से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## कुटी सरकार मंदिर पर आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए पूर्व विधायक

# श्रीराम कथा सुनने मात्र से व्यक्ति का हो जाता है कल्याण: घनश्याम सिंह



**दतिया।** श्रीराम कथा सुनने मात्र से व्यक्ति का कल्याण हो जाता हैं, हमें अपने जीवन को नैतिक मूल्यों के साथ जीने की शिक्षा देती है, श्रीरामकथा ज्ञान रूपी अमृत का भंडार हैं, इस ज्ञान गंगा की थोड़ी सी बातें भी यदि व्यक्ति जीवन में व्यक्ति अपना लेता हैं तो उसका कल्याण हो जाता है। ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए। उक्त विचार सेंवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने श्री हनुमान जी की कुटी सरकार मंदिर ग्राम ररुआराय में आयोजित श्रीरामकथा में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ईश्वर हमारे क्षेत्र पर कृपा करें, लोगों में आपसी सद्भावना बढ़े, सभी समृद्धि की ओर बढ़ें, ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। इससे पहले श्री सिंह ने पूज्य श्रीरामायण ग्रंथ को नमन किया तथा कथा व्यास पंडित विजयानन्द गिरि का पुष्पहार से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों ने पूर्व विधायक श्री सिंह का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

## भारतीय जनता पार्टी में ही कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का होता है काम: सुनील पंडा

**समय जगत, दतिया।** भारतीय जनता पार्टी उनाव मंडल प्रशिक्षण वर्ग में दूसरे समापन दिन की शुरुआत पित्त पुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गीत के साथ हुई। समापन सत्र की अध्यक्षता विवेक पटेल ने की। बक्ता के रूप में सुनील पंडा ने पार्टी के वैचारिक अभियान पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक पार्टी है जो व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी के विचार से मेल नहीं खाता वह पार्टी में रह ही नहीं सकता क्योंकि हमारा दल और दलों से अलगा जब हो जाता है जब हम देश पहले दल बाद में के धेय को प्रतिपादित करते हैं इसीलिए पार्टी प्रशिक्षित कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का काम करती है। भाजपा सरकार की जो योजनाएं बनती वह भी वैचारिक अधिष्ठान से उत्पन्न होती है तब जाकर देश के आम जनमानस के लिए फलदाई हो पाती है। इस अवसर पर वर्ग के अधिकारी रामरतन यादव ने भी अपनी बात रखी। बैठक का संचालन राजीव पटेल एवं आभार हेमंत यादव ने किया। कार्यक्रम में अनूप तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, जीतू पंडा, दमयंती खेरखिया, गोविंद डांगी, जगदीश शर्मा, महेंद्र यादव, कमलेश आदिवासी, पवन कुशवाहा, रामजीवन नायक, अरविंद शर्मा, आकाश राय, रामपाल अहिरवार, करतार गुर्जर, कृष्ण पाल गुर्जर, मैथिली गुप्ता, विशाल यादव, उधम परिहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेल: dainiksamayjagat@gmail.com

# जनपद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक अफवाहों पर न दें ध्यान : जिलाधिकारी



**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों- पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शनिवार को अधिकारियों और गैस एजेंसी डीलरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आम जनता किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानों पर गैस की कमी को लेकर अफवाहें फैल रही हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि जनपद में एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं, ताकि अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि गैस बुकिंग और होम डिलीवरी की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। जिन उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई है, उन्हें सिलेंडर की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से ही की जाए और उपभोक्ताओं को गोदामों पर जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और खाद्य रसद विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करें। यदि कहीं भी कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध रिफिलिंग, उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूली या घरेलू सिलेंडरों का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने डीलरों को निर्देश दिया कि ऑनलाइन गैस सिलेंडर रिफिल बुकिंग के बाद पहले बुक कराओ, पहले पाओ के सिद्धांत का पालन किया जाए। सिलेंडर वितरण ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा और बुकिंग के बाद हॉकर द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि डिलीवरी मैन अपने वाहन में जितने सिलेंडर लेकर जाएं, उनकी बुकिंग पर्चियां साथ रखें। यदि सिलेंडर उपभोक्ता को दिया गया है तो उसकी प्राप्ति पर्ची भी उपलब्ध करानी होगी। डिलीवरी मैन अपने वाहन में वजन मापने का यंत्र भी साथ रखें और उपभोक्ताओं को तौलकर पूरी मात्रा में गैस उपलब्ध कराएं। सिलेंडर देने के समय उपभोक्ताओं को मूल्य अंकित पर्ची देना भी अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एजेंसी डीलर अपने शोरूम पर उपलब्ध स्टॉक की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इसके अलावा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शोरूम पर हेल्पडेस्क स्थापित करें तथा शोरूम और गोदाम परिसर में निर्धारित दूरी पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। बैठक में एसपी मो.मुश्ताक, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चंद्र मिश्र, विभिन्न कंपनियों के एलपीजी सेल्स ऑफिसर तथा जनपद की सभी गैस एजेंसियों के डीलर मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस की उपलब्धता पूरी तरह सामान्य है और उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 33,039 मामलों का निस्तारण

## 12 करोड़ से अधिक की समझौता राशि तय

**समय जगत, ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। आयोजन की देखरेख नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर जिला जज (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवप्रिय सारस्वत द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया तथा एक मु-ी आसमान थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। लोक अदालत के दौरान जिला दिव्यांगजन अधिकारी की ओर से दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर आदि उपकरण वितरित किए गए, वहीं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों और विभागों से संबंधित कुल 33,039 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इन मामलों में कुल 12,03,18,633 रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी राकेश वर्मा ने मोटर दुर्घटना से जुड़े 24 मामलों का निस्तारण कर 39.30 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। वहीं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नंदप्रताप ओझा ने पारिवारिक विवादों से जुड़े 49 मामलों का निस्तारण किया। स्थायी लोक अदालत की अध्यक्ष सरिता वाधवानी ने 4 मामलों का निपटारा किया, जबकि अपर जिला जज (प्रथम) यादवेन्द्र सिंह ने 75 मामलों का निस्तारण किया। अपर जिला जज (एससी/एसटी एक्ट) विकास कुमार तथा अपर जिला जज (डकैती) सुनील सिंह ने भी मामलों का निपटारा कर जुर्माना निर्धारित किया।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने 2478 मामलों का निस्तारण कर 3.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा सिविल जज (सीडी-एफ्टीसी) अदिति जैन, सिविल जज (जूनियर डिवीजन) आकृति, सिविल जज (जूनियर डिवीजन-एफ्टीसी) नवीन कुमार-2, एसीजेएम महरौनी नवीन कुमार-प्रथम, सिविल जज महरौनी अतुल तथा ग्राम न्यायालय तालबेहट के न्यायाधिकारी रंजीत ने भी कई मामलों का निस्तारण किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के 713 मामलों का निस्तारण कर 11 करोड़ 28 लाख 19 हजार रुपये की समझौता राशि तय की गई। वहीं भारत संचार निगम लिमिटेड से जुड़े एक मामले का भी निपटारा हुआ। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ललितपुर और उनके अधीनस्थ विभागों द्वारा 28,958 मामलों का निस्तारण किया गया।

# डांस के बीच दंपती ने की कई राउंड फायरिंग, वीडियो वायरल से बढ़ी परेशानी

**समय जगत, उरई ।** शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का एक मामला सामने आया है, जिसमें पति-पत्नी द्वारा खुलेआम बंदूक से फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बावजूद भी अभी तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम हुसेपुरा जागीर (जगम्मनपुर) का बताया जा रहा है। जहां 11 मार्च को गांव के रहने वाले देवेंद्र प्रजापति के पुत्र अंकित की शादी थी, शाम करीब 8 बजे शादी समारोह के दौरान निकासी का कार्यक्रम चल रहा, इस दौरान महिलाएं गाने पर डांस कर रही थी, इसी दौरान ग्राम भिटारी निवासी हरेन्द्र कुमार उर्फ रानू प्रजापति पुत्र काशी प्रसाद अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर पहुंचे और डांस के बीच हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी पत्नी को भी बंदूक देकर डांस के दौरान फायरिंग करवाई। समारोह में मौजूद लोगों के अनुसार दोनों ने कई राउंड फायरिंग की, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान गांव के पूर्व प्रधान ने उन्हें फायरिंग करने से रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन उसके बावजूद भी दोनों नहीं माने और लगातार हर्ष फायरिंग करते रहे। इस पूरी घटना का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।गौरतलब है कि शादी समारोह या अन्य कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग पर हाईकोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सख्त प्रतिबंध लगाया गया है।

# दिनदहाड़े लूट से हड़कंप, महिला की मौत, पुलिस पर गिरी गाज

**समय जगत, उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना और घायल महिला की इलाज के दौरान मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुठौंद थाना प्रभारी अजय पाठक को लाइन हाजिर कर दिया, जबकि शंकरपुर चौकी प्रभारी कुलवंत शरण को निलंबित कर दिया है। एसपी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।गौरतलब है कि गुरुवार को कुठौंद थाना क्षेत्र की शंकरपुर पुलिस चौकी के पास दिनदहाड़े लूट की घटना हुई थी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के मड़िया गांव निवासी तेज सिंह पुत्र सिपाही लाल अपनी पत्नी रचना देवी (करीब 35 वर्ष) के साथ बाइक से अपनी ससुराल तिर्वा, जनपद कन्नौज जा रहे थे। रास्ते में दोनों ने सिरसा कलार बाजार में कुछ खरीदारी की थी और वहां से आगे निकल पड़े थे।जैसे ही वे कुठौंद थाना क्षेत्र के शंकरपुर चौकी अंतर्गत धराना गांव के पास स्थित भीमसेन मंदिर के नजदीक पहुंचे, तभी पीछे से आए एक बाइक सवार बदमाश ने झपट्टा मारकर रचना देवी के हाथ से बैग छीन लिया। अचानक हुए इस झटके से रचना देवी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बदमाश बैग लेकर मौके से फरार हो गया।परिजनों के अनुसार बैग में करीब 20 हजार रुपये नकद, एक कमर पेटी और कानों के टोकस रखे हुए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल महिला को पहले नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें औरैया रेफर कर दिया गया। औरैया से भी स्थिति नाजुक होने के चलते उन्हें कानपुर के अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।दिनदहाड़े पुलिस चौकी के पास हुई इस वारदात ने इलाके में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला था। इसी बीच कुठौंद थाना प्रभारी अजय पाठक की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें वे गैर जनपद के कथित अपराधियों के साथ एक होटल में जन्मदिन मनाते हुए दिखाई दे रहे थे।पुलिस अधीक्षक ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। उन्होंने कुठौंद थाना प्रभारी अजय पाठक को लाइन हाजिर, जबकि शंकरपुर चौकी प्रभारी कुलवंत शरण को निलंबित किया है। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने स्पष्ट कहा है कि ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही और अपराधियों से नजदीकी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले की जांच जारी है और लूट की घटना में शामिल बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया।

# ट्रेन में सोते समय इंजीनियर का मोबाइल चोरी, जीआरपी ललितपुर में मामला दर्ज

**ललितपुर।** चलती ट्रेन में सफर के दौरान एक यात्री का महंगा मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में त्रश1द्गह्लठ्ठ-द्दठ्ठह्ल ऋड्डद्यद्य2ड्ड4 क्कशद्यद्बष्द्ग (जीआरपी) थाना ललितपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के भिंड निवासी इंजीनियर मयंक अनिल त्रिपाठी ट्रेन संख्या 12716 सचखंड एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान वे झांसी स्टेशन के पास सो गए। जब ट्रेन रुड्डद्यद्बह्लश्चह्वह्म् रेलवे स्टेशन पहुंची और उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका सैमसंग गैलेक्सी स्23 स्नश्च मोबाइल फोन गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई।शिकायत में बताया गया है कि चोरी हुआ मोबाइल लगभग 15 हजार रुपये मूल्य का है, जिसमें एयरटेल और वोडाफोन के सिम कार्ड भी लगे थे। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (क्चहृस्) की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक लाल बहादुर सिंह को सौंपी गई है।

# सभी एकल नल जल योजनाओं को 31मार्च 2026 तक पूर्ण किए जाएं : श्री पी. नरहरि

**निवाड़ी।** प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यात्रिक विभाग मध्य प्रदेश ने योजनाओं को पूर्ण कराने, हस्तान्तरण कराना एवं संचालन संधारण एवं प्रबंधन हेतु निर्देशित किया वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टर, सीईओ एवं संबंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यात्रिक विभाग मध्य प्रदेश शासन श्री पी. नरहरि (पै) द्वारा सागर सभाँग अंतर्गत जल जीवन मिशन की प्रगतिरत एकल नल जल योजनाओं का की समीक्षा की गयी है, बैठक मे प्रमुख सचिव द्वारा सभी एकल नल जल योजनाओं को 31मार्च 2026 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। प्रमुख सचिव द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचयात को योजनाओं को पूर्ण कराने, हस्तान्तरण कराना एवं संचालन संधारण एवं प्रबंधन हेतु निर्देशित किया।

बैठक मे कमिशनर सागर संभाग उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना एवं जल संसाधन विभाग श्री संदीप भारतद्वाज तथा संबंधित अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय स्थित एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में सहभागिता की।

# गाली-गलौज के बाद युवक पर चाकू से हमला

**समय जगत, ललितपुर।** जनपद के मडावरा थाना क्षेत्र में गाली-गलौज के विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी बीरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 12 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे अपने घर के दरवाजे पर परिजनों और रिश्तेदारों के साथ बैठा था। इसी दौरान गांव का ही रोहित पुत्र अशोक वंशकार वहां आ गया और गाली-गलौज करने लगा। जब बीरन ने उसे मना किया तो आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि बीच-बचाव करने आए रिश्तेदार के साथ भी आरोपी ने मारपीट की और चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समय जगत,** ललितपुर। जनपद के जखौरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी रामदास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश और जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पति पर जान से मारने की कोशिश व मारपीट का आरोप, कोतवाली में मुकदमा दर्ज

**समय जगत, ललितपुर।** शहर क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर जान से मारने की कोशिश और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नई बस्ती निवासी ज्योति रिछारिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च की रात करीब 11 बजे वह दवा लेकर घर में सो रही थी। इसी दौरान उसके पति मनोज रिछारिया ने तकिये से उसका मुंह दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जब वह घबराकर उठी तो आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि वह उसे मार देगा और इसे आत्महत्या का रूप दे देगा। इसके बाद उसने लात-घूंसों और चप्पलों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले भी कई बार उसे प्रताड़ित कर चुका है और गैस सिलेंडर खोलकर भी जान से मारने का प्रयास कर चुका है। महिला के अनुसार शादी के कुछ समय बाद से ही पति द्वारा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पत्नी को बचाते-बचाते जान गंवा बैठा सेना का जवान

उरई। पत्नी को आग की लपटों से बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से झुलसे भारतीय सेना के जवान की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को जब जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव रामपुर थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर पहुंचा तो पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से इस वीर सपूत को अंतिम विदाई दी गई। सेना के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। रामपुरा थाना क्षेत्र के ऊमरी नगर निवासी भारतीय थल सेना के जवान बृजेंद्र सिंह जोधावत पुत्र नवाब सिंह जोधावत कुछ दिन पहले ही अवकाश पर अपने घर आए थे।

# कॉलेज जाने निकली युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी करीब पुत्री बीती 9 मार्च की सुबह करीब 10.30 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। खोजबीन के दौरान पता चला कि गांव का ही एक व्यक्ति अपने साथी के साथ युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आम सूचना

मैं, मुन्नी रावत नं 14933041W हवलदार राकेश सिंह मेरे पति के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम मुन्नी रावत जन्मतिथि 15-06-1984 से बदलकर नाम मुन्नी जन्मतिथि 05-07-1977 कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 47AA 857683 दिनांक 14-03-2026.

## आम सूचना

मैं, उषा सिंह माता नं 14664866K हवलदार शैलेन्द्र सिंह मेरे बेटे के सर्विस रिकॉड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम उषा सिंह से बदलकर नाम मुन्नी सिंह कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र सं 47AA 85767

## आम सूचना

I, ServiceNo 15616368W Hav Venkateswara Rao Bavirisetti Address: - 7-181C, Bondapalli, Bondapalle, Vizianagaram, Andhra Pradesh - 535260. That I, have changed my name from Venkateswara Rao Bavirisatti To Venkateswararao Bavirisetti affidavit No 47AA 857679 date 14-03-2026 Jhansi

## आम सूचना

I, Sarasan K father of No JC-783230W Nb/Sub Sanu S Address: Clappana South, Clappana P O, Karunagappally, VTC: Clappana, District: Kollam, State – Kerala, Pin – 690525 That I, have changed my name from Sarasan K To Sarasan Affidavit No 47AA 857680 date 14-03-2026 .

## आम सूचना

I, Apari Devi mother of No14944725M L/Nk Vipendra Singh Rawat That I, have changed my name from Apari Devi To Apar Dei date of birth 10-02-1968 To 05-02-1964 Affidavit No 47AA 857666 date 14-03-2026 .

## आम सूचना

I, Army Service No 15733705L Rank Nk Name Tarkeshwar Kumar Bedia That I, have changed my son name from Divyanshu Kumar Bedia To Divyansh Bedia for all future pur purposes.

## आम सूचना

I, P Revathi wife of No 2611271F Hav Munirathinam B Address : - DNO Ka123, Bellarampalli, Kothupalli, Krishnagiritaluk, Ballarapalli, Krishnagiri, Tamil Nadu – 635122. That I, have changed my name from P Revathi To Revathi P for all future purposes.

## आम सूचना

I, Army Service No 15186269H Nk Thombre Sachin Sampat Address: At – Mesankhede Kh Post – Shingve Tal – Chandwad, Mesankhede Khurd Nashik Maharashtra - 423104. That I, have changed my daughter name from Sonakshi To Sonakshi Sachin Thombre for all future.

## आम सूचना

I, Laxmi Hanmant mother of Jotiba Balekundri Address : - 1407/01, Ib Road Bidi,VTC: Bidi, Po : Bidi, Sub District: Khanapur, District : Belagavi, State – Karanataka, Pin – 591106. That I, have changed my name from Laxmi Hanmant To Laxmi Balekundri for all future purposes.

## आम सूचना

I, Bairappan father of No 2611271F Hav Munirathinam B That I, have changed my name from Bairappan To Bairappan Chinnasamy for all future purposes.

## आम सूचना

I, Hanmant father of Jotiba Balekundri Address : - 1407/01, Ib Road Bidi,VTC: Bidi, Po : Bidi, Sub District: Khanapur, District : Belagavi, State – Karanataka, Pin – 591106. That I, have changed my name from Hanmant To Hanamant Balekundri for all future purposes.

## आम सूचना

I, No 2611271F Hav Munirathinam B Address : - DNO Ka123, Bellarampalli, Kothupalli, Krishnagiritaluk, Ballarapalli, Krishnagiri, Tamil Nadu – 635122. That I, have changed my daughter name from MR Nisha To Nisha M R for all future purposes.

## आम सूचना

I, Gorli Subba Laxmi is legally mother of No 14867570A SEP/MT G Siva Address: 000 Latchireddipalem, East Godavari, Andhra Pradesh – 533406. That I, have changed my name from Gorli Subba Laxmi To Gorli Subbalakshmi Affidavit No 47AA 857687 date 16-03-2026 before Jhansi.

## आम सूचना

I, Rani Bairappan mother of No2611271F Hav Munirathinam That I, have changed my name from Rani To Rani Bairappan for all future purposes.

## आम सूचना

I, Jotiba Balekundri Address : - 1407/01, Ib Road Bidi,VTC: Bidi, Po : Bidi, Sub District: Khanapur, District : Belagavi, State – Karanataka, Pin – 591106. That I, have changed my daughter name from Kavya To Kavya Jotiba Balekundri for all future purposes.

## आम सूचना

I, Jotiba Balekundri Address : - 1407/01, Ib Road Bidi,VTC: Bidi, Po : Bidi, Sub District: Khanapur, District : Belagavi, State – Karanataka, Pin – 591106. That I, have changed my daughter name from Prathana To Prathana Jotiba Balekundri for all future purposes.

## आम सूचना

I, No 14840307L Hav Dhigole Chhoturam Januji Address: Zopadpatti, Bauddha Wada, At, Po Ural Bk. TQ, Balapur, Ural Bk, Akola, Maharashtra - 444311. That I, have changed my son name from Shreyash To ShreyashChhoturam Dhigole Affidavit No 47AA 857685 date 16-03-2026 before Jhansi.

## आम सूचना

I, Rani Bairappan mother of No2611271F Hav Munirathinam That I, have changed my name from Rani To Rani Bairappan for all future purposes.

## आम सूचना

I, Jotiba Balekundri Address : - 1407/01, Ib Road Bidi,VTC: Bidi, Po : Bidi, Sub District: Khanapur, District : Belagavi, State – Karanataka, Pin – 591106. That I, have changed my daughter-name from Tejeshwi To Tejeshwi Jotiba Balekundri for all future purposes.

## आम सूचना

I, Kavita Chhoturam Digole is legally wife of No 14840307L Hav Dhigole Chhoturam Januji Address: Zopadpatti, Bauddha Wada, At, Po Ural Bk. TQ, Balapur, Ural Bk, Akola, Maharashtra - 444311. That I, have changed my name from Kavita Chhoturam Digole To Kavita Chhoturam Dhigole Affidavit No 47AA 857686 date 16-03-2026 before Jhansi.

## आम सूचना

I, No 14840307L Hav Dhigole Chhoturam Januji Address: Zopadpatti, Bauddha Wada, At, Po Ural Bk. TQ, Balapur, Ural Bk, Akola, Maharashtra - 444311. That I, have changed my daughter name from Aaditi To Aaditi Chhoturam Dhigole Affidavit No 47AA 857 684 date 16-03-2026 before Jhansi .

# राज्य महिला आयोग सदस्य की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई व समीक्षा बैठक

## बैठक में वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित, समस्याओं के समाधान के दिये गये निर्देश




**महोबा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी की अध्यक्षता में महिला /बालिका उत्पीडन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जनसुनवाई / समीक्षा बैठक आज तहसील सभागार चरखारी में की गयी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में 23 पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं द्वारा शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, अवशेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सदस्या द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को यथोचित निस्तारण किये गये जाने हेतु आदेश दिये गये।

उक्त कार्यक्रम में सीमा कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख चरखारी, धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी चरखारी, दीपक दुबे क्षेत्राधिकारी चरखारी, महन्त प्रजापति श्रम प्रवर्तन अधिकारी, डा0 सुनील सक्सेना चिकित्सा अधीक्षक महोबा, हर्षवर्धन नायक जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपनिरीक्षक नेहा, उप निरीक्षक शिल्पी राजपूत, उप निरीक्षक, निकिता शुक्ला, महिला आरक्षी किरन, श्रीमती मधुबाला चौरसिया, सदस्य बाल कल्याण समिति महोबा, पवन कुमार राजपूत, कनिष्ठ सहायक, श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रीमती रीता चौरसिया जेण्डर स्पेस्लिस्ट श्रीमती क्षमा, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेन्टर, श्रीमती अर्चना, केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर, अवधेश निरंजन, परामर्शदाता, दीपक कुमार, को-आर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन, भुजवल सिंह आउटरीच वर्कर, महोबा के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यूनिक प्ले स्कूल राम कथा मार्ग में रही वार्षिकोत्सव की धूम

महोबा। राम कथा मार्ग स्थित यूनिक प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बहुत सुंदर कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी कार्यक्रम का उद्घाटन कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री चक्रपाणि जी ,भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा जी, निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। बच्चों की प्रस्तुति देख सभी दर्शकों ने तालियों की गूंज से बच्चों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में गणेश वंदना ,स्वागत डांस से प्रारम्भ हुआ बेटी पढ़ाओ डांस के माध्यम से बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में देश के विकास में सहयोग कर सकती हैं सेल्फ डिफेंस आदि विविधतापूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा सामाजिक संदेश दिए गए।

# पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**महोबा।** पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन के जिला मंत्री ज्ञानचंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए एसोसिएसन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी सौंपा है। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों में न्याय दिलाने और उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि देश की सुरक्षा में वर्षों तक सेवा देने वाले पूर्व सैनिकों को कई बार विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में पुलिस प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन ने अपने पत्र में कुछ घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही पूर्व सैनिकों के सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी मांग की गई है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान की रक्षा करना समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस संबंध में उन्होंने सरकार से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने और संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आग्रह किया है

## संक्षिप्त समाचार

### जबरिया मकान बनाने की हुई शिकायत



**बांदा।** पैलानी थाना अंतर्गत तनगा मऊ गांव निवासी सुखरानी पत्नी रामखेलावन ,मेनका पत्नी कालीचरण, चंपा पत्नी ननकू ,मुन्नी पत्नी घसीटा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि उनकी गाटा संख्या 50 , 51 पर गांव के दबंग रजुली उर्फ श्याम बाबू पुत्र गया दिन प्रजापति ने जबरिया मकान का निर्माण कर लिया है। प्रार्थी गण मजदूरी करने के लिए बाहर गए थे ।जब वापस लौट कर आए तब निर्माण हो चुका था ।कहने पर गाली गलौज व जान माल की धमकी देते हैं।

### सार्वजनिक जमीन पर कब्जे की शिकायत




**बांदा।** न्यू मार्केट शहर निवासिनी उर्मिला पत्नी देशराज ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि सार्वजनिक मार्ग पर कब्जा करने की नीयत से गुलाब धुरिया ,नरेंद्र धुरिया पुत्र बच्चा लाल ,सागर धुरिया पुत्र राजेश ,सोनू पत्नी नरेंद्र, पूनम ,गुंजा पुत्री बच्चा लाल, अंजलि पत्नी रजोल, तथा तीन अज्ञात लोग सार्वजनिक स्थल पर अवैध निर्माण करने लगे ।जिसका विरोध करने पर सभी लोगों ने मिलकर के हमारे साथ मारपीट की अभद्र व्यवहार तथा छेड़खानी किया। जिसकी सूचना संबंधित चौकी बलखंडी नाका में देने के लिए जाने लगे तो उपरोक्त लोगों ने रास्ते में गाली गलौज व मारपीट किया।

### फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत



**महोबा।** भारत सरकार के निर्देशों और जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देशन में आगामी डिजिटल जनगणना 2026-2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानो की गणना को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी विशाल सिंह, प्रभारी अधिकारी जनगणना मनीष केसरवानी, ट्रेनर जयराम कुटार, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जिला गणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों मोबाइल ऐप और जनगणना की प्रक्रियाओं से परिचित कराना है और उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी जिसमें डेटा संग्रह के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और आनलाइन पोर्टल का उपयोग होगा।

### अंतर्राष्ट्रीय काशी विश्वनाथ साहित्य शिरोमणि सम्मान से सुरेश सोनपुरे 'अजनबी' हुए सम्मानित



**समय जगत, भोपाल।** प्रगति विचार एवं साहित्य मंच बुलन्द शहर के संस्थापक डॉ हरेन्द्र हर्ष एवं चारु साहित्य प्रतिष्ठान विराट नगर नेपाल के अध्यक्ष डॉ देवी पंथी के संयुक्त सौजन्य स भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय साहित्य/सांस्कृतिक मैत्री सम्मेलन का भव्य आयोजन श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंध विद्यालय दुर्गाकुण्ड वाराणसी मे सफलता एवं सार्थकता के साथ सम्पन्न हुआ ।डॉ घनश्याम न्यौपाने,कुलपति बर्दघाट प्रज्ञा प्रतिष्ठान लुम्बनी नेपाल की अध्यक्षता एवं प्रियम्बदा दास उड़ीसा,राव शिवराज सिंह जयपुर,डॉ प्रियंका श्रीवास्तव भोपाल,डॉ शिवनाथ सिंह शिव ।यबरेली,प्रतिभा त्रिपाठी उड़ीसा,ममता मृदुल काठमांडू, शरत मिश्रा भुवनेश्वर,डॉ अनिता मेहता पुणे,डॉ वीणा पाणी भुवनेश्वर,जगदीश चंद्र पांडे,नैनीताल,विमला व्यास प्रयागराज के विशिष्ट आतिथ्य मे गीत, गजल,कविता,चारु,लघु कथा, शोध पत्र वाचन आदि सत्रों में दोनों देशों के लगभग 100 साहित्यकारों /रचनाकारों ने भाग लिया।

# अविरल-निर्मल यमुना यात्रा के नायकों का सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी संपन्न

## जल सहेलियों की 500 किलोमीटर पदयात्रा ने समाज में जगाई नदी संरक्षण की नई चेतना

**समय जगत हमीरपुर।** यमुना नदी को अविरल और निर्मल बनाने के संकल्प के साथ बुंदेलखंड की जल सहेलियों द्वारा संचालित लगभग 500 किलोमीटर लंबी ÷अविरल-निर्मल यमुना यात्रा÷ सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी है। यह यात्रा 29 जनवरी को जालौन जनपद स्थित पंचनदा धाम से प्रारंभ हुई थी, जहाँ यमुना, चंबल, सिंध, पहुज और कुंवारी नदियों का संगम होता है। कई जिलों और सैकड़ों गाँवों से होते हुए यह यात्रा अंततः दिल्ली के वासुद घाट पर जाकर पूर्ण हुई,विचार गोष्ठी का आयोजन 15 मार्च 2026 को अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक यमुना पथ पर हुआ, जिसमे पर्यावरण विद जल वैज्ञानिक डा. संजय सिंह, उपस्थित रहे, एवं विशिष्ट अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डा.महेंद्र कुमार पाण्डेय, एवं मुख्य अतिथि पुष्पा सचान (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद) व परियोजना निदेशक द्वारा भी कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम मे बदायूं से आयी डा. सविता ने भी अपने विचार व्यक्त किये, कार्यक्रम के अंत बाल कल्याण समिति अध्यक्ष विभा भारती व डा.महेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा समिति के सदस्यों विजय शंकर श्रीवास्तव( बाबू जी ), शिव विजय सिंह, वा ज्ञानवेन्द्र कुशवाहा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया, कार्यक्रम का आयोजन शिव विजय सिंह, वा राजेंद्र वीर सिंह द्वारा किया गया, कार्यक्रम हमीरपुर वा कानपुर एवं सुमेरपुर के साथ साथ नगर के लोग भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। जिसमे राजेश सचान,एमपीसिंह (एएचटी प्रभारी ), अनवर खान, सफवान, हुमैरा उपस्थित रही, कार्यक्रम का संचालन देशराज द्वारा किया गया।

### चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात व नगदी की पार

**समय जगत (हमीरपुर)।** नगर के पठानपुरा मुहल्ला में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली। पीड़िता ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में कर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मुहल्ला पठानपुरा निवासी निर्मला पत्नी संदीप ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का गुजारा करती हैं। बीती रविवार को जब वह बाजार गई हुई थीं। उसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर सोने का मंगलसूत्र, सोने का हार, चांदी की पायल, चांदी के बिछुआ, बच्चों की चांदी की करधनी, चांदी की बिछिया सहित करीब 500 रुपये नगद चोरी कर ले गए। जब वह घर लौटीं तो सामान बिखरा पड़ा था और जेवर व नगदी गायब थे ।जिसकी शिकायत पीड़िता ने राठ कोतवाली में कर कार्रवाई की मांग की है।

### भारतीय किसान यूनियन द्वारा तहसील समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

**बांदा।** सदर तहसील की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की सदर तहसील में एक बैठक की ।और उप जिला अधिकारी सदर को मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि सदर तहसील के लेखपाल स्वयं का अपना एजेंट रखते हैं जिनसे किसानों के काम करवाते हैं ।और यह एजेंट लेखपाल हाल में उपस्थित रहते हैं ।और किसानों का शोषण करते हैं ।बड़ोखर ब्लॉक के बेलबई एवं कलेक्टर पुरवा में नाली, सेक्टर ,खलिहानों का अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिसे हटाया जाए ।बड़ोखर ब्लॉक के पिपरी लोधौरा गांव में पाइपलाइन फटी हुई है ।जिससे संपर्क मार्गो में पानी भर जाता है। जिससे लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है ।इन तमाम मांगों को लेकर के एसडीएम बांदा से कार्यवाही की मांग की गई है। इस मौके पर बुंदेलखंड कानपुर क्षेत्र के जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष कमल नयन पटेल, उपाध्यक्ष रामदास साहू ,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्राची सिंह, ओम प्रकाश सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहू समाज ने मनाई मां कर्मा की जयंती



**समय जगत (हमीरपुर)।** नगर के चोपड़ा मंदिर गेट के पास साहू समाज के लोगों ने जलपान की स्टाल लगाकर माँ कर्मा बाई की जयंती मनाते हुये राहगीरों को खिचड़ी व शीतल पेय वितरित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने कर्मा बाई के जीवन पर प्रकाश डाला। साहू समाज के जिलाध्यक्ष विकास साहू उर्फ बल्लू ने बताया कि मां कर्मा बाई भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त थी। जिन्होंने भगवान को खिचड़ी भोग लगाकर प्रसन्न किया और भगवान को दर्शन देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ0 बीके साहू, चंद्रशेखर साहू, लखन साहू, शीतल, शिक्षक अशोक साहू, कमलाकांत बाबूजी, हरिकिशन, हरिश्चंद्र, मुन्नालाल साहू, हरिमोहन साहू, सुशील, संदीप, रिंकू साहूख़्खिरियाख़् आदि लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिकों के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन



**समय जगत (हमीरपुर)।** आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद व हिंदू युवा संगठन के लोगों ने देश में पूर्व सैनिकों के साथ हो रही घटनाओं को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राठ को सौंपा। ज्ञापन में पूर्व सैनिकों के सम्मान और सुरक्षा की मांग की गई है।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद व हिंदू युवा संगठन के अध्यक्ष बृजेश खरे ने तहसीलदार राठ व कोतवाली प्रभारी को दिए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश के झांसी और कानपुर सहित कई स्थानों पर पूर्व सैनिकों के साथ अभद्र व्यवहार और कार्रवाई के मामले सामने आए हैं। वहीं भिंड जिले के मिहोना थाना क्षेत्र में एक घटना में पुलिस द्वारा पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर राकेश सिंह राजावत के साथ मारपीट और अभद्र भाषा के प्रयोग का भी आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि इस दौरान उनकी बुजुर्ग माता के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से देश की सेवा कर चुके सैनिकों के सम्मान को ठेस पहुंच रही है और ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। संगठन ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित, राजस्थान दिवस कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश



**समय जगत, धौलपुर।** फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वहीं पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखें तथा समय-समय पर पानी के नमूने लेकर गुणवत्ता जांच कराना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना के लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभावी एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण करें, ताकि आमजन की सहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सकें। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित एवं तर्कसंगत समाधान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों में फॉगिंग गतिविधियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

**युवा शक्ति महोत्सव का होगा आयोजनः** उन्होंने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस 2026 के अन्तर्गत 17 मार्च को युवा शक्ति महोत्सव का आयोजन नगर परिषद टाउन हॉल में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**समय जगत, धौलपुर।** सुबह जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने जेल में संचालित प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों ही अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक संचालन की भी जांच की। निरीक्षण के लिए जिला कारागार पहुंचे जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। दोनों ही अधिकारियों ने भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार के कैदियों की बैरिको सहित चप्पे-चप्पे में सघन चेकिंग अभियान चलाया इसके अन्तर्गत कैदियों की अनैतिक गतिविधियों, अवैध वस्तुओं व मोबाइल आदि की उपलब्धता के सम्बन्ध में गहनता से जांच पड़ताल की गई। इसके साथ ही जेल की स्वच्छता, कैदियों को उपलब्ध सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं का भी अवलोकन किया। दोनो ही अधिकारियों ने बंदियों की समस्याओं को सुना और जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि जेल में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तरह के औचक निरीक्षण प्रशासनिक पारदर्शिता और सुशासन बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला कारागार की आकस्मिक चेकिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में वृताधिकारी वृत्त धौलपुर कृष्ण राज जांगिड सहित कोतवाली, निहालगंज, सदर धौलपुर, दिहोली, मनियां, कंचनपुर, सैंपऊ, बाड़ी सदर पुलिस थानों का जाप्ता सहित भारी संख्या में पुलिस बल भी जिला कारागार पर उपस्थित रहें। जिला कारागार के निरीक्षण करने के साथ ही जिला कारागार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

# बैराड़ के बमनपुरा में रात के अंधेरे में पहाड़ी का सीना चीर रहे माफिया, प्रशासन तत्परता से दे ध्यान

## जेसीबी से अवैध उत्खनन, सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी-मुरम निकालकर खपाई जा रही है अवैध कॉलोनियों में



**प्रिंस प्रजापति, बैराड़।** बैराड़ तहसील के बमनपुरा गांव की सर्वे नंबर 237 में स्थित शासकीय पहाडिया से बैराड़ नगर में अवैध कालोनी काटने में उपयोग करने के लिए रातों रात सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी पत्थर का खनन कर शासकीय संपत्ति को खुर्द बुर्द किया जा रहा है। बमनपुरा गांव के रास्ते की पहाडिया को बैराड तहसील के अंतर्गत खनन माफियाओं द्वारा एक गैंग बनाकर ठेके पर जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर उपलब्ध कराकर खुलेआम उत्खनन करने में लगे हुए हैं। इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासनिक अमले को होने के बाद भी मूक दर्शक बने देख रहे हैं। जबकि अवैध उत्खनन के हौंसले इतने बुलंद हैं कि प्रशासन की नाक के नीचे उक्त पहाडियों को खोदने में लगे हुए हैं। जाकर अतिक्रमण कारियों एवं अवैध कॉलोनी निर्माण कर्ता को मुरम एवं बोल्डर उपलब्ध कराए जाते हैं। उक्त लोगों द्वारा रात्रि में जब प्रशासन के अधिकारी एवं नगर वासी सोते है तव इनका यह कार्य शुरू होता है। बीते रोज उक्त पहाडयिा से रात्रि में 10 बजे के बाद सैकड़ों ट्रॉली मटेरियल खुदाई कर मोहना पोहरी रोड से श्रीराम पेट्रोल पंप के पीछे काटी जा रही अवैध कॉलोनी की रोड़ निर्माण में प्रयुक्त करने की सूचना पर तहसीलदार रात्रि में ही उक्त उत्खनन रोकने गए इससे पूर्व ही सूचना मिलने पर खनन माफिया भाग गए। नागरिकों ने कहा है कि करैरा तहसील की तरह शासन की लाखों की राजस्व की क्षति रोकने के लिए करवाई किया जाना आवश्यक है। सरकारी संपत्ति की इस तरह से लूट और प्रकृति के साथ खिलवाड़ न केवल राजस्व की हानि है, बल्कि स्थानीय पारिस्थिति के लिए भी खतरा है। बैराड़ तहसील का बमनपुरा गाँव, सर्वे नंबर 237 (शासकीय पहाड़ी। रात के अंधेरे में जेसीबी और ट्रैक्टरों के जरिए मिट्टी, मुरम और पत्थरों का अवैध उत्खनन। अंकुश लगाने की मांग स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से की हैं।

**सडक़ निर्माण और भराव के लिए खोदी जा रही है पहाडिया :** बैराड़ नगर में सडक़ निर्माण और भराव के लिए सामग्री की आपूर्ति। तहसीलदार ने दबिश दी, लेकिन सूचना लीक होने के कारण माफिया भागने में सफल रहे। माफियाओं कार्य करने का तरीका यह स्पष्ट है कि यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं, बल्कि एक संगठित गैंग है। इनके काम करने का तरीका काफी शातिर है। जिसमें बताया तो यह भी गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के भाई एवं भतीजों ने इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। अवैध कॉलोनी निर्माताओं और उत्खनन करने वालों के बीच सीधा संपर्क। रात 10 बजे के बाद काम शुरू करना ताकि प्रशासन की नजरों से बचा जा सके। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही मशीनों का वहां से हट जाना संकेत देता है कि इनके मुखबिर काफी सक्रिय हैं। प्रशासनिक अमला छापेमारी कार्यवाही कर बचाया जा सकता है पहाडिया को प्रशासनिक अमला चाहे तो सिर्फ छापेमारी काफी नहीं है, इस पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन और नागरिकों को मिलकर काम करना होगा। चूंकि पहाडियां दुर्गम होती हैं और माफिया रात में सक्रिय होते हैं, इसलिए विजन वाले ड्रोन्स का उपयोग प्रभावी हो सकता है साथ ही उन रास्तों पर नाकेबंदी या गड्ढे किए जा सकते हैं जिनका उपयोग ट्रैक्टर-ट्रॉली सामग्री ले जाने के लिए करत हैं।

**विक्रेता और खरीददारों पर हो कार्रवाई:** तहसीलदार दृगपाल सिंह बैश ने कहा है, दोषियों की पहचान करना सबसे महत्वपूर्ण है। यदि नागरिकों के पास इन वाहनों के नंबर या संलिप्त लोगों के नाम हों, तो वे गोपनीय रूप से प्रशासन को सूचित कर सकते हैं। अवैध कॉलोनी काटने वालों पर नकेल कसी जा रही है, क्योंकि जब तक मांग रहेगी, अवैध आपूर्ति जारी रहेगी। जुर्माना और जब्ती तहसीलदार के बयान के अनुसार, जांच के बाद मशीनों को राजसात करना और भारी जुर्माना लगाना ही एकमात्र रास्ता है।

## सार संक्षिप्त

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुई समय-सीमा पत्रों की समीक्षा




**समय जगत, शहडोल ।** कलेक्टर केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 100 दिन से अधिक समय से लंबित कृषि विभाग, उद्यानिकी, राजस्व, स्वास्थ्य, सहित अन्य विभागों में लंबित शिकायतों पर अप्रसन्नता प्रकट की तथा विभागीय अधिकारियों को पुरानी शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रगति वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा, श्री गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मां कर्मा जयंती पर गढ़ा साहू समाज ने किया भव्य आयोजन



**समय जगत, जबलपुर ।** साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती पर दानवीर भामाशाह साहू समाज समिति गढ़ा द्वारा जयंती समारोह का भव्य आयोजन बड्डा दद्दा मैदान पुरवा गढ़ा में किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व महापौर प्रभात साहू, तेलघानी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रविकिरण साहू, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड मनीष मिश्रा आभा साहू, वीरेंद्र साहू, सीएसपी सतीश साहू, की उपस्थिति में किया गया। आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां कर्मा का पूजन आरती की गई तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने मां कर्मा जयंती की शुभकामनायें देते हुए माँ कर्मा के भक्ति मार्ग में चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के एड अर्जुन साहू, अध्यक्ष राहुल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जीतू साहू, विनोद साह, शेखर साहू राजेश साह, नीलकंठ साहू, अशोक साहू नयन साहू, अभिनंदन साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# कबाड़ चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे पिकअप वाहन सहित 5 क्विंटल कबाड़ जब्त

## पुलिस- प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही




**आनंद शर्मा -समय जगत, मनेंद्रगढ़।** थाना झगराखांड पुलिस ने कबाड़ चोरी करने वाले एक गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 5 क्विंटल अवैध लोहे का कबाड़, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है, तथा चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीसीएम कॉलोनी खोंगापानी निवासी राम नारायण मिश्रा (46 वर्ष) ने थाना झगराखांड में शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 मार्च 2026 की सुबह लगभग 5 बजे एसईसीएल की हल्दीबाड़ी भूमिगत खदान क्षेत्र से कुछ लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 ए 0498 में पुराना लोहे का टब, एंगल, ड्रिल रॉड, बोल्ट रॉड, गार्डर सहित अन्य कबाड़ चोरी कर ले जा रहे थे। इस दौरान सुरक्षा गार्डों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की। इसी दौरान खोंगापानी बीसीएम क्षेत्र के पास पिकअप वाहन कीचड़ में फंसा हुआ मिला। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसकी पहचान सरफराज खान (30 वर्ष), निवासी मौहारपारा मनेंद्रगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 27/26 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथियों छोटकू (34 वर्ष), विरन बसोर (26 वर्ष), कालीचरण बसोर (37 वर्ष) तथा भज्जन बसोर (26 वर्ष), सभी निवासी बसोरपारा लालपुर थाना मनेंद्रगढ़ के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का कबाड़, घटना में प्रयुक्त आरी-पाना तथा पिकअप वाहन जब्त कर लिया।

पूछताछ में पिकअप चालक सरफराज ने बताया कि चोरी किया गया कबाड़ मौहारपारा निवासी राजू को बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को 15 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

**मनेंद्रगढ़ अवैध कबाड़ कारोबार पर उठे सवाल :** क्षेत्र में अवैध कबाड़ के कारोबार को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चनवारीडांड क्षेत्र में लंबे समय से अवैध कबाड़ का कारोबार संचालित होने की चर्चा है। कुछ महीने पहले रेलवे पुलिस बल द्वारा चुनमुन कबाड़ दुकान पर बड़ी मात्रा में अवैध कबाड़ जब्त करते हुए कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके अवैध कबाड़ के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ द्वारा भी ऐसे ठिकानों पर नियमित दबिश दी जाए, ताकि अवैध कबाड़ के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक आर.एन. गुप्ता, चौकी प्रभारी खोंगापानी राकेश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सुखलाल खलखो, प्रधान आरक्षक शंभू यादव, घनश्याम राठौर तथा आरक्षक रवि शर्मा, विरेंद्र गुप्ता और कृष्णा दास की सराहनीय भूमिका रही।

# छात्राओं की एक्सपोज़र विजिट, प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण

**समय जगत, श्योपुर ।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर की छात्राओं की एक्सपोज़र विजिट रविवार को आयोजित की गई। छात्राओं को 15 मार्च की सुबह 7 बजे जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्राओं ने सीप नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण किया और पनवाड़ा माता मंदिर व नोनार मंदिर के दर्शन किए। इसके साथ ही उन्हें कुनो सेंचुरी के जंगल क्षेत्र में मिलने वाले औषधीय पौधों और प्राकृतिक संपदा के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राएं सीताबाड़ी पहुंचीं, जहां उन्होंने राम मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, लव-कुश मंदिर, सीता कुटी, वाल्मीकि मंदिर और कुंड सहित अन्य प्राचीन स्थलों के दर्शन कर उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। यात्रा का समापन जातखेड़ा माता मंदिर पर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने छात्राओं और शिक्षकों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य भरत सिंह जाट, हरीश कुमार शर्मा, नरेन्द्र गुप्ता, नोडल अधिकारी नवल मित्तल, दीगराज चारण, सुल्तान मीणा, रामस्वरूप माहौर, स्मिता दाधीच, गोमती शर्मा, सीमा राठौर, वंदना कुशवाहा, सुनीता नामा, द्रौपदी वर्मा, आईपी माहौर, राम बाबू चौरसिया, मुकेश राठौर, रामस्वरूप जाटव, टीसी माहौर तथा अजय श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# कंचनपुर में खनिज माफिया का खूनी खेल, गहरी खाइयां बन रहीं मवेशियों की कब्रगाह




**समय जगत, शहडोल।** जिला प्रशासन और खनिज विभाग की कुंभकर्णी नींद ने सोहागपुर तहसील के कंचनपुर को अवैध उत्खनन का डेथ जोन बना दिया है। संभागीय मुख्यालय से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित कंचनपुर में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर धरती का सीना छलनी किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिन खदानों की लीज खत्म हो चुकी है, वहां भी बेखौफ होकर पत्थरों का काला कारोबार फल-फूल रहा है, लेकिन अफसरों को अपनी खिड़की के बाहर फैला यह अंधेरगर्दी का साम्राज्य दिखाई नहीं दे रहा। कंचनपुर के खसरा नंबरों पर गौर करें तो भ्रष्टाचार और साठगांठ की एक डरावनी तस्वीर उभरती है। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, इस क्षेत्र में मुख्य रूप से चार खदानें स्वीकृत थी। प्राची स्टोन क्रेशर (रागनी सिंह)-खसरा नंबर 346/6, 348/3, 349/2, 344/1 (रकबा 1.237 हेक्टेयर), राकेश स्टोन क्रेशर (राकेश कुमार अग्रवाल)-खसरा नंबर 326/1/1, 326/2/2 (रकबा 1 हेक्टेयर), राकेश स्टोन क्रेशर (राकेश अग्रवाल)- खसरा नंबर 362 (रकबा 0.400 हेक्टेयर), त्रिपाठी स्टोन क्रेशर (प्रियम त्रिपाठी)- खसरा नंबर 370, 371/1 (रकबा 1.000 हेक्टेयर) वर्ष 2025 के ताजा आंकड़े बताते हैं कि इनमें से दो खदानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। नियमानुसार, लीज खत्म होते ही उत्खनन बंद हो जाना चाहिए था, लेकिन कंचनपुर में स्थिति इसके उलट है। यहां बंद हो चुकी खदानों में भी मशीनों की गूंज और धमाके रुकने का नाम नहीं ले रहे। आखिर किसकी शह पर इन अवैध खदानों से पत्थरों की चोरी की जा रही है?

इस पूरे खेल का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि कंचनपुर की इन अवैध और अनियंत्रित खदानों के ठीक बगल से रिलायंस की हाई-प्रेशर गैस पाइपलाइन गुजर रही है। खदानों में अवैध रूप से की जा रही भारी ब्लास्टिंग (विस्फोट) से न केवल जमीन कांप रही है, बल्कि पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अवैध खनन के लालच में डूबे माफिया और आंखें मूंदे बैठा प्रशासन शायद किसी बड़े धमाके का इंतजार कर रहा है। यदि ब्लास्टिंग की कंपन से पाइपलाइन में जरा भी रिसाव हुआ, तो कंचनपुर और आसपास के इलाके में ऐसी तबाही मचेगी जिसका जिम्मेदार कोई नहीं होगा।

सुरक्षा मानकों की बात करें तो कंचनपुर में नियम केवल कागजों तक सीमित हैं। खदानों को खोदकर सैकड़ों फीट गहरी खाइयों में तब्दील कर दिया गया है। कायदे से इन खदानों के चारों ओर फेंसिंग और सुरक्षा दीवार होनी चाहिए थी, लेकिन यहाँ मौत का खुला निमंत्रण दिया जा रहा है। चारागाहों के अभाव में भटकने वाले मवेशी अक्सर इन खाइयों में गिरकर दम तोड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन जानवर इन गड्ढों में गिरकर मर जाते हैं, लेकिन रसूखदार माफिया के डर से कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। हैरानी की बात यह है कि संभागीय मुख्यालय से सटा होने के बावजूद खनिज विभाग के उडऩदस्ते को कंचनपुर का रास्ता नहीं मिलता। क्या विभाग के अधिकारियों को भारी मशीनों की आवाज सुनाई नहीं देती या फिर महीने की सेटिंग ने अफसरों के कान और आंख दोनों बंद कर दिए हैं? अवैध ब्लास्टिंग से पूरा इलाका धूल और शोर के आगोश में है, पर्यावरण की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, पर कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती है।

# क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का बढ़ रहा है आतंक

## नाबालिग लड़की को उठा ले जाने की मिली धमकी, सख्त पुलिस कार्यवाही की है दरकार




**सुनील शर्मा - समय जगत, मधुसूदनगढ़।** शहरों से निकलकर गुण्डा गैंग कल्चर छोटे छोटे कस्बों में अपने मजबूत पैर जमा रहा है। यह गैंग कमजोर होने के बजाय लगातार अपना नेटवर्क फैला रहा है। उन्हें ना तो अपने परिवार का डर है ना कानून का एक पिता को झगड़े में बीच बचाव करना तब भारी पड़ गया जब आरोपी ने उसकी नाबालिग लड़की को उठाने की धमकी दे दी। अब पिता लगा रहा है कि पुलिस से गुहार की तो कोई घटना कारित ना हो जाय। ऐसा ही एक मामला सामने आया है कस्बे में। गत रात एक किराने की दुकान संचालक के साथ अरुण शर्मा और बिट्टू राजपूत ने गाली गलौज झूमा झटकी मारपीट की। साथ ही दुकान में लूटपाट करते हुए समान उठा उठा के बाहर फेंक दिया। आवेदक अवधेश राठौर ने बताया कि मेरी सुठालिया रोड पर किराने की दुकान है, मैं दुकान पर बैठा था तभी अरुण शर्मा और बिट्टू राजपूत आए और मुझसे शराब के लिए पैसे मांगे तो मैंने पैसे दे दिए। थोड़ी देर बाद वापस आए और कहा कि सिगरेट और दे दे तो मैंने मना कर दिया। मैंने कहा कि पहले ही पैसे ज्यादा हो गए हैं अब उधार नहीं दूंगा। तभी अरुण शर्मा आया और मेरी गर्दन से झूम गया और कहा सिगरेट तो तेरे बाप को देना पड़ेगी नहीं तो दुकान नहीं चलेगी। उसके बाद बिट्टू राजपूत ने मेरे ग्राहकों को वहां से भगा दिया और बोला यहां से कोई सामान नहीं बिकेगा। उसके बाद अरुण शर्मा ने और बिट्टू राजपूत ने मुझे गालियां बकी जान से मारने की धमकी दी ओर मेरी दुकान का सामान बाहर फेंक दिया। उस समय मेरी दुकान में मेरे पड़ोसी सुशील शर्मा बैठे थे उन्होंने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी गाली गलौज करते हुए गर्दन से झूमा झटकी की। सुशील शर्मा ने भी पुलिस में एक आवेदन अलग से दिया है। सुशील शर्मा ने कहा कि मेरे द्वारा झगड़े में बीच बचाव करने से नाराज होकर अरुण शर्मा ने गाली गलौज करते हुए मेरी गर्दन दबाई और कहा कि तेरी लड़की स्कूल और ट्यूशन जाती है, मैं उसे देख लूंगा उसे उठा ले जाऊंगा तू उसे बचा लेना। सुशील शर्मा ने कहा में सरकारी कर्मचारी हूं। अक्सर घर से बाहर रहता हूं, पत्नी बच्चे अकेले रहते हैं, मुझे अलग गांव गांव जाना पड़ता है। मेरी अनुपस्थिति में अगर मेरे परिवार के साथ कोई घटना होती है तो उसका जिम्मेदार अरुण शर्मा होगा। फिलहाल पुलिस में आवेदन दे दिया है पर दोनों आवेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इस मामले में थाना प्रभारी संदीप यादव ने कहा है कि आवेदन आए हैं तो जानकारी लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# ग्राम जोबा व बड़वार में धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की 92वीं जयंती



**मैहर।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिला कमेटी मैहर के संयुक्त तत्वावधान में बहुजन समाज के मसीहा, बामसेफ, डी.एस.-4 एवं बसपा के संस्थापक बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती तथा आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के 6वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम जोबा एवं ग्राम बड़वार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम जोबा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव सिद्धार्थ नालंदा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भीम आर्मी मैहर जिला संयोजक एडवोकेट विक्रम सूर्यवंशी एवं असपा (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र अहिरवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाश वर्मा (वरिष्ठ समाजसेवी) ने की, जबकि संचालन असपा (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष प्रदीप सूर्यवंशी द्वारा किया गया। वहीं ग्राम बड़वार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवा साकेत ने की तथा संचालन छात्रसंघ उपाध्यक्ष रामप्रकाश कोल ने किया। मुख्य अतिथि *सिद्धार्थ नालंदा* ने अपने संबोधन में कहा कि बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब ने बहुजन समाज में राजनीतिक चेतना जागृत कर विभिन्न जातियों में बिखरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अधूरे आंदोलन को पूरे देश में पुनर्जीवित किया और महात्मा फूले, शाहूजी महाराज तथा बाबासाहेब के मिशन को आगे बढ़ाते हुए कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल यात्राएं कर सोई हुई कौम को जगाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम साहब ने बहुजन समाज के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और विशेषकर राजनीतिक उत्थान के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। दबे-कुचले, वंचित, शोषित और गरीबों को उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए उन्होंने अपना घर-परिवार और नौकरी तक त्यागकर जीवन भर संघर्ष किया। सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के इस आंदोलन को उन्होंने नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। *एड. विक्रम सूर्यवंशी* ने अपने संबोधन में कहा कि केवल जयंती मनाने से समाज में परिवर्तन नहीं आएगा, बल्कि बहुजन महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना भी आवश्यक है। समाज परिवर्तन के लिए नशामुक्त समाज का निर्माण, शिक्षा का प्रसार, समानता, भाईचारा और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना जरूरी है। इस दौरान *राघवेंद्र अहिरवार* ने पढ़े-लिखे युवाओं से भीम आर्मी से जुड़कर समाज के लिए कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में आशीष वर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

### पुलिस ने 3 नाबालिग आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओखला इलाके में एक 8 साल की बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में 14 मार्च को एक पीसीआर कॉल आई थी। कॉल में एक आठ वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ तीन नाबालिग लड़कों द्वारा कथित यौन उत्पीड़न की सूचना दी गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक जांच के दौरान पीड़िता को उसकी मां और एक महिला कांस्टेबल के साथ चिकित्सा परीक्षण के लिए एम्स अस्पताल भेजा गया। वहां बच्ची का बयान दर्ज किया गया। अपने बयान में बच्ची ने आरोप लगाया कि तीन लड़कों ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया। पीड़ित बच्ची के बयान के आधार पर ओखला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने तीनों नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस पकड़े गए नाबालिगों से पूछताछ कर रही है और घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

### चिन्मय मिशन के अमृत महोत्सव पर 108 कुण्डीय हनुमान चालीसा यज्ञ संपन्न

गाजियाबाद। चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अमृत महोत्सव के तहत कविनगर स्थित रामलीला मैदान में 108 कुण्डीय हनुमान चालीसा यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूज्य स्वामी शारदानंद सरस्वती के निर्देशन में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में बारिश के कारण कुछ समय के लिए व्यवधान आया, लेकिन उपस्थित हनुमान भक्तों की श्रद्धा और धैर्य के आगे मौसम भी अनुकूल हो गया। इसके बाद 21 बार हनुमान चालीसा के पाठ के साथ यज्ञ की आहुतियां समष्टि कल्याण की कामना के साथ अर्पित की गईं। यज्ञ के मुख्य यजमान कृष्णावतार गर्ग रहे, जिन्होंने मंच पर स्वामी शारदानंद सरस्वती के निर्देशन में विधिवत यज्ञ संपन्न कराया। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, ललित जायसवाल, संत नवनीत प्रिय दास, वेदप्रकाश बंसल, योगेश कंसल और विजय मित्तल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धापूर्वक आहुति अर्पित की। आयोजन चिन्मय मिशन की ब्रह्मचारिणी प्रणति चैतन्य के मार्गदर्शन और संस्थान के सेवकों के सहयोग से जपें हनुमान बनें गुणवान के संदेश को समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया।

### ड्राइवरलेस तकनीक में दिल्ली मेट्रो का विश्वभर में बज रहा है डंका



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो ने चालक रहित (ड्राइवरलेस) मेट्रो नेटवर्क के मामले में वैश्विक स्तर पर अपना दबदबा कायम कर लिया है। पिंक और मजेंटा लाइन के विस्तार के साथ दिल्ली मेट्रो अब दुनिया के सबसे बड़े चालक रहित मेट्रो प्रणालियों में शुमार हो गई है। भविष्य की जरूरतों और फेज-4 की चुनौतियों को देखते हुए डीएमआरसी ने 52 नई ट्रेनों की खरीद का खाका तैयार किया है। दुनिया में सऊदी अरब की रियाद मेट्रो सबसे लंबे पूर्णत: चालक रहित नेटवर्क के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। तकनीकी श्रेष्ठता के मामले में दिल्ली मेट्रो ने लंदन और पेरिस जैसे शहरों के नेटवर्क को कड़ी टक्कर दी है। पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से मौजपुर-बबरपुर और शिव विहार तक का 71.55 किमी का कॉरिडो और मजेंटा लाइन पर कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से बॉटनिकल गार्डन तक का 49.19 किमी का हिस्सा अत्याधुनिक ऑटोमेशन का उदाहरण है। कुल 120 किमी से अधिक का यह नेटवर्क पूरी तरह से संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली पर आधारित है। वर्तमान में इन दो लाइनों पर 80 ट्रेनें बिना ड्राइवर के दौड़ने की क्षमता रखती हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या और नए रूटों को संभालने के लिए कुल 52 नई ट्रेनें खरीदी जा रही हैं। इनमें से 18 ट्रेनें पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं और जल्द बेड़े में शामिल कर ली जाएंगी। ये ट्रेनें पूरी तरह से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगी और इनमें भी ड्राइवरलेस तकनीक की क्षमता होगी। पिंक और मजेंटा लाइन पर चल रही ड्राइवरलेस तकनीक को अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) कहा जाता है। इसमें ट्रेन का नियंत्रण पूरी तरह से कमांड सेंटर के हाथ में होता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में भी त्वरित प्रतिक्रिया संभव होती है। दिल्ली मेट्रो ने वर्ष 2025 के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आंकड़ों के अनुसार 2025 के दौरान कुल 235.80 करोड़ यात्रियों ने सफर किया। डीएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली मेट्रो ने वर्ष 2020 से 2022 के बीच कोविड-19 महामारी के कारण लगे झटकों को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है। 2024 में जहां यात्रियों की संख्या 228.35 करोड़ (223.5 करोड़ लगभग) थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 235.80 करोड़ पर पहुंच गया है। दैनिक औसत 2024 में प्रतिदिन औसतन 62.39 लाख लोग मेट्रो का उपयोग कर रहे थे, वहीं 2025 में बढ़कर 64.60 लाख प्रतिदिन हो गया।

### कोरियाई कलाकार ने मोहा लोगों का मन

गुरुग्राम। सेक्टर-28 स्थित कैमरा म्यूजियो में दक्षिण कोरिया की कलाकार जोंग की एकल पेंटिंग प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जोंग ने हरे और हल्के रंगों से खूबसूरत प्रकृति चित्रण कर आंखों को सुकून देने वाला दृश्य बनाया है। इसमें जोंग ने मिनिएचर और कैनवास पर बड़े चित्र भी बनाए हैं। जोंग ने परंपरागत कोरियाई कला मिन्हवा के चित्र भी इस प्रदर्शनी में शामिल किए हैं। यह कला कोरिया के जोशन राजघराने द्वारा विकसित की गई थी।

# उद्योग और कौशल पर दिया जा रहा है जोर

## विकसित भारत निर्माण में हरियाणा की रहेगी अग्रणी भूमिका: नायब सिंह



**समय जगत, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि 2047 के विकसित भारत में हरियाणा की अग्रणी भूमिका रहेगी. इसके लिए हरियाणा निरंतर प्रयास कर रहा है. उन्होंने विकसित भारत का लक्ष्य देने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया.मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार और गरीब उत्थान के चार स्तंभों पर काम करने क आह्वान किया है. उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार इन सभी पर तेजी से कार्य कर रही है. आज हरियाणा का किसान पारंपरिक खेती के साथ-साथ प्राकृतिक खेती, बागवानी में बेहतर कार्य कर रही है. राज्य में लीची, अमरूद, किन्नू और स्ट्रॉबेरी के लिए चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा और किसानों तथा युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है. आज महिलाएं कृषि, हैल्थ, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में भरपूर योगदान दे रही हैं. प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए स्टार्टअप नीति बनाई है. गरीब उत्थान के लिए मजबूती से कार्य किया जा रहा है. आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, पीएम जनधन खाता योजना, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने फ्यूचर डिपार्टमेंट बनाया है. इसका मकसद है कि आने वाले समय में लंबे समय को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाए ताकि लोगों को कोई परेशानी न आए. हर क्षेत्र में व्यवस्थित विकास सुनिश्चित हो सके. इसी सोच के साथ हरियाणा सरकार विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं को शोध के लिए प्रोत्साहित कर रही है ताकि विश्वविद्यालयों के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में शोध कर सकें और यह पहचान सकें कि किन-किन क्षेत्रों में क्या समस्याएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में भारत एआई, अनुसंधान और विकास को अपना रहा है. ह्याल ही में आयोजित एआई समिट में भी दुनिया भर से विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भारत आए और उन्होंने तकनीक के भविष्य को लेकर अपने विचार साझा किए. इसी दिशा में हरियाणा सरकार भी आगे बढ़ रही है. पिछले बजट में यह घोषणा की गई थी कि पंचकूला और गुरुग्राम में दो स्थानों पर एआई हब स्थापित किए जाएंगे. इस दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में चंडीगढ़ में भी एक एआई समिट आयोजित की गई, जिसमें इस क्षेत्र से जुड़े अनेक विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने भाग लिया. एआई हब के लिए अनेक कंपनियों ने रुचि दिखाते हुए प्रस्ताव भी दिए हैं. सरकार का उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों से जोड़ना और उन्हें इस क्षेत्र में कुशल बनाना है, ताकि भविष्य में एआई के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकें। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा की सबसे बड़ी ताकत उसकी मजबूत कनेक्टिविटी है. राज्य में फोर-लेन सड़कें, एक्सप्रेसवे, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, रेलवे और हवाई कनेक्टिविटी तेजी से विकसित हो रही है. इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का हिस्सा होने के कारण हरियाणा को अतिरिक्त लाभ मिलता है। पिछले बजट में सरकार ने 10 इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करने की घोषणा की थी. इनमें से लगभग छह पर तेजी से काम शुरू हो चुका है, जबकि बाकी चार पर भी जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा. इन टाउनशिप का उद्देश्य उद्योगों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना है, ताकि अधिक से अधिक कंपनियां हरियाणा में निवेश कर सकें. सरकार ने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अपनी औद्योगिक नीतियों को भी मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी और सेमीकंडक्टर नीति पर भी काम किया जा रहा है, ताकि हाई-टेक उद्योगों को हरियाणा में स्थापित होने के लिए बेहतर अवसर मिल सकें. रोजगार के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन को लेकर लगातार काम कर रही है।

### हरियाणा के युवाओं ने क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिता में जीते 33 पदक

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के युवाओं ने दक्षता और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए आगरा में आयोजित क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिता में 33 पदक जीते हैं। इनमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में राज्य के युवाओं ने कुल 63 कौशलों में से 49 कौशलों में भागीदारी की और 33 कौशलों में पदक जीतकर अपनी तकनीकी दक्षता, समर्पण और मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिता के विजेता अब प्रतिष्ठित इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जहां देशभर के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी अपने अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आयोजित वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे वे वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रोत्साहन राशि भी घोषित की हैं। इसके तहत राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को पांच लाख रुपये तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इससे कौशल प्रतियोगिताओं में युवाओं की भागीदारी को और बढ़ावा मिलेगा। समापन समारोह में केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की भी यात्रा होगी आसान

## हरियाणा में विद्यार्थियों व महिलाओं के लिए सुदृढ़ होगी परिवहन सेवा




**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा में जल्द ही आमजन के लिए सभी जिला मुख्यालयों पर सिटी बस सेवा शुरू होगी। वर्तमान में पानीपत, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, करनाल, सोनीपत, रेवाड़ी, रोहतक, हिसार और गुरुग्राम सहित 12 प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक सिटी बसें चल रही हैं। परिवहन विभाग ने 11 अन्य जिला मुख्यालयों पर भी सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, अब दूसरे राज्यों में स्थित धार्मिक स्थलों के लिए इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने की तैयारी है, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा आरामदायक बनेगी। चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम से कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार, अमृतसर जैसे मुख्य धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए परिवहन विभाग 50 नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगा। इसके अलावा विद्यार्थियों को बेहतर यातायात सुविधाएं देने के लिए एक हजार नई बसों की खरीद की योजना है। महिला यात्रियों व छात्राओं के लिए समर्पित 273 बसों को लगभग दोगुना करते हुए 500 किया जाएगा। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों की नौकरियों की भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा के लिए वेब पोर्टल बनाया जाएगा। पोर्टल के माध्यम से परीक्षार्थी हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। प्रदेश सरकार ने छोटे शहरों में भी अत्याधुनिक सुविधाओं वाले बस अड्डे बनाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में महेंद्रगढ़ के कनीना, जींद के नरवाना, सोनीपत के गन्नौर एवं कलायत में नए बस अड्डों का निर्माण किया जाएगा। सड़क सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए केंद्रीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। वर्ष 2030 तक राज्य को प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य लेकर चल रही प्रदेश सरकार ने पुराने और अनफिट वाहनों को हटाकर सर्कुलर इकानमी को बढ़ावा देने पर फोकस किया है। इसी क्रम में नए वित्तीय वर्ष में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करते हुए कंडम हो चुके 26 हजार 500 वाहनों को नष्ट किया जाएगा। इनमें 11 हजार 500 सरकारी गाड़ियां तथा 15 हजार निजी वाहन शामिल हैं। पिछले साल भी 25 हजार 800 से अधिक पुराने वाहन स्क्रैप किए गए थे, जिनमें 11 हजार 351 सरकारी तथा 14 हजार 487 निजी वाहन हैं। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए चालकों को बेहतर प्रशिक्षण पर जोर रहेगा। नूंह, फरीदाबाद, अंबाला और गुरुग्राम में दिसंबर तक चालक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थानों का निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। प्रत्येक जिले में एक स्वचालित परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसी तरह रोहतक में चल रहे परीक्षण और प्रमाणन केंद्र को स्वचालित परीक्षण केंद्र में अपग्रेड किया जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए दोपहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा के लिए मौजूदा मोटर वाहन कर में दी जा रही मौजूदा 20 प्रतिशत की छूट और बढ़ाया जाएगा। इतना ही नहीं, महिलाओं के नाम पर पंजीकृत गैर-परिवहन वाहनों को मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। सभी सार्वजनिक सेवा वाहनों में ट्रैकिंग उपकरण लगाए जाएंगे।

## दिल्ली में रसोई गैस को लेकर शुरू हुआ आरोप-प्रत्यारोप का दौर



**नई दिल्ली।** राजधानी में एलपीजी गैस की किल्लत से जहां आम लोगों की रसोई के चूल्हे ठंडे पड़ने लगे हैं, वहीं इस संकट ने सियासत की आंच तेज कर दी है। गैस की कमी, बढ़ती कालाबाजारी और लंबी कतारों को लेकर राजनीतिक दल आमने-सामने आ गए हैं। जनता रसोई गैस के लिए जूझ रही है, जबकि सत्ता और विपक्ष इस मुद्दे पर एक-दूसरे को घेरने में जुटे हैं। वहीं राजधानी में कई संगठनों ने गैस की किल्लत पर सरकार को घेरते हुए रैली भी निकाली। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि एलपीजी सिलिंडर की कमी से अटल कैंटीन, रैन बसेरों में रहने वाले गरीबों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। राजधानी में एलपीजी संकट और बढ़ती महंगाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गैस सिलिंडर लेकर यात्रा निकालकर केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्टी ने दावा किया कि यह शोभा यात्रा राजधानी के करीब 250 वार्डों में निकाली गई। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि देश में गैस सिलिंडर की किल्लत और लंबी कतारों की स्थिति सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है। त्रिलोकपुरी में आयोजित शोभा यात्रा के दौरान विधायक कुलदीप कुमार ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि एलपीजी सिलिंडर की कालाबाजारी बढ़ गई है।

## हरियाणा में लोक अदालत ने निपटाए पांच लाख 73 हजार मामले




**पंचकूला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शनिवार को वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब पांच लाख 73 हजार मामले निपटाते हुए पीड़ितों को 172 करोड़ 63 लाख रुपये की सहायता दिलाई गई। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिबल के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पूरे हरियाणा में आयोजित लोक अदालतों की निगरानी की। लोक अदालत के लिए विभिन्न न्यायालयों में कुल 177 बेंचों का गठन किया गया, जिनमें प्री-लिटिगेशन तथा लंबित मामलों दोनों को लिया गया। इन मामलों में सिविल विवाद, वैवाहिक मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, बैंक रिकवरी वाद, चेक बाउंस मामले, ट्रैफिक चालान, समझौता योग्य आपराधिक मामले तथा स्थायी लोक अदालत (पब्लिक यूटिलिटी सर्विसेज) के समक्ष लंबित मामले शामिल थे। इस दौरान पारिवारिक विवादों के समाधान में मध्यस्थता की प्रभावी भूमिका का एक सकारात्मक उदाहरण भी सामने आया। पति-पत्नी के बीच चल रहे एक वैवाहिक मामले का सौहार्दपूर्ण निपटारा पंचकूला स्थित फैमिली कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश रेखा की अदालत में हुआ। यह दंपती वर्ष 2013 में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह बंधन में बंधा था और उनकी दो बेटियां हैं। समय के साथ आपसी गलतफहमियों और संवाद की कमी के कारण वैवाहिक संबंधों में मतभेद उत्पन्न हो गए, जिसके चलते दोनों पक्षों ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 के तहत फैमिली कोर्ट में याचिका दायर की।

## जीटीबी-कैंसर इंस्टीट्यूट और राजीव गांधी अस्पताल का होगा एकीकरण




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी), दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) और राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) को एकीकृत कर एम्स की तर्ज पर एक स्वायत्त चिकित्सा संस्थान बनाने की घोषणा की है। साथ ही इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को भविष्य में निमहंस-2 के रूप में विकसित करने की योजना पर भी काम शुरू किया जाएगा। सरकार की ओर से कहा गया है कि वे दिल्ली को चिकित्सा का बड़ा केंद्र बनाना है। सचिवालय में हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की इस विषय पर चर्चा हुई थी। इसमें दिल्ली के प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों को एकीकृत कर एक मजबूत और आधुनिक स्वास्थ्य व्यवस्था बनाने के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का वैज्ञानिक और प्रभावी उपयोग जरूरी है। इसके लिए अलग-अलग संस्थानों के एकीकरण से डॉक्टरों, विशेषज्ञों, उपकरणों और बुनियादी ढांचे का बेहतर उपयोग हो सकेगा। बैठक में अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तरों की स्थिति और मरीजों के बढ़ते दबाव पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अस्पतालों में मरीजों का दबाव बहुत अधिक है, जबकि कुछ अस्पतालों की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कुल 650 बेड की क्षमता है, लेकिन वर्तमान में करीब 250 बेड ही उपयोग में हैं और करीब 400 बेड खाली हैं। दूसरी ओर जीटीबी अस्पताल में मरीजों की संख्या काफी अधिक है। यहां करीब 1400 बेड की मूल क्षमता के मुकाबले 1500 से अधिक बेड का उपयोग किया जा रहा है। मरीजों के आंकड़ों के मुताबिक जीटीबी अस्पताल की ओपीडी में हर साल करीब 14 लाख से अधिक मरीज आते हैं और करीब 95 हजार मरीज आईपीडी सेवाएं लेते हैं। वहीं दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में करीब 1.27 लाख ओपीडी मरीज आते हैं और राजीव गांधी अस्पताल में करीब 2.87 लाख ओपीडी मरीज दर्ज किए गए हैं। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जीटीबी अस्पताल पर मरीजों का दबाव ज्यादा है, जबकि अन्य अस्पतालों की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि तीनों अस्पतालों के एकीकरण के बाद विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का सुव्यवस्थित वितरण किया जाएगा। प्रस्ताव के मुताबिक राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, गैस्ट्रो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, रूमेटोलॉजी और क्लीनिकल हेमेटोलॉजी जैसी सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट को कैंसर उपचार का प्रमुख केंद्र बनाया जाएगा, जहां रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, पेलिएटिव केयर और रेडियो इमेजिंग जैसी सेवाओं को एकीकृत किया जाएगा। वहीं गुरु तेग बहादुर अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, इंटरनल मेडिसिन, ईएनटी, जनरल सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, एंडोक्रिनोलॉजी और नेत्र रोग जैसे विभागों को और मजबूत किया जाएगा। बैठक में तय किया कि कई अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण मौजूद हैं, लेकिन विशेषज्ञ स्टाफ की कमी और संसाधनों के बिखरे होने के कारण उनका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। उदाहरण के लिए राजीव गांधी अस्पताल में उन्नत ब्रोंकोस्कोपी सुविधा उपलब्ध है, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडियोथेरेपी के लिए लीनियर एक्सीलेरेटर मौजूद है, राजीव गांधी अस्पताल में कैथ लैब और इको लैब हैं, जबकि जीटीबी अस्पताल में बोन बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।